RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 187
फरीदाबाद, रविवार, 14 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों से लौटे भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की

पेज - 11


ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com


**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग के आरोपी चार कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने आतंकी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार बिट्टा कराटे की पत्नी असबाह-उल-अर्जमंद खान सहित चार लोगों को सरकारी नौकरी से निकाल दिया है। सभी पर आतंकियों के साथ संबंध रखने का आरोप है। बर्खास्त किए कर्मचारियों में बिट्टा की पत्नी के अलावा साइंटिस्ट मुहीत अहमद भट, कश्मीर विश्वविद्यालय में सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर माजिद हुसैन कादरी और पाकिस्तान से संचालित हिजबुल मुजाहिदीन के चीफ सैयद सलाहुद्दीन का बेटा सैयद अब्दुल मुईद भी शामिल है। वह आईटी, जेकेईडी में मैनेजर था। चारों को आर्टिकल 311 को लागू करके हटाया गया है। इसमें सरकार को बिना किसी जांच के अपने कर्मचारी को नौकरी से निकालने की पावर है।

## एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा दुनिया का सबसे बड़ा ब्रिज तैयार

**एजेंसी।** जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर में बन रहे दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल की ओवरआर्च का काम पूरा हो गया। शनिवार को पुल का गोल्डन जॉइंट (आखिरी जोड़) लगाया गया। इसके बाद पुल बनाने का 98 फीसद काम पूरा हो गया है। मौके पर वर्कर्स ने तिरंगा फहराया और आतिशबाजी भी की। ब्रिज का निर्माण कोंकण रेलवे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत हुआ है। प्रोजेक्ट की लागत लगभग 28000 करोड़ रुपये है।

कोंकण रेलवे के चेयरमैन और एमडी संजय गुप्ता ने कहा कि इस ब्रिज को बनाने में लंबा समय लगा है। खराब मौसम, सर्दी, ऊंचाई इसे बनाने में बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पुल का निर्माण मुंबई स्थित बुनियादी ढांचा प्रमुख की ओर से किया गया है। गोल्डन जॉइंट सिविल इंजीनियर्स की ओर से दिया गया एक टर्म है। गोल्डन जॉइंट वह जॉइंट है, जिसमें किसी नए पाइपिंग कंपोनेंट की वेल्डिंग मौजूदा लाइन से कर दी जाती है। गोल्डन जॉइंट के जरिए हाई स्ट्रेंथ फ्रिक्शन ग्रिप बोल्ट की मदद से ब्रिज और ब्रिज ओवरआर्क डेक के दो हिस्सों को जोड़ दिया जाएगा। इसका मतलब यह नहीं है कि जॉइंट की वेल्डिंग सोने से होगी। उप प्रबंध निदेशक गिरिधर राजगोपालन ने कहा, हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि गोल्डन जॉइंट के खत्म होने के बाद पुल का काम लगभग 98 प्रतिशत पूरा हो जाएगा।



### इस साल दिसंबर तक जनता को सौंप दिया जाएगा

**दुनिया** का सबसे ऊंचा सिंगल-आर्च रेलवे ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बनाया गया है। 1.3 किमी लंबे रेल ब्रिज की नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। यह 324 मीटर ऊंचे एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा है। ब्रिज 17 केबल्स पर टिका है। इस पुल पर आठ तीव्रता वाले भूकंप का असर नहीं होगा। यह 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा को सह सकता है। अब 111 किमी लंबे कटरा और बनिहाल मार्ग पर रेल ब्रिज बनने से कश्मीर रेलमार्ग के जरिए देश से जुड़ जाएगा। अभी बनिहाल और बारामूला के बीच रेल है, पर कटरा-बनिहाल के बीच नहीं है। माना जा रहा है कि इस साल दिसंबर तक इसे जनता को सौंप दिया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने नोएडा सीपी पर 11 करोड़ मानहानि का दावा ठोका

**एजेंसी।** नोएडा

**श्रीकांत** त्यागी मामले में समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार पर मानहानि का दावा किया है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर को 11 करोड़ 50 लाख का मानहानि का नोटिस भी भेजा है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने पुलिस कमिश्नर पर श्रीकांत त्यागी मामले में लग रहे आरोपों की बिना जांच के बदनाम करने का आरोप लगाया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि कमिश्नर ने बिना जांच के उनका नाम लिया है। इस वजह से वह अब उन पर मानहानि का दावा करेंगे। हालांकि स्वामी प्रसाद मौर्य ने इसको लेकर भाजपा का साजिश का एक हिस्सा भी करार दिया है। श्रीकांत के साथ भाजपा नेताओं की फोटो को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा पर हमला बोला। मौर्य ने कहा, मैं श्रीकांत त्यागी को जानता हूं या नहीं, इससे पहले भाजपा बताए कि उनके नेताओं के साथ त्यागी की फोटो कैसे आई?

### हर घर तिरंगा अभियान पर नरसिंहानंद गिरि के बिगड़े बोले, तिरंगे का बहिष्कार करो

# 'तिरंगे का ऑर्डर सलाउद्दीन को देना एक बड़ा षड्यंत्र'

**एजेंसी।** गाजियाबाद

**जूना** अखाड़े के महामंडलेश्वर और गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने सरकार के हर घर तिरंगा अभियान का विरोध किया है। उन्होंने हिंदुओं से कहा, तिरंगे का बहिष्कार करो। हर हिंदू के घर पर हमेशा भगवा ध्वज होना चाहिए। एक बहुत बड़ा अभियान इस देश में चल रहा है, तिरंगे के नाम पर। ये अभियान भारत की सत्तारूढ़ पार्टी चलवा रही है। तिरंगे बनाने का सबसे बड़ा ऑर्डर बंगाल की एक कंपनी को दिया है, जिसका मालिक सलाउद्दीन है।



दुनिया के सबसे बड़े पाखंडी अगर कोई हैं तो वो हिंदू हैं। हिंदुओं के दलाल मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की बात करते हैं। चिल्ला चिल्लाकर कहते हैं कि हिंदुओं को मुसलमानों का आर्थिक बहिष्कार करना चाहिए और जब इनकी सरकार बन जाती है तो सरकारी ठेके भी उन्हीं को देते हैं। ये हिंदुओं के खिलाफ कितना बड़ा षड्यंत्र है। हिंदुओं बहिष्कार करो इस अभियान का। अगर जिंदा रहना है तो मुसलमानों को पैसे देने वाले इस अभियान का बहिष्कार करो। अगर अपने घर पर तिरंगा लगाना है तो कोई पुराना तिरंगा ढूंढो और लगाओ, लेकिन इस तरह से सलाउद्दीन को एक भी पैसा मत दो।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो हाल ही में सामने आया है।

### धोखेबाजों की बातों में मत फंसना

**इन** नेताओं को सबक सिखाओ कि ये तुम्हारे पैसे से मुसलमानों को अमीर बनाकर तुम्हारे बच्चों की हत्या का इंतजाम नहीं कर सकते। किसी भी मुसलमान के पास जब हिंदू का पैसा जाता है तो वो जिहाद के लिए जकात देता है और वही जकात तुम्हारे और तुम्हारे बच्चों के कत्ल के लिए काम आती है। इन धोखेबाजों की बातों में मत फंसना।

### चीन के स्पाइ शिप को श्रीलंकाई पोर्ट पर एंट्री


## युआन वांग 16-22 अगस्त तक हंबनटोटा में रहेगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के विरोध के बावजूद चीन का स्पाई शिप श्रीलंका के हंबनटोटा पहुंच गया है, जो पूरे छह दिन वहां डेरा डालेगा। युआन वांग-5 नाम के इस शिप से भारतीय नौसेना और इसरो की जासूसी का खतरा बढ़ गया है। चीन का यह स्पाइ शिप करीब 750 किमी दूर तक आसानी से निगरानी कर सकता है। हंबनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के कन्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर है। जासूसी के खतरे को देखते हुए ही भारत ने श्रीलंका से इस शिप को हंबनटोटा में एंट्री न देने को कहा था।

श्रीलंका के बंदरगाह मास्टर निर्मल पी सिल्वा का कहना है कि उन्हें 16 से 22 अगस्त तक हंबनटोटा में जहाज को बुलाने के लिए विदेश मंत्रालय की मंजूरी मिल गई है। विदेश मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सरकार ने यात्रा के लिए नए सिरे से अनुमति दी थी, ये उस समय की बात है जब श्रीलंका में लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर थे। जिसके बाद पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे देश छोड़कर भाग गए।

चीनी जासूसी शिप युआन वांग-5 को स्पेस और सैटेलाइट ट्रैकिंग में महारत हासिल है। चीन युआन वांग क्लास शिप के जरिए सैटेलाइट, रॉकेट और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यानी आइसीबीएम की लॉन्चिंग को ट्रैक करता है। अमेरिकी रक्षा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस शिप को पीएलए की स्ट्रैटजिक सपोर्ट फोर्स यानी एसएसएफ ऑपरेट करती है। एसएसएफ थिएटर कमांड लेवल का आर्गेनाइजेशन है। यह पीएल को स्पेस, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक, इंफॉर्मेशन, कम्युनिकेशन और साइकोलॉजिकल वारफेयर मिशन में मदद करती है। इससे पहले चीन ने 2022 में जब लॉन्ग मार्च 5बी रॉकेट लॉन्च किया था, तब यह शिप निगरानी मिशन पर निकला था। हाल ही में यह चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के पहले लैब मॉड्यूल की लॉन्चिंग की समुद्री निगरानी में भी शामिल था।



भारतीय नौसेना और इसरो को जासूसी का खतरा




पायनियर
हरियाणा, रविवार, 14 अगस्त, 2022



**शहर का तापमान**

- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर में रामकृष्ण मिशन के सचिव का प्रवचन : सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-28 स्थित श्रीरघुनाथ मंदिर में तिरंगा यात्राः सुबह 9 बजे।
- मथुरा रोड स्थित प्लाट नम्बर 10 में रक्तदान शिविरः सुबह 9 बजे।
- सेक्टर-15 स्थित विद्या मंदिर स्कूल के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमः सुबह 11.30 बजे।

## निवेश गुरु

**निवेश** जल्दी आम तौर पर कुछ लोग सिर्फ अपने कॅरियर में शुरू नहीं करते हैं। ऐसा लगता है कि अधिकांश लोग या तो बुढ़ापे के साथ जुड़ते हैं या जब वे अतिरिक्त धन अर्जित करना शुरू करते हैं। यह सबसे बड़ी गलतियों में से एक होता हैव्यक्तिगत वित्त निवेश के लाभ के बाद से (एकमुश्त या के माध्यम से सिप) अग्रिम में कुछ नकदी डालने के लिए विशाल और अच्छी तरह से लायक हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### आजादी का अमृत महोत्सव कल

**फरीदाबाद।** दयालबाग स्थित सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में 15 अगस्त को 75 वां स्वतंत्रता दिवस और आजादी का अमृत महोत्सव सुरेंद्र चंद्र, सूचना आयुक्त, केंद्रीय सूचना आयोग, मुख्य अतिथि की उपस्थिति में होगा। सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सत्येंद्र भड़ाना ने कहा कि भारतीय कानूनी सेवा के सुरेश चंद्र विद्यालय में 15 अगस्त को अतिथि होंगे। सुरेश चंद्रा ने केंद्रीय कानून सचिव, कानूनी अधिकारी, मध्यस्थ, ओएसडी के रूप में स्वर्गीय अरुण जेटली आदि के साथ काम किया। उन्होंने कानूनी मंचों पर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मुद्दों पर काम किया। उन्होंने कानूनी विशेषज्ञ, प्रशासक के अलावा अंतरराष्ट्रीय कानूनी गठबंधन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्विक न्यूज

### तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित वाहन चोर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दीपक, राहुल और श्याम उर्फ टेकचंद का नाम शामिल है। तीनों आरोपी पलवल शहर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी दीपक को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना आदर्श नगर के क्षेत्र से देसी कट्टे और जिन्दा राउंड सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियो के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अन्य दोनों आरोपियो को रेड कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया की आरोपी कम समय में अधिक पैसा कमाना चहाते थे। जिसके लिए मोटरसाइकिल चोरी करके बेचना चहाते थे। आरोपियों ने थाना सेक्टर-58 में 5 तथा आदर्श नगर में 2 चोरी की वारदातों को अंजाम दे रखा है। आरोपियो से चोरी की 7 वारदातों को सुलझाते हुए 7 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# बेखबर की खबर : तो मुखिया ने दानवों से लड़ने का... बड़े साहब को इनाम दिया है ?



वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**बुजुर्गों** ने इस नए शहर को बड़ी मेहनत के साथ बसाया था, लेकिन पिछले कुछ सालों के दौरान धनवान निगम के छोटे बड़े सिपाहियों ने बिल्डरों से मिलीभगत कर शहर की सूरत पूरी तरह बिगाड़ कर रख दी। सिपाहियों की मलाईखोरी के कारण आज जहां देखों वहीं शहर में दानव ही दानव (अवैध निर्माण) खड़े नजर आते हैं। दानवों के कारण शहर का बुरा हाल हो गया, वहीं लोगों को भी परेशानी हो रही है। ऐसे में बड़े साहब ने धनवान निगम का प्रभार सम्भालते ही शहर की दशा सुधारने का फैसला लिया। उन्होंने बिना डंडा घुमाए ही अतिक्रमण साफ कर दिया। जिसके बाद उन्होंने दानवों के खिलाफ भी लड़ाई का बिगल फूंक दिया। ऐसे में बिल्डर जनप्रतिनिधियों की शह पर दानवों को बचाने के लिए तरह तरह से रोड़ा अटकाते रहे। पिछले दिनों बड़े साहब के आदेश पर धनवान निगम के सिपाहियों ने कुछ दानवों को गिरा ही डाला। जिसके बाद एक बिल्डर के साथ अनहोनी हो गई। ऐसे में सभी बिल्डर बड़े साहब का तबादला करवाने के लिए हथकंडे अपनाने लगे। उन्हें उम्मीद थी कि उनके आका बड़े साहब का तबादला करवा देंगे। लेकिन कार्यशैली से खुश होकर सुबे के मुखिया ने धनवान निगम के साथ साथ उन्हें जिले का भी बड़ा साहब बना दिया।

### क्या ऐसे बनेगा सुंदर शहर




**शहर** को सुंदर बनाने और लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए सुबे के मुखिया ने सुंदर नगरी विभाग का गठन किया था। इन कामों की जिम्मेदारी सुंदर नगरी की एक देवी को दिया था, लेकिन सुंदर नगरी की देवी का ध्यान सिर्फ शहर के चौक चौराहों को सुंदर बनाने पर ही है। देवी ठीक ठाक सड़कों को उखाड़ कर नया बनवा रही है। जबकि शहर के अन्य हिस्सों की सड़के बुरी तरह टूट चुकी हैं। सड़कों पर बने गड्ढों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं तक हो रही हैं। सड़कों पर पहले से स्ट्रीट लाइटों के खंबे हैं, सिर्फ लाइटों की मरम्मत की जरूरत थी। लेकिन देवी ने लाइटों के साथ खंबे तक बदलवा दिये। जबकि शहर में ऐसे अनेक हिस्से हैं, जहां स्ट्रीट लाइट और खंबों के अभाव में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता है। शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। सीवर जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। लेकिन देवी को सिर्फ शहर के चौराहों को सुंदर बनाने की चिंता है।

### अब तेरा क्या होगा ...

**जिले** के बड़े साहब के तबादले के बाद वैसे तो शहर के लोगों को काफी दुख है। मधुभाषी और साफ छवि के कारण लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे, लेकिन उनके तबादले बाद सबसे ज्यादा परेशानी लाल संस्था के मुखिया को होने वाली है। संस्था के मुखिया ने पूर्व बड़े साहब को अंधेरे में रखकर कई तरह की मनमानिया जो की है। यहां तक कि उन्होंने दिव्यांगों के एक सेंटर को ही एक संस्था के हाथों सौंपने का करार बड़े साहब को अंधेरे में रखकर किया था। लेकिन अब जो बड़े साहब बने हैं, उन्हें सबकुछ पता है। क्योंकि ये बड़े साहब संस्था के मुखिया की कारगुजारियों से अपने पहले कार्यकाल में ही अच्छी तरह परिचित हो गए थे। सम्भव है कि संस्था के मुखिया द्वारा किए गए कामों की जांच भी अब करवाई जा सकती है।

# आंसुओं की धारा और पुष्प वर्षा कर दी शहीद को अंतिम विदाई

### राजनेताओं और आला अधिकारियों समेत सेना के पुष्पचक्र अर्पित किये

राजेश दास। फरीदाबाद





आतंकी हमले में शहीद हुए राइफलमैन मनोज भाटी को सैल्यूट कर अंतिम विदाई देते हुए मां सुनीता देवी, बहन आशा देवी व पत्नी कोमल। शहीद राइफलमैन मनोज भाटी की अंतिम यात्रा में उमड़े लोगों ने पार्थिव शरीर पर फूल बरसाएं।

**राजपूत** राइफल के शहीद मनोज भाटी का शाहजहांपुर के लघु सचिवालय में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उनके पार्थिव शरीर को सेना की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर अपनी राइफलों को झुका कर सलामी दी। वहीं उनके पिता बाबूलाल ने चिता को मुखाग्नि दी। शहीद मनोज भाटी के अंतिम दर्शन के लिए जिला फरीदाबाद, पलवल सहित अन्य पड़ोसी जिलों तथा दूसरे प्रांतों के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहीद मनोज भाटी अमर रहे भारत के बापू अमर रहे-भारत माता की जय-वंदे मातरम के नारों से पूरा फरीदाबाद गूंज उठा।

### अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

**शहीद** मनोज भाटी की अंतिम यात्रा राजकीय सम्मान के साथ बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक से शुरू की गई। उसके बाद चंदावली अटाली, दयालपुर छांयसा, मोठूका, अरवा होती हुई गांव शाहजहांपुर में पहुंची। जहां रास्ते में लाखों लोगों ने आंखों में आंसू लिए फूल बरसा कर उनकी अंतिम यात्रा के दर्शन किए और शहीद मनोज भाटी अमर रहे के नारों लगाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी। उनके पार्थिव शरीर के साथ आए राजपूत राइफल के प्लाटून कमांडर मेजर ओपी सिंह की टीम ने शहीद मनोज भाटी को मातमी धुन बजाकर नौ राइफलों के साथ नायक विनय कुमार के नेतृत्व में प्लाटून की टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी। प्लाटून की टुकड़ी में प्रदीप कुमार, जसविंदर कुमार, हरीश कुमार, सैयद अली मोहम्मद, रवि कुमार, महिपाल, नसीब अहमद शामिल थे। इसके अलावा नायक दशरथ की प्लाटून ने उनकी अंतिम यात्रा में सुरक्षा और उनकी रक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम यात्रा

**शहीद** के राजकीय सम्मान में जिला प्रशासन की तरफ से डीसी यशपाल यादव ने उन्हें पुष्पचक्र अर्पित किए। वहीं पुलिस की तरफ से डीसीपी कुशल पाल ने पुष्पचक्र अर्पित किए। शहीद मनोज के पार्थिव शरीर बल्लभगढ़ के अंबेडकर पर पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने उनके पार्थिव शरीर को रिसीव करके पूरे राजकीय सम्मान के साथ यात्रा शुरू करवाई। वहीं अंतिम दर्शन के लिए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा प्रदेश सरकार की तरफ से और केंद्र की तरफ से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उन्हें पुष्पचक्र अर्पित किए। इसके अलावा कांग्रेस के विपक्ष के नेता विधायक उदयभान सहित विधायक नयनपाल रावत, विधायक राजेश नागर, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक ललित नागर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि व पुष्प चक्र अर्पित किए। जिला सैनिक बोर्ड की तरफ से वेलफेयर ऑफिसर एमपी शर्मा, उपेंद्र सिंह, सुंदरलाल ने भी उनके पार्थिव शरीर को पुष्प चक्र अर्पित किए।

### मनोज की शहादत पर गर्व

**शहीद** मनोज भाटी के दादा जगदीश चंद्र और पड़ोसी देवदत्त शर्मा ने कहा कि हमे शहीद मनोज भाटी की शहादत पर तो गर्व है, परंतु दुख भी है। हमें गर्व इस बात का है कि हमारे बच्चे ने भारत माता की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया है। मनोज ने अपनी जान की बाजी लगाकर कैंप में मौजूद 50 जवानों को आतंकवादियों से बचाने का काम किया है। मनोज ने अपने माता-पिता, परिवार और गांव का नाम प्रदेश और देश में रोशन किया है। मनोज की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। उसके बाद गांव छज्जूपुर सर छोटू छोटेलाल स्कूल में 12वीं पास करके शहीद स्मारक राजकीय कालेज तिगांव के ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था। बीए फाइनल में ही उसकी नौकरी आर्मी में लग गई और वह एनसीसी का भी बेहतर विद्यार्थी रहा।

### पांच साल से देश की सेवा

**शहीद** मनोज भाटी का जन्म 16 फरवरी 1996 को फरीदाबाद जिला के शाहजहांपुर गांव में हुआ था। वर्ष 2017 में शहीद मनोज भाटी राजपूत राइफल सेकंड में भर्ती हुए थे। फिलहाल वे अपनी सेवाएं जम्मू कश्मीर के राजौरी प्रखल कैंप में दे रहे थे। मनोज के दादा जी जगदीश चंद्र ने बताया कि मनोज भाटी की उम्र 26 साल है। मनोज भाटी की 14 नवंबर 2021 को शादी बल्लभगढ़ के सीकरी गांव में कोमल के साथ हुई थी। शहीद मनोज भाटी की धर्मपत्नी कोमल फिलहाल आठ महीने की गर्भवती है। मनोज के बड़े भाई सुनील भी सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और फिलहाल राजस्थान में तैनात है। दूसरे नंबर के भाई योगेश काफी बड़े लिखे है और अभी भी पढ़ रहे हैं।

### थमे नहीं आंसू

**शहीद** मनोज भाटी के परिवार में पिता बाबूलाल और माता सुनीता देवी, बहन आशा और परिजनों के आंसू थम नहीं रहे हैं। बड़े भाई सुनील ने घर पहुंचते ही बुरी तरह बिलखना शुरू कर दिया था। अंतिम संस्कार के दौरान सभी का रो- रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि जब से गांव में सूचना मिली है। पिछले 3 दिन से गांव में किसी के घर चुल्हा नही जला है। मनोज शुरू से ही होनहार और बहुत अच्छा बच्चा था। बहुत ही शांत स्वभाव का था।

# बीके सिविल अस्पताल में निकली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरुक रैली निकालते बीके अस्पताल के डाक्टर व कर्मचारी।

**हर** घर तिरंगा प्रोग्राम के तहत सीएमओ डॉ विनय गुप्ता ने बीके सिविल अस्पताल से एक तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉ सुशील कुमार अहलावत, डॉ गजराज, डॉ हरीश आर्य, डॉक्टर संदीप अग्रवाल, डॉक्टर राजेश धीमन व अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर बादशाह खान जिला नागरिक अस्पताल के प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. विनय गुप्ता सिविल सर्जन फरीदाबाद ने संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए, उनके नेक विचारों पर चलकर राष्ट्र सेवा की भावना हर किसी में प्रेरित होनी चाहिए। इस अवसर अवसर पर डॉ विनय गुप्ता ने सभी लोगों से आग्रह किया कि वह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने घरों पर एक तिरंगा जरूर लगाएं। इस अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने वंदे मातरम का उद्घोष किया और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की तरफ से प्राधिकरण के प्रवक्ता संजय गुप्ता एडवोकेट भी मौजूद रहे। जिन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के बारे में लोगों को जागरूक किया और देश सेवा के प्रत्येक नागरिक को तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में शामिल होने वाले प्रत्येक सदस्य का उत्साह देखने लायक था। वंदे मातरम भारत माता की जय के नारों से पूरा जिला सिविल अस्पताल देश भक्ति के रंग में रंग गया।

# एडवांस्ड कॉलेज में मनाया आजादी का महापर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एडवांस्ड एजुकेशन इंस्टीटयूशन्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक दीपक मंगला के साथ पुरस्कृत छात्र एवं छात्राएं।

**आजादी** के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स, पलवल के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा पद यात्रा निकाली गई जिसकी अध्यक्षता संस्थान के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ सुनील दलाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक पलवल दीपक मंगला का स्वागत संस्थान के चेयरमैन डॉ पुनीत गोयल और डॉ पूनम गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान परिसर में ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने अभिभाषण में भारत माता के वीर सपूतों व वीरांगनाओं को याद किया जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की कुर्बानियां दी।

इस अवसर पर संस्थान के चैयरमेन डॉ पुनीत गोयल द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से आजादी के इस महा पर्व को यादगार बनाने के उद्देश्य से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिनमें कविताएं, देशभक्ति गीत, नृत्य, और नाटक आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि द्वारा AIE/AITM/ AIP के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दिये है, को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया गया। मंच संचालन एआईई की असिस्टेंट प्रोफेसर गीता हरसाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा नागरिकों को 1001 राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किये गये। इस अवसर पर प्राचार्य एआईई डॉ लक्ष्मी शर्मा, प्राचार्य एआईटीएम एआईटीएम डॉ आरआर पांडेय, प्राचार्य एआईपी डॉ अर्पणा राणा और रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**ये जो खुशियाँ वतन में हैं ये कुर्बानी से आई हैं**
**मगर कुर्बानियों की दास्तानें तो भुलाई हैं**
**कभी ये सोचकर दो बूँद आँसू ही बहा देना**
**किसी के वो भी बेटे हैं किसी के वो भी भाई हैं**

# जीवा पब्लिक स्कूल में मनाया आजादी महोत्सव पर्व

### छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, चित्रकला स्लोगन व संदेश लेखन में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



विद्यालय में मनाया देश का आज़ादी का अमृत महोत्सव।

**सेक्टर 21बी** स्थित जीवा स्कूल में देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में विगत सप्ताह से ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव पर्व मनाया जा रहा है।

छात्रों ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से देशभक्ति की भावनाओं को प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, स्लोगन व देशभक्ति संदेश लेखन इत्यादि में भाग लिया व अपने विचारों को सुंदर रंग में रंग दिया। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक छात्रों ने बढ़-चढ़कर इस पर्व में अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। अध्यापिकाओं ने भी स्वतंत्रता के इस अवसर पर स्वतंत्रता के महत्व को बताया एवं उन शहीदों के विषय में भी बताया जिनके कारण देश को आजादी मिली। आज के कार्यक्रम में छात्रों ने एक सुंदर देशभक्ति गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम के सभी विशेष घटनाक्रमों पर भी प्रकाश डाला।

किंडरगार्टन के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने ऑरेंज डे मनाया, नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के सभी बच्चों ने एक साथ तिरंगा लहराया। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्ष चंद्रलता चौहान, प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने हवा में तिरंगे गुब्बारे लहराए। जिन पर बच्चों द्वारा लिखे संदेश भी आसमान की शोभा बढ़ा रहे थे। इन गुब्बारों से छात्रों ने आसमान को भी तिरंगा बना दिया।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने इस अवसर पर छात्रों को आजादी का वास्तविक अर्थ समझाया। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्वतंत्रता स्वयं को अनुशासित करके ही प्राप्त होती है। अनुशासन के बिना स्वतंत्रता अराजकता में बदल जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी इस अवसर पर सभा को संबोधित किया। बताया कि हमारा यह तिरंगा हमें एक साथ जुड़ने की प्रेरणा देता है। इसी से हमें अपने देश और अपने तिरंगे का सम्मान करना चाहिए।

# हर घर तिरंगा की जगाई अलख



पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**शुक्रवार** को स्कूल व कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक तिरंगा रैली का आयोजन किया। जिसमें राजकीय कॉलेज तिगांव, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ नेवी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ योगेश गोयल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) बल्लभगढ़ के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर अनिल कुमार एवं एनएसएस के प्रोग्राम अधिकारी डॉ रामचंद्र के संयुक्त संयोजन में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा को लेकर बल्लभगढ़ शहर में राष्ट्रप्रेम जगाने के लिए तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई। एनसीसी आर्मी-नेवी के कैडेट्स एवं स्कूल कॉलेज के अन्य छात्रों के द्वारा रैली के माध्यम से स्कूल से अंबेडकर चौक मेन बाजार होते हुए शहर के लोगों को जागरुक किया। हर घर पर 13 ,14 व 15 अगस्त को तिरंगा लगाने की अपील की है जगह-जगह लोगों को रोककर छात्रों ने तिरंगे की अहमियत बताई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के दिलों में देश प्रेम की भावना को जगाना है उन आदर्श व्यक्तियों को स्मरण करना है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण व आजादी के लिए अथक परिश्रम किया है।

# देश प्रेम के जज्बे को भी भुनाने से नहीं चूक रहे लोग

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम 13 अगस्त से शुरू हो गई। इस मुहिम में जहां एक तरफ लोगों ने तिरंगे अपने घरों के छतों पर डंडे से बांधकर फहरा रहे हैं, लेकिन वहीं कुछ लोग ऐसे भी है, जिनके घर पर तिरंगा नहीं फहराया गया। जब इस विषय में लोगों से बात की गई, तो कुछ चौकाने वाली बात सामने आई। जिससे पता चला कि राशन डिपो और डाकघरों में झंडा तो 20 रुपये का मिल रहा है, वहीं

### 20 रुपये के तिरंगे को फहराने के लिए 50 का मिल रहा डंडा

बाजारों में 50 से 70 रुपये में वहीं झंडा मिल रहा है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ इन झंडों को घरों में लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत का मुल्य सरकार ने तय नहीं किया। जिसके कारण मनमाने दामों पर डंडे बेचे जा रहे हैं। 13 अगस्त को जहां झंडे की कीमत 20 रुपये थी, वहीं उसे



सेक्टर-22 में पेट्रोल पम्प से कुछ दूरी पर बाईक पर झंडे बेचता एक व्यक्ति

फहराने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत 50 रुपये थी। जिसके कारण लोगों के कदम पीछे हटते नजर आए। कुछ ने झंडे को बिना डंडे के ही घरों के बाहर चिपका दिया, तो कुछ ने घरों में मौजूद डंडे में ही तिरंगे को फहराया। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी नजर आए, जोकि तिरंगे के लिए इस्तेमाल डंडा न खरीद सके।

**थोपे जा रहे निर्देश :** लोगों ने बताया कि हर घर तिरंगे का संदेश तो सरकार ने दे दिया, जिसके तहत राशन की दुकानों से तिरंगा न लेने वालों को अगस्त माह का राशन नहीं मिलेगा। लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों पर उन्होंने 20 रुपये में झंडे तो खरीद लिए। लेकिन डंडे उन्हें नहीं मिल पाए उन्होंने कहा कि 50 रुपये की कीमत का डंडा वह नहीं खरीद सकते। जिस कारण उन्होंने झंडे नहीं लगाए। लोगों का कहना है कि सरकार झंडे की तरह डंडे का भी रेट तय कर देती।

**बना व्यवसाय :** लोगों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को देश प्रेम की जगह कुछ लोगों ने व्यवसाय बना डाला है, जहां पिछले दिनों स्कूल संचालकों को पैसे रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में डालकर उन्हें दान देने को लाखों की राशि मांगी थी। वहीं अब जबरन डिपु संचालकों के जरिये झंडे खरीदने का दबाब बना रही है। वहीं आज सड़कों के किनारे, हर जगह झंडा बेचने का व्यवसाय तेज होता दिख रहा है।

# मोदीजी कहते हैं देश प्रथम और दूसरी पार्टियों कहती हैं परिवार प्रथम : गुर्जर

### केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने गढ़खेड़ा की खेल नर्सरी में फहराया गया 75 फुट ऊंचा तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव में आज शनिवार को गाँव गढ़खेड़ा में 75 फुट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृषणपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नयन पाल रावत, मुख्यमंत्री के रजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

गांव के लोगों का दावा है कि यह हरियाणा के सभी गांवों में सबसे ऊंचा तिरंगा है। 75 फुट ऊंचे पोल पर 24 फुट लंबा और 16 फुट चौड़ा तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण से पूर्व युवाओं ने शहीद स्मारक अटाली से खेल नर्सरी तक तिरंगा मार्च भी निकाला। इस अवसर पर भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज गढ़खेड़ा गांव की खेल नर्सरी में 75 फुट का झंडा लगाया है, जिसके लिए गढ़खेड़ा निवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर आज हर घर



गांव गढखेडा में आयोजित कार्यक्रम में 75 फुट ऊंचा तिरंगे का ध्वजारोहण करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा,पृथला के विधायक नयन पाल रावत मुख्य मंत्री के रजनीतिक सचिव अजय गौड व अन्य।

तिरंगा अभियान की जो शुरुआत हुई है और मैं लोकसभा क्षेत्र के हर घर में तिरंगा लहराता हुआ देख रहा हूं। तिरंगा हमेशा हमारी आन बान शान रहा है और मोदीजी ने जो देशभक्ति की भावना को जगाने का काम किया है। उसी का नतीजा है आज करोड़ों घरों पर आपको तिरंगा लहराता नजर आएगा। तिरंगा देश का है, किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं। जबकि विपक्ष को लगता है कि तिरंगा भी मोदीजी ने उनसे छीन लिया है। तिरंगा भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है मोदीजी कहते हैं देश प्रथम और दूसरी पार्टियों का कहना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के कारण आज पूरा भारत तिरंगामय हो गया है। देशभक्ति से सराबोर देश नई दिशा में जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि अजय गौड़ ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। इसलिए युवाओं को हर समय देश के विकास के बारे में चिंतन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्ष चैयरमेन रावत ने कहा कि 75 फुट ऊंचा तिरंगा सिर्फ गढखेड़ा गांव के लिए सैकड़ों गांव के लिए नाजिर बनेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, भाजपा नेत्री अनीता शर्मा, मुकेश मास्टर, इंद्रजीत, कर्मवीर, सुरेंद्र सांगवान, बीरेन्द्र फौजी, सुरेश शास्त्री, प्रेमचंद, गोपाल शास्त्री, उदयपाल, सुनील सैनी, योगेश चौधरी, ब्रजेश वामदेव, विवेक सैनी, जनक कालीरमण और सतपाल कश्यप मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 25623 केसों का निपटारा



सेक्टर-12 में आयोजित लोक अदालत में केसों का निपटारा करती जिला विधिक सेवा प्राधिकण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति।

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अगस्तिन जॉर्ज मसीह के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिले के अंदर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाई एस राठौर की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला अदालत सेक्टर 12 फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 14 बेंच लगाए गए जिनमें अमृत सिंह चालिया अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजेश शर्मा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजेश कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, डॉक्टर याशिका अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, आशु संजीव अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लेबर कोर्ट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल, हरीश गोयल अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तैयब हुसैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, महेंद्र सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन, रूपम न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अस्मिता देशवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आदि की बैच बनाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय प्रताप ने दी कोलंबियन टीम को प्रोत्साहन राशि




**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस विद्यालय के प्रांगण में गत 12 अगस्त दुबई जाने वाली व त्रिकोणीय (ट्रायंगुलर) क्रिकेट सीरीज में भाग लेने वाली 'कोलंबियन क्रिकेट टीम' को 'क्रिकेट किट' प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोनिका सिंह (एसीपी, क्राइम अगेंस्ट वूमन, फरीदाबाद) व सम्मानित अतिथि विजय प्रताप सिंह (कांग्रेस नेता) और उनकी अर्धांगिनी वेनुका प्रताप सिंह (समाज सेविका) व जितेंद्र भडाना (काउंसलर, फरीदाबाद) रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वी.एम.जी ने उपस्थित अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। सम्मानित अतिथि विजय प्रताप सिंह (कांग्रेस नेता) ने कोलंबियन क्रिकेट टीम को 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### खेल परिसर में किये तिरंगे वितरित



**फरीदाबाद।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शर्मा ने सेक्टर 12 फरीदाबाद स्थित खेल परिसर में तिरंगे वितरित किए। जिसमें उन्होंने सैनिक, अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे हैं युवाओं, एथलिटों, पैरा खिलाड़ियों के साथ साथ जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच आदि को तिरंगे झंडे वितरण किए। इस अवसर पर बोलते हुए राजकुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से ही भारत विश्व का नेतृत्व कर सकता है भारत के जवान एवं खिलाड़ियों ने अपने-अपने त्याग तपस्या से तिरंगे का मान सम्मान बढ़ाया है एवं अपने-अपने क्षेत्रों में जीवन का उत्कृष्ट योगदान दिया है। आजादी के इस अमृत महोत्सव में घर-घर तिरंगा अभियान से राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत होगी एवं सभी नागरिकों के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। इस अवसर उत्कर्ष कौशिक, राघव शर्मा, अमित कालरा, आशीष अरोड़ा एवं मुकेश वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मरीजों के परिजनों को मुफ्त वितरित किए 1500 तिंरगा झंडा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव में स्मार्ट सिटी फरीदाबाद तिरंगे के रंग में रंगेगी। सरकार के हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत लोग अपने घरों पर सुबह 9 बजे राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराएंगे। इसके लिए ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल ने मरीजों के परिजनों को करीब 1500 तिरंगा झंडा वितरित किए। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने कहा की हर घर तिंरगा के महायज्ञ में सभी को भागीदार बनना चाहिए। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे अस्पताल में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। लोगों में देशभक्ति और राष्ट्र ध्वज के प्रति जागरूकता के लिए प्रशासन द्वारा शनिवार से हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक लोगों को घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय की छत पर तिरंगा लगाना है। प्रशासन ने 6 लाख घरों पर तिरंगे फहराने की तैयारी की है। इस अभियान में एकॉर्ड अस्पताल ने भी भागेदारी निभाई है। शनिवार को न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ.रोहित गुप्ता, ऑर्थोपेडियक डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता, नेफ्रोलॉजी चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी ने सभी मरीजों को तिरंगा झंडा वितरित किए। स्टाफ को भी झंडे वितरित किए गए।

### उपायुक्त ने लिया अमृता अस्पताल की तैयारियों का जायजा




**फ र ी द ा ब ा द।** उपायुक्त यशपाल ने शनिवार को अमृता अस्पताल में पहुंचकर 24 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हैलीपैड, वीवीआईपी रूट, पंडाल सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से बात की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल व सीटीएम नसीब कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उस दौरान उपायुक्त यशपाल ने मथुरा रोड स्थित बड़खल चौक से अपना दौरा शुरू किया। इसके बाद वह पूरी सड़क का निरीक्षण करते हुए अमृता अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने बताया कि अमृता अस्पताल के साथ लगते खेतों में ही हैलीपैड बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय में यह कार्य पूरा करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल तक आने के लिए रैंप व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अमृता अस्पताल के संचालकों व अधिकारियों से बातचीत की।

### केएल मेहता कॉलेज से निकली तिरंगा यात्रा

**फरीदाबाद।** एनआईटी सिति केएल मेहता दयानंद कॉलेज के मुख्यद्वार से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस बारे में जानकारी देते हुए केएल मेहता ग्रुप के चेयरमैन आनंद मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के लक्ष्य को देखते हुए एक जागरूकता तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें शहरवासियों को नारों के जरिये घरों के बाहर तिरंगा लगाने को जागरूक किया गया। इस रैली में आर्य समाज के और स्कूल व कॉलेज के सदस्य भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि यह रैली केएल मेहता कॉलेज से शुरू होकर एनएच-5 होते हुए वापस कॉलेज परिसर में पहुंची। जिसमें समाजसेवियों के अलावा स्टाफ, प्रिंसीपल, अध्यापक सभी के संग वह स्वयं शामिल रहे।

### अजय गुर्जर ने जीती एक लाख रुपये की फाइनल कुश्ती



**पलवल।** जिले के प्रमुख गांव खाम्बी में वार्षिक दंगल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली के नामी-गिरामी अखाड़ों से आए पहलवानों ने रोमांचक दाब लगाए। फाइनल कुश्ती का प्रथम पुरस्कार (एक लाख रूपये) लाखूवास के अजय गुर्जर पहलवान ने सुखचैन को हराकर जीता। सेमी फाइनल कुश्ती का इक्यावन हजार रुपये के द्वितीय पुरस्कार के लिए स्वरूप पहलवान-ट्रैक्टर पहलवान बराबरी पर छूटे। कई दशकों से खाम्बी में आयोजित किए जा रहे। कुश्ती दंगल मेले में पांच सौ रूपये से शुरू होकर एक लाख रूपये तक की कई दर्जन कुश्तियां करवाई गईं। मॉडर्न विद्या निकेतन स्कूल-फरीदाबाद के निदेशक वरुण शर्मा बतौर मुख्य अतिथि ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड ने अध्यक्षयीय सम्बोधन में कहा कि खाम्बी बृज चौरासी कोस परिकर्मा मार्ग में प्रमुख आकर्षण का केंद्र है यहां का दंगल मेला देश विदेश में विख्यात है। आश्वासन दिया कि खाम्बी की समस्याओं का हरियाणा सरकार से प्रमुखता से समाधान कराया जाएगा। होडल के विधायक जगदीश नायर (विशिष्ट अतिथि), जगदीश शर्मा (ठेकेदार), बाल विद्या निकेतन स्कूल (खाम्बी) के चेयरमैन मोहनश्याम शर्मा, सरपंच (हेमलता शर्मा) के पति-हरिदत्त शर्मा, कुंज बिहारी शर्मा, मोहित मनोहर (राष्ट्रीय कवि), रमनदेव शर्मा, विष्णु गौड़, सतीश ब्रजवासी, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर व झंडा वितरण कार्यक्रम किया आयोजित



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नवदीप** सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज शहीदों की याद में एक रक्तदान शिविर एवं झण्डा वितरण कार्यक्रम का आयोजन नेहरु ग्राउण्ड स्थित कम्यूनिटी सेंटर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा तथा वशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने शिरकत की।

इस अवसर पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संदीप सेठी व दीपक गेरा एडवोकेट ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर व बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा, अरूण मिश्रा, भारत अशोक अरोड़ा, भाजपा नेत्री अनिता शर्मा, जिला सचिव पुनीता झा, फिल्म अभिनेत्री डा. विध्या गुप्ता, परविन्दर राजपाल, दशरथ चौरसिया, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शर्मा, के.के. मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, सतेन्द्र यादव, दीपक छाबड़ा, सचिन तंवर मौजूद थे। इस अवसर पर 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया तथा डिवाईन चैरिटेबल ब्लड सैन्टर के सहयोग से यह शिविर लगाया गया। उपस्थित लोगों ने आंतकवादी हमले में फरीदाबाद के मनोज भाटी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आजादी का अमृत महोत्सव : भरतनाट्यम की ताल पर 'जयतु भारतम्' का भाव

### दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी द्वारा गीता चन्द्रन व नाट्य वृक्ष डांस कलैक्टिव संग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**स्वतंत्रता** के 75वें वर्ष की तैयारियां जोरों पर हैं और प्रधानमंत्री का हर घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान सभी का जोश और उत्साह बढ़ा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव का गुंजायमान करने के लिए दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के चेयरमैन सुभाष चन्द्र कानखेरिया के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जयतु भारतम्' का आयोजन किया गया।

नई दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन सभागार में आयोजित इस उत्सव में प्रख्यात नृत्यांगना (पद्मश्री) गीता चंद्रन और उनके नाट्य वृक्ष डांस कलेक्टिव - गायत्री सुरेश, मधुरा भृशुंडी, श्रुता गोपालन, कावेरी मेहता, अदिति बालासुब्रमण्यम, सौम्या लक्ष्मी



नारायणन, अनंदिता नारायणन और युशिका बैद ने भरतनाट्यम की ताल पर 'जयतु भारतम्' का भाव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आदेश गुप्ता, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा, श्याम जाजू, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के महानिदेशक डॉ. आरके शर्मा ने किया। भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के रूप में जयतु भारतम् की संकल्पना की गई है, जो अपनी दार्शनिक नींव को बहाल करने के लिए लोगों द्वारा किए गए गहरे संघर्षों की पड़ताल करता है। साथ ही 'भारत' के विचार को समानता, सहिष्णुता और बहुलता की भूमि के रूप में मनाता है। जयतु भारतम् की शुरूआत भारत माता महिमा से हुई, जिसमें देश को भारत माता के रूप में हृदयांकित किया गया। जहां साम्य और समानता को सर्वोपरि माना गया है और सारा विश्व भारत की ओर निहारता है। दूसरी प्रस्तुति विविधता में भारत की अतुल्य विविधता जिसमें जाति, भाषा, वेश भूषा और महान परंपराओं को दर्शाया गया। उत्सव में भारत में त्योहारों और उत्सवों की अनूठी परंपराओं को वृंदावन के कृष्ण गोपी रास के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। इसके बाद फ्रीडम में स्वाधीनता तथा भारत में इसकी महत्ता और गौरव को सुंदर अंदाज में दर्शाया।

### जन्मदिन के उपलक्ष में लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद टीम पंडित जी के संयोजक विधायक नीरज शर्मा के बड़े भाई मुनेश पंडित ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में नवप्रयास सेवा संगठन रॉयल फिटनेस क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

मुनेश शर्मा ने बताया कि आजादी का 75वां अमृत महोत्सव चल रहा है इसी उपलक्ष में उनके द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 से अधिक व्यक्तियों ने रक्तदान किया। पंडित मुनेश शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान सिर्फ और सिर्फ बीके अस्पताल में जाएगा ताकि गरीबों की मदद हो सके। नव प्रयास सेवा संगठन से सुनील यादव ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने उपस्थित होकर स्वेच्छा से अपने रक्त की बूंद इस देश की सेवा में समर्पित किया। मुनेश शर्मा ने कहा कि कई अवसरों पर यह महसूस होता है कि जब हमारे अपने परिजन या किसी निकटबंद को रक्त की आवश्यकता होती है।

# पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

### स्वतंत्रता दिवस के मद्दे नजर पुलिस ने किये सुरक्षा के इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** बस स्टैंड पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौकी प्रभारी उमेश कुमार ने 1 बजे बल्लभगढ़ स्टैंड की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ 15 अगस्त की सुरक्षा की दृष्टि से की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीम के इंचार्ज मोहन कुमार व संजय कुमार की टीम के सदस्य के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है



बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर चैकिंग करते डाग स्क्वायड की टीम।

तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होने से पहले निपटा जा सके। डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना प्रबंधक द्वारा एरिया के मौजीज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से अगाह किया गया है। एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी,अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

### 75 दिवसीय मेगा इवेंट का समापन सप्ताह हुआ शुरू

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित किए जा रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट अब अपने समापन की तरफ बढ़ रहा है। शुक्रवार को इवेंट का 72वां दिन था और इस दौरान सेक्टर 12 स्थित टाउन पार्क में लगे तिरंगे झंडे के नीचे हरियाणवी कल्चरल नाइट का आयोजन किया गया। इस दौरान सिटी मैजिस्ट्रेट नसीब कुमार, बीजेपी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व जुनेजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय जुनेजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि उनकी संस्था नगर निगम फरीदाबाद व सर्वोदय फाउंडेशन के साथ मिलकर फरीदाबाद में नया भारत-मैं हूं भारत नाम से 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन कर रहे हैं। इस इवेंट में एफआईए, जुनेजा फाउंडेशन, केसीई कंपनी, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरीटेज, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हमने यह इवेंट 2 जून को शुरू किया था और अब यह समापन की तरफ है। 15 अगस्त को इवेंट का समापन समहारोह आयोजित किए।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने निकाली तिरंगा यात्रा



अग्रवाल कालेज से हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेते कालेज के प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता व स्टाफ।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आजादी** के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अंतर्गत चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस यात्रा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ताजी के कुशल दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रैड रिबन क्लब, सैंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, सतत विकास लक्ष्य आदि की इकाइयों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने सभी को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे हृदय में देश भक्ति, राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत करने के लिए है। प्राचार्य ने कहा कि आजादी हमें ऐसे ही उपहार के रूप में प्राप्त नहीं हुई बल्कि इसके लिए हमारे देश के अनगिनत रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। यह लहराता तिरंगा हमें सदैव उन वीरों के बलिदान व देश- भक्ति की याद दिलाने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के पालन करने के लिए प्रेरणा देता रहेगा द्य तिरंगा यात्रा महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक व बाजार के रास्ते होते हुए अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ तक संपन्न हुई।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 14 अगस्त, 2022



# 1810 एकड़ भूमि अधिग्रहण : दिल्ली-जयपुर हाइवे जाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंडस्ट्रियल** मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) मानेसर के विस्तार के लिए 1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के विरोध में शनिवार को किसानों ने धरने से उठकर दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 को पचगांव चौक पर जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की कई किलोमीटर तक जाम लग गया। जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। साथ ही अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे।

1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर किसानों की मांग है कि या तो उन्हें मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा दिया जाए, नहीं तो इस अधिग्रहण को रद्द किया जाए। काफी दिनों से किसानों का इस मांग को लेकर धरना भी जारी है, लेकिन अभी तक सरकार कोई बीच का रास्ता नहीं निकाल पाई है। हरियाणा विधानसभा के सत्र में भी यह मुद्दा उठाया गया। ऐसे में शनिवार को किसानों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने धरनास्थल छोड़कर हाईवे की तरफ रुख किया।

## किसानों की मांग का समर्थन करने पहुंचे किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी

## पूर्व में सीएम से भी इस मुद्दे को लेकर हो चुकी है किसानों की बैठक

## हाईवे पर डटे किसानों को पुलिस ने जबरदस्ती हटाया, 80 किसान हिरासत में लिए



भूमि अधिग्रहण के विरोध में गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर पचगांव के पास सड़क जाम करके बैठीं महिलाएं।

किसानों ने सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक दिल्ली-जयपुर हाईवे पचगांव चौक पर जाम रखा। जाम लगा रहे किसानों का समर्थन करने के लिए शनिवार को पचगांव चौक पर किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी भी पहुंचे। उन्होंने किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि सरकार इस पर जल्द निर्णय ले। मार्केट रेट के अनुसार ही मुआवजा दिया जाना चाहिए।

जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाकर जाम खोलने का प्रयास किया। किसान मानने को तैयार नहीं थे। ऐसे में मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी पहुंचे। किसानों ने उनकी भी नहीं मानी और हाईवे पर डटे रहे। काफी समय बीत जाने के बाद पुलिस ने जबरदस्ती किसानों को खदेड़ना शुरू किया। उन पर हल्का बल प्रयोग भी किया गया। हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी पुलिस ने हटाया। इस दौरान करीब 80 किसानों को हिरासत में लिया गया।

### 55 लाख प्रति एकड़ दिया जा रहा है मुआवजा

**गांव** कासन के सरपंच सत्यदेव के मुताबिक हरियाणा सरकार नाजायज तरीके से जमीन का अधिग्रहण कर रही है। यह शर्म की बात है कि अधिग्रहण के विरोध में गत 58 दिनों से किसानों का धरना जारी है, लेकिन प्रदेश सरकार बैठक करने के बाद भी किसानों की मांग को पूरा नहीं कर रही।

### 55 लाख में तो 100 वर्ग गज का प्लाट भी नहीं मिलेगा

**वर्तमान** में यहां जमीन की कीमत करोड़ों रुपये है और सरकार 55 लाख रुपये प्रति एकड़ के तहत मुआवजा दे रही है। हकीकत यह है कि इस क्षेत्र में 100 गज का प्लॉट भी इस कीमत यानी 55 लाख रुपये में नहीं मिल सकता। सरकार इस जमीन अधिग्रहण को रद्द करे।

# हनीप्रीत इन्सां ने डेरा मुख्यालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

## संत राम रहीम ने 11वीं रूहानी चिट्ठी भेजकर अमृत महोत्सव में कहा था शामिल होने को

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में शनिवार को डेरा सच्चा सौदा में देश की आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित किया गया। आश्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां की बेटी हनीप्रीत इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा के चेयरमैन डा. पीआर नैन सहित प्रबंधकीय समिति के सदस्यों के साथ तिरंगा फहराया और उसे सैल्यूट कर देश के महान वीर जवानों का अभिनंदन किया। इस दौरान राष्ट्रीय गान गाया गया और इसके पश्चात पूज्य गुरुजी द्वारा गाया गया देशभक्ति सॉन्ग चलाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। बता दें कि पूज्य गुरु जी की शिक्षाओं पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत 142 मानवता भलाई के कार्य कर रही है। जिसमें 142 वें कार्य के तहत साध-संगत अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित कर उसे सलामी दे रही है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पूज्य गुरु जी ने साध-संगत को 11वीं रूहानी चिट्ठी भेजकर आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। चिट्ठी के माध्यम से पूज्य गुरुजी ने लिखा कि देश जो आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है तो साध-संगत ने उसमें शामिल होकर तिरंगे को घरों, गाड़ियों पर लगाना व लहराना है तथा तिरंगे को सेल्यूट करते हुए, लहराते हुए का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर डालना है, ताकि जिन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों से हमें आजादी व तिरंगा नसीब हुआ है। उनका बहत-बहुत सत्कार व अभिनंदन हम कर सकें। पूज्य गुरु के आह्वान के पश्चात डेरा अनुयायी लगातार अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों व गाड़ियों में तिरंगा झंडा लगाकर उसे सैल्यूट कर रहे हैं। इसके अलावा लोगों को फ्री में तिरंगा झंडा बांट रहे हैं और घरों पर लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है।





डेरा सच्चा सौदा पर ध्वजारोहण करके सेल्यूट करतीं संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की बेटी हनीप्रीत इन्सां व अन्य सेवादार।

# देश और प्रकृति के प्रति प्रेम का तिरंगा यात्रा में दिया संदेश



गुरुग्राम में देश और प्रकृति प्रेम को लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से शनिवार को प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर निकाली गई तिरंगा यात्रा खास रही। यात्रा में देश के प्रति प्रेम और सद्भावना का संदेश तो दिया ही गया, साथ में प्रकृति को बचाने का भी संदेश इस यात्रा के माध्यम से दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा देशभक्ति और पर्यावरण बचाने का संदेश देकर संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन व पर्यावरण संरक्षण विभाग, भाजपा (हरियाणा) के तत्वावधान में यहां भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विभाजन विभिषिका काला अध्याय : गौरव कालरा



गौरव कालरा।

**गुरुग्राम।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फैसला लिया है कि 14 अगस्त को कुरुक्षेत्र में विभाजन विभीषिका दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कल रविवार को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समाजसेवी एवं पंजाबी नेता गौरव कालरा के नेतृत्व सेंकड़ों लोग गुरुग्राम से जाएंगे। शनिवार को यहां जारी बयान में गौरव कालरा ने कहा कि यह दिवस उन सभी लोगों के लिए एक श्रद्धांजलि के तौर पर है, जिन्होंने विभाजन के समय अपनी जान गंवाई या अपने घरों को छोड़ा। बंटवारे के समय नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा। यहां तक कि बहुतों ने अपनी जान भी गंवाई। देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गौरव कालरा ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को इस दिन के माध्यम से याद दिलाया जाएगा कि देश की आजादी के जश्न से पहले हमें उन्हें याद करना चाहिए, जिन्होंने पीड़ा और दर्द झेला। इसी याद को बनाए रखने के लिए प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विभाजन विभीषिका स्मारक बनाए जा रहे हैं।

### नाबालिग छात्रा संदिग्ध हालत में घर से हुई लापता

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर 11 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाले दो नाबालिग किशोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। 11 बिहार जिला पटना के मूल निवासी पीड़ित पिता ने भोंडसी थाना में दो युवकों के खिलाफ 11 वर्षीय बेटी के संदिग्ध हालत में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी नया गांव के राजकीय स्कूल की कक्षा 7वीं में पढ़ रही है। उसके साथ स्कूल में पड़ोस में रहने वाले दो किशोर भी उसी स्कूल में पढ़ रहे हैं। ये तीनों एक साथ स्कूल आते व जाते रहे हैं। गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी नाबालिग बेटी संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गई। उसने अपने पड़ोस में रहने वाले दोनों युवकों की उनके परिजनों से जानकारी प्राप्त की तो वे भी अपने-अपने किराए के घरों से लापता मिले। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी को दोनों किशोर शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले गए हैं। पुलिस ने नाबालिग किशोरी समेत आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### मानेसर नगर निगम के वार्डों के परिसीमन को एडहॉक कमेटी गठित

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने नवगठित नगर निगम मानेसर के वार्डों की वार्ड बंदी के लिए एडहॉक कमेटी का गठन किया है। इस बारे में हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग से आदेश जारी किए गए हैं। इस कमेटी में गुरुग्राम के उपायुक्त, शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक या उनका प्रतिनिधि और नगर निगम मानेसर के आयुक्त अथवा उनके प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। आदेशों में कहा गया है कि नगर निगम आयुक्त का प्रतिनिधि यदि नियुक्त किया जाता है तो वह सहायक आयुक्त के पद से नीचे नहीं होना चाहिए। आदेशों में इस एडहॉक कमेटी को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 6 अन्य व्यक्तियों का सहयोग लेने के लिए भी कहा गया है। इनमें पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद, मानेसर से मास्टर बलबीर सिंह, रविदत्त नखडोल, भांगरोला से बालकिशन तथा रिशिराज राणा शामिल हैं।

### स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल मनाया स्वतंत्रता दिवस



गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा निकालते सुगम एनजीओ स्कूल के बच्चे।

**गुरुग्राम।** साउथ सिटी स्थित सुगम एनजीओ के बच्चों ने शनिवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर आजादी का 75 महोत्सव मनाया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए साउथ सिटी की सड़कों पर रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश देने का काम किया। सुगम एनजीओ में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने स्कूल प्रांगण में देश भक्ति के गीत गाते हुए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंची गुरुग्राम शिक्षा विभाग की अधिकारी शील कुमारी ने बच्चों को एनजीओ की तारीफ करते हुए कहा कि यदि सभी एनजीओ बच्चों की शिक्षा और सस्ंकार को बढ़ावा दे तो देश से गरीबी का अन्धकार मिट सकता है। एनजीओ की संचालिका मोनिका शर्मा का कहना है कि बच्चों में देशभक्ति का जोश भरने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत जरूरी है। जिससे की आने वाली पीढ़ी को पता चल सके की हमें आजादी कितने सघर्षों के बाद मिली।

# एसडीएम की तिरंगा यात्रा में प्रशासनिक अधिकारी और पार्षदों ने लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** में एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में नवनिर्वाचित पार्षदों को भी शामिल होने के लिए बुलाया गया था।

शनिवार की दोपहर एक बजे एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में अपने कार्यालय से तिरंगा यात्रा शहर में निकाली। इस तिरंगा यात्रा में सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और नवनिर्वाचित पार्षदों को शामिल होने के लिए बुलाया गया था। तिरंगा यात्रा को एसडीएम कार्यालय से शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा तक निकाला। जहां पर शहीद भगत सिह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। देश भक्ति के नारे लगाते हुए आस पास बैठे दुकानदार और आम नागरिकों के अंदर देश भावना का संदेश दिया। इस तिरंगा तहसीलदार शिखा गर्ग, नायब तहसीलदार लछीराम, नगर परिषद के अधिकारी, कानूनगौ अर्जून सिंह तथा सभी तहसील कार्यालय के पटवारी, शहर के व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चूग आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। पार्षदों में राजकुमार गोयल, कपिल सैनी, साहिल, वार्ड-14 से नीरज बंसल और सतेन्द्र सिह आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने सभी पार्षद व प्रशासनिक अधिकारियों को अधिक से अधिक नागरिकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। देश के वीर अमर शहीदों के विषय में नागरिक अपने बच्चों को साथ बैठकर कुर्बानी के बारे में जानकारी दें। सभी विभागों के कार्यालय भवन पर तिरंगा लगाने के निर्देश भी दिए है।

## एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में कार्यालय से तिरंगा यात्रा शहर में निकाली

**भाजपा मंडल ने भी निकाली तिरंगा** : शनिवार को शहर में भाजपा मंडल संगठन ने भी तिरंगा यात्रा निकाली। जिससे शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से शुरु किया। यह तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष गौरव चुग के नेतृत्व में निकाली गईं। शहर में यात्रा में लगाएं गए गगनचुंबी देश भक्ति के नारों से गूंज उठा।

# पलवल-तावडू मार्ग पर बने गड्ढ़े भरे जाएंगे 22 लाख रुपये में

## धतीर से तावडू के बीच 33 किलोमीटर की दूरी में बने थे गड्ढ़े

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बीएण्डआर** विभाग ने राष्ट्रीय मार्ग पलवल के गांव धतीर से-तावडू के बीच बारिश से हुए गड्ढ़ों को भरने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए बीएण्डआर विभाग ने 22 लाख रुपये का ठेका छोड़ा है।

बीएण्ड आर विभाग ने बीते तीन माह में पलवल-तावडू राष्ट्रीय मार्ग पर बने गड्ढ़ों को भरने के लिए दूसरी बार ठेका छोड़ा है। पिछले सप्ताह तीन दिन हुई भारी बारिश से धतीर से तावडू के बीच 33 किलोमीटर की दूरी में गड्ढ़े बन गए थे। जिससे इस मार्ग पर वाहन सांप की तरफ से लहराते हुए चल रहे हैं। ऐसे में रात के समय सड़क हादसे होने की संभावनाएं अधिक बन रही थी। जबकि बाइक व स्कूटी सवार रात के समय में अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हैं।

### नगर परिषद को बीएण्डआर लिखेगा पत्र

**शहर** के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू मार्ग पर करीब एक किलोमीटर की दूरी में नालियों का पानी सड़क पर आने से गड्ढ़े समाप्त होने का नाम नहीं ले रहे है। जबकि बीएण्डआर विभाग नगर परिषद को पत्र लिखकर नाली का पानी सड़क पर न आने देने के लिए पत्र लिख चुका है। इसके बावजूद नगर परिषद ने सड़क पर आ रहा टूटी नालियों के पानी से बीते तीन माह में तीसरी बार मरम्मत का कार्य शुरु किया है।

> “**नगर** परिषद पत्र लिखने के बाद भी नालियों के पानी को सड़क पर आने से रोक नहीं पा रही है। जिससे बीएण्डआर विभाग द्वारा गड्ढ़ों को बार-बार भरे जाने आर्थिक नुकसान हो रहा है। उच्चाधिकारियों से सलाह लेने के बाद परिषद विभाग पर जुर्माना लगाया जा सकता है।
>
> **अजीत सिंह**
> (एसडीओ लोक निर्माण विभाग)

## भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर ट्रेंड्स अब मिलक में खुला





पायनियर समाचार सेवा। रामपुर

**भारत** की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले में मिलक शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की।

ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। मिलक में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी।

### आकर्षक कीमतों पर पाएं सामान

इस शहर के ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। 5722 वर्गफुट में फैला यह स्टोर, जोकि मिलक का पहला स्टोर है, अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर दे रहा है खास ऑफर रुपये-3499 की खरीदारी करें और पाएं आकर्षक उपहार 199 पर, इतना ही नहीं ग्राहकों को 2999 की खरीदारी पर मिलता है 3000 तक की कीमत का कूपन बिल्कुल मुफ्त। तो अभी ट्रेंड्स के मिलक स्टोर पर जाएं और बेहतरीन फैशन की खरीदारी का अनुभव पाएं!

# इस बार शहर नहीं ग्रामीण अंचल में होगा जिले का स्वतंत्रता दिवस समारोह

## मानेसर क्षेत्र में गांव नखड़ोला में स्थित खेल स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

## शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता करेंगे ध्वजारोहण



गुरुग्राम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल करती टीमें।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


**हरियाणा** सरकार द्वारा की गई नई पहल के तहत इस बार जिला में पांच अलग-अलग जगह पर मंत्री व विधायक तिरंगा फहराएंगे। विशेष बात यह है कि इस बार जिला का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय की बजाय ग्रामीण अंचल में होगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए शनिवार को समारोह के मुख्य आयोजन स्थल मानेसर क्षेत्र में गांव नखड़ोला में स्थित शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई।

मुख्य कार्यक्रम मानेसर क्षेत्र के गांव नखरोला में आयोजित किया जा रहा है, जहां पर हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। वे 15 अगस्त सोमवार को ठीक 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे।

शनिवार को फुल ड्रेस रिहर्सल को उपायुक्त निशांत कुमार यादव तथा पुलिस आयुक्त कला रामाचंद्रन ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनके माध्यम से देश की अनेकता मे एकता की छवि प्रस्तुत की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी-अपनी प्रस्तुति को आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों में होड़ लगी हुई है, जिसके लिए वे उमस भरी गर्मी की परवाह किए बगैर जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशभक्तों व शहीदों की कुर्बानियों व बलिदान पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल भांगरौला के विद्यार्थियों द्वारा हम फौजी इस देश की धड़कन है के भावपूर्ण गीत के माध्यम से हमारे वीर सैनिकों के देश सेवा में समर्पित जीवन पर आधारित मार्मिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## तिरंगा हमारे लिए सदा सम्माननीय है: पवन जिंदल



गुरुग्राम के सेक्टर-37 में ध्वजारोहण करते अतिथि।

### सेक्टर-37 में बुटीक इंटरनेशनल कंपनी में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**गुरुग्राम।** किसी भी देश का झंडा उसकी आजादी का प्रतीक होता है। आजादी लहू और बलिदान से मिलती है। इसलिए तिरंगा देश के लिए सदैव सम्माननीय है। यह बात आरएसएस हरियााण प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने यहां सेक्टर-37 स्थित बुटीक इंटरनेशनल कंपनी में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा, हर उद्योग तिरंगा कार्यक्रम में बोलते हुए कही। पवन जिंदल व अन्य अतिथियों ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में तिरंगा यात्रा भी निकाली।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आज देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान देश ने तरक्की की है। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों की विस्तारीकरण ओर आंतकी नीति के बावजूद देश की सीमाएं सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि देश के ओद्योगिक विकास में उद्योगों की अहम भूमिका होती है इसलिए उधोगपति राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सिकरी ने कहा कि झंडे में जो चक्र है, वह उद्योगों का प्रतीक है। उनके अनुसार चक्र का चलना और उद्योगों का आगे बढ़ना भारत की उन्नति के लिए अति आवश्यक है। विशेष अतिथि के रूप में पधारे पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश जस्टिस रामेंद्र जैन ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बन और शान है। तिरंगे का सम्मान हर हाल में होना चाहिए। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के डायरेक्टर जनरल दीपक जैन ने आए हुए सभी अतिथियों को शुभकामनाएं दी तथा अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर सभी लोगों को तिरंगा लगाने का आह्वान किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी द्वारा नारा लगाकर सभी उद्योगों को हर घर तिरंगा और हर उद्योग तिरंगा लहराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री हरियाणा के प्रधान हरभजन सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# लोक अदालतः टेकनअप 4929 केसों में से 2748 का हुआ निस्तारण

**सेशन जज संदीप गर्ग सहित कुल छह बेंचों ने आपसी मेलजोल से मामले निस्तारित किए**

**सीजेएम प्रतीक जैन ने कहा, लोग सद्भाव की तरफ आगे बढ़ रहे**



रिजवान कासिम। मेवात

**कोर्ट** परिसर नूंह में शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में वकीलों, न्यायाधीशों व आमजन ने पूरा उत्साह दिखाते हुए आपसी मेलजोल से मुकदमों का निपटारा करने में पूरी भूमिका निभाई। सेशन जज संदीप गर्ग सहित कुल छह बेंच नेशनल लोक अदालत में मामलों को तेजी से आपसी मेलजोल से निपटाने की भरपूर कोशिश करती दिखीं।

शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के तकरीबन 4929 केस शामिल किए गए। इन केसों में अधिकतर लंबित केस शामिल थे, जिनमें दुर्घटना क्लेम, चालान, रेंट, पारिवारिक मामले, चेक बाउंस इत्यादि से संबंधित मामले रखे गए। बेंचों ने समझौते के आधार पर 2748 वादों का निस्तारण किया। सीजेएम प्रतीक जैन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नूंह जिले के लोगों में जागरुकता आ रही है। जिला मेवात बार एसोसिएशन भी नेशनल लोक अदालत में अपना पूरा सहयोग कर रही है। लोग सद्भाव की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। सीजेएम नूंह ने कहा की आजादी का अमृत महोत्सव इन दिनों चल रहा है। देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। आपसी सद्भाव व मैत्रीपूर्ण माहौल बना रहे और सभी मिलजुलकर देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। जिला मेवात बार एसोसिएशन के सदस्यों तथा लोक अदालत में अपने मामलों को आपसी मेलजोल से निपटाने आए लोगों ने कहा कि यह न्यायपालिका की अच्छी पहल है। लोक अदालतों का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोग ले सके इसके लिए समय-समय पर लोक अदालत लगाई जानी चाहिए।

लोक अदालत के माध्यम से काफी समय से लंबित चले आ रहे मुकदमों का निपटारा आसानी से व आपसी मेलजोल से हो सकता है। लोगों को लोक अदालत से समय व धन की बर्बादी भी नहीं करनी पड़ती। नेशनल लोक अदालत में 2748 केसों के निपटारे को देखते हुए कोर्ट परिसर में वकीलों परिवादियों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली तो अक्सर अपनी चेयर से ऑर्डर-ऑर्डर करने वाले न्यायधीश भी आमजन के बीच बैठे हुए दिखाई दिए। आपसी मेलजोल से मामलों को तेजी से निपटाते नजर आए, जो आमजन के लिए एक सुखद एहसास है।

## विश्व अंगदान दिवस पर ग्रामीणों को जागरुक किया



गांव सुनारी में विश्व अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचीं महिलाएं।

**तावडू।** उपमंडल के गांव सुनारी में शनिवार को विश्व अंगदान दिवस मनाया गया। इस दौरान अखिल भारतीय ग्रामीण उत्थान समिति और एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ग्रामीणों और महिलाओं को अंगदान के प्रति जागरुक किया गया।

अखिल भारतीय ग्रामीण उन्नति समिति से जुड़े अनिल कुमार, अशोक और सुरेंद्र कालिया ने संयुक्त रूप से बताया गया कि अंगदान व्यक्ति की मृत्यु के कितने समय तक लिया जा सकता है।साथ ही कौन-कौन व्यक्ति अंगदान के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा मृतक के परिजन और अंगदान के इच्छुक लोगों को संबंधित विभागों और संस्थाओं के बारे में विस्तारित जानकारी दी गई। संस्था से जुड़े स्वंय सेवकों ने कहा कि कि अंगदान को महादान माना गया है। कोई भी मृतक दूसरे मानव को जीवित रखने के लिए मददगार साबित हो सकता है। इसलिए अंगदान में सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव में लोग अंगदान करने से बचते हैं। शनिवार को विश्व अंगदान दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में करीब 32 ग्रामीणों ने भाग लिया।

## फाइनल रिहर्सल में डीसी ने किया ध्वजारोहण



फुल ड्रैस रिहर्सल में नवाब समसुद्दीन पार्क फिरोजपुर-झिरका में परेड की सलामी लेते उपायुक्त अजय कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**आजादी** अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की शनिवार को नवाब समसुद्दीन पार्क फिरोजपुर-झिरका में फुल ड्रैस रिर्हसल की गई। उपायुक्त अजय कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण की रस्म अदा की तथा परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, एसडीएम रणवीर सिंह, डीएसपी सतीश वत्स, डीएसपी अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रामफल धनखड़ सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नवाब समसुद्दीन पार्क फिरोजपुर-झिरका में भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है तथा इस समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामयी ढंग से किया जा रहा है।

डीसी अजय कुमार व एसपी वरुण सिंगला ने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा फाइनल रिहर्सल के दौरान प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने बताया कि समारोह में सहाकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि नूंह में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुडगांव के विधायक सुधीर सिंगला बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## राष्ट्रोन्नति का प्रतीक है हर घर तिरंगा अभियान

**उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से भाजपा सांसद के नेतृत्व में फिरोजपुर झिरका में निकाली तिरंगा यात्रा**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



तिरंगा यात्रा के दौरान फिरोजपुर झिरका पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर का स्वागत करते स्थानीय कार्यकर्ता।

**13 अगस्त** से शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शनिवार को हजारों किसानों ने किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फतेहपुर से भाजपा सांसद राजकुमार चाहर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यहां के बोडीकोठी से आरंभ हुई तिरंगा यात्रा में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेताओं एवं जिला पदाधिकारियों ने ट्रैक्टर से तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें हजारों की संख्या में किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के यहां पहुंचने पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

सिविल लाइन स्थित सनातन धर्मशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजकुमार चाहर ने कहा हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र की उन्नति और खुशहाली का प्रतीक है। जिस दिन से यह अभियान आरंभ हुआ तभी से ही देश का हर नागरिक अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है तथा नागरिकों के मन में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निष्ठा की भावना पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा यह अभियान एक भारत श्रेष्ठ की संकल्पना को और अधिक मजबूती प्रदान करने वाला अभियान है। आजादी के बाद पहली बार देश का हर नागरिक अपने घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठान या सार्वजनिक स्थलों पर झंडा फहरा सकता है। उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान में हर किसी को शामिल होना चाहिए यह किसी राजनैतिक दल का कार्यक्रम नहीं है, अपितु हर देशभक्त नागरिक का उत्सव है। इसलिए इसमें सभी शामिल होना सुनिश्चित करें।

## आजादी के महत्व के बारे में जागरुक किया

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा, जागरुकता पदयात्रा निकाली**

**उपायुक्त** एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा, जागरुकता पद यात्रा का कार्यक्रम गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, सालाहेड़ी में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों पिनगवां, पुन्हाना, नूंह, नगीना, फिरोजपुर झिरका से सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्वयंसेवक रेडक्रॉस व स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलीन कौर आईआरएस, चेयर पर्सन जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने कार्यक्रम की शोभा बढाई। उन्होंने अपने संबोधन में आजादी के महत्व के बारे में जागरुक किया। उन्होंने आह्वान किया कि आजादी के 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर को उत्सव के तौर पर मनाया जाए तथा प्रत्येक उपस्थित समाजसेवी, स्वयंसेवकों को एक-एक तिरंगा झंडा भेंट किया। चेयरपर्सन ने रेडक्रॉस नूंह द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कि प्रशंसा की। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा 300 गरीबों, जरूरतमंदों महिलाओं को खाद्य सामग्री एवं 100 महिलाओं को हाइजेनिक किट एवं गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, सालाहेड़ी को सेंट्री नैपकिन मशीन भेंट की तथा श्रीमती नवलीन कौर ने रेडक्रॉस नूंह द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों पर और अधिक विस्तार करने का भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि अधिक से अधिक युवा वर्ग को कल्याणकारी गतिविधियों जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, फर्स्ट एड स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच कैम्प तथा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इस अवसर पर महेश गुप्ता सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी नूंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सचिव ने कहा कि रेडक्रॉस की कल्याणकारी गतिविधियों को और बढ़ावा दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा में सहभागी बना नूंह जिला कारागार

**प्रशासन की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा**

**तिरंगा के प्रति सम्मान व देशभक्ति का भाव जिला कारागार में प्रभावी रूप से आया नजर**




तिरंगा यात्रा में भाग लेते डीसी अजय कुमार और एसपी वरुण सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिला** कारागार नूंह द्वारा स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बंदियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम में बंदियों ने समां बांध दिया। तिरंगा यात्रा में डीसी अजय कुमार व एसपी वरुण सिंगला, जेल अधीक्षक सत्यवान, उप जेल अधीक्षक रेशम सिंह व सुरेन्द्र सिंह ने भी तिरंगा यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। अपने बीच पहली बार आला अधिकारियों को पाकर बंदी पूरी तरह उत्साह से लबरेज दिखाई दिए।

डीसी अजय कुमार ने बताया कि भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी का जश्न देशवासियों के साथ मिलकर मना रहा है। इसी के मद्देनजर देश में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सरकार ने 13-15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय लिया है, ताकि आमजन अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर सके। इस अभियान से निश्चित तौर पर आमजन को तिरंगा से जुड़ाव व लगाव और अधिक गहरा होगा, जिससे राष्ट्र प्रेम व सम्मान की भावना को बल मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान आमजन की तरह बंदी भी देश भक्ति से पूरी तरह ओतप्रोत दिखाई दिए। डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय हर घर तिरंगा अभियान का आगाज शनिवार से सोमवार स्वतंत्रता दिवस तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत पूरा जिला शत प्रतिशत कवर होगा और ग्रामीण परिवेश से लेकर शहरी व सभी सरकारी भवनों व वाहनों पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है, जो देश की संप्रभुता और स्वाभिमान का प्रतीक है। इससे हमें राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। हमें इसका मान-सम्मान सदैव बनाए रखना है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में तिरंगा के प्रति मान-सम्मान व देशभक्ति का भाव बढ़ रहा। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सत्यवान ने तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से तिरंगे के सम्मान के प्रति जागृत करने का आह्वान किया और 13-15 अगस्त तक में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। वहीं तिरंगे के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया।

### एनसीसी एवं एनएसएस ने चलाया 'हर घर तिरंगा और पौधारोपण अभियान



वाईएमडी कालेज में तिरंगा यात्रा निकालते एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवक।

**नूंह।** यासीन मेव डिग्री (वाईएमडी) कॉलेज नूंह में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा और पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के 4 हरियाणा गर्ल्स एनसीसी बटालियन नूंह एवं 5 हरियाणा एनसीसी बटालियन गुड़गांव के कैडेटों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में यासीन मेव डिग्री कॉलेज एनएसएस के छात्रों ने भी मार्चपास्ट एवं पौधारोपण में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज की गर्ल्स एनसीसी की ओर से नेहा गुप्ता, लड़कों की एनसीसी के सीनियर कैडेट मुकीम तथा एनएसएस वालंटियर मोहम्मद आबिद के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद इम्तियाज खान, डॉ मोहम्मद इरफान खान, डॉ मोहम्मद सुहैल खान, एएनओ (केयर टेकर) कुमारी फरहत अजीम, तय्यब, सदाकत अली अल्वी, शमीम अहमद, जब्बार तथा मोहम्मद सरवर मौजूद रहे।

### तावडू में मदरसों के बच्चों ने निकाली चार किलोमीटर

**तावडू।** स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर शनिवार को क्षेत्र के सभी मदरसों के बच्चों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर गांव व शहर सहित करीब चार किलोमीटर की दूरी तय कर पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा के माध्यम से भाईचारा व देश प्रेम का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा को तावडू सोहना रोड पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप से जमीयत उलेमा-ए- मेवात हरियाणा से जुड़े खरखड़ी मदरसा संचालक मौलाना हकीमुद्दीन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी बच्चों ओर मौलानाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलकर जमकर नारेबाजी की। खातीबास मदरसा संचालक मौलाना अरशद ने बताया कि शनिवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा में तावडू क्षेत्र के लगभग 9 मदरसों के 500 से अधिक बच्चे शामिल हुए। इसके अलावा क्षेत्र की अलग-अलग मस्जिदों के 10 इमाम भी इस यात्रा में जुड़े। पैदल तिरंगा यात्रा शहर के पटौदी, विजय, लखपत चौक से होते हुए निकाली गई। इस दौरान मदरसों के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए देश भक्ति के नारे लगाएं। शहर में तिरंगा यात्रा पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष मनीता गर्ग और वरिष्ठ समाजसेवी उनके पति आशीष गर्ग ने स्वागत किया। इसके बाद वह भी तिरंगा यात्रा में शामिल हो गए। नई अनाज मंडी परिसर में इस यात्रा का समापन हुआ। जहां पर बड़ी संख्या में एकत्रित मदरसों के बच्चों को मौलाना हकीमुद्दीन,मौलाना कमरुद्दीन, शब्बीर चेयरमैन बुराका, तावडू नगर पालिका अध्यक्ष सहित आदि ने संबोधित करते हुए सभी बच्चों को आजादी में योगदान और शहीद होने वाले महापुरुषों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के दृढ़ निश्चय और कठोर परिश्रम से ही हमें आजादी मिली है। इस दौरान सभी बच्चों ओर मौलानाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलकर जमकर नारेबाजी की।



तावडू शहर में तिरंगा यात्रा के दौरान मदरसे के बच्चे।

## संक्षिप्त समाचार

### खोरीकलां से नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कला से एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। मामले में सदर थाना पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर एक नामजद आरोपी सहित चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित नाबालिग लड़की के पिता ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि 1:00 बजे के करीब मोहम्मद जैनुल हसन उनकी 15 वर्षीय पुत्री को अपने चार अन्य साथियों के साथ बहला-फुसलाकर और झांसे में लेकर फरार हो गया। उन्होंने बेटी के साथ अनहोनी घटना होने की आशंका जताई है। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद जैनुल हसन सहित उसके चार अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग मंडलों में करेगा जन सुनवाई

**नूंह।** आगामी 19 अगस्त को सुबह 11 बजे फरीदाबाद मंडल में शामिल नूंह, पलवल व फरीदाबाद जिलों के लोगों से पिछड़ा वर्ग आयोग हरियाणा जन सुनवाई करेगा यह सुनवाई फरीदाबाद में की जाएगी। इसी दिन दोपहर बाद तीन बजे गुरुग्राम में सुनवाई की जाएगी। ठीक इसी तरह से आगामी 20 अगस्त को सुबह 10 बजे रोहतक और शाम को तीन बजे हिसार में सुनवाई होगी। 21 अगस्त को सुबह 10 बजे करनाल और दोपहर बाद तीन बजे अम्बाला सिटी में जनसुनवाई की जाएगी। हरियाणा सरकार पंचायती राज संस्थाओं-जिला परिषद्, ब्लाक समिति व ग्राम पंचायतों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देना चाहती है। सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 8 प्रतिशत आरक्षण का फैसला भी ले लिया था। लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की रोक के चलते इसे वापस लेना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी 8 पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के मामले में आए हुए हैं। उसी के चलते सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस (रि.) दर्शन सिंह की अध्यक्षता वाला यह आयोग अब जिलों में जनसुनवाई शुरू करेगा। 19 से 21 अगस्त तक की सुनवाई का शैड्यूल जारी हो गया है। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सचिव की ओर से इस संबंध में संबंधित जिलों के डीसी को हिदायतें जारी की गई है।

### गुडगांव से विधायक सुधीर सिंगला होंगे मुख्य अतिथि



नूंह की नई अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल करते कलाकार।

**नूंह।** स्वतंत्रता दिवस के उपमंडल स्तरीय समारोह का सुबह स्थानीय नई अनाज मंडी में अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ । एसडीएम अश्विनी कुमार ने परेड की सलामी ली। अंतिम पूर्वाभ्यास में सभी कार्यक्रम निर्धारित क्रम के तहत आयोजित किये गए। तिरंगा व देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम इस समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। एसडीएम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुडगांव से विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। हिंदू विद्या निकेतन स्कूल नूंह द्वारा आजादी का सभी मनाएं अमृत महोत्सव पर समूह गान गाया जाएगा। राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा के छात्रों द्वारा समूह गान सलाम उन शहीदों को तथा कंट्री ग्रामर स्कूल नूंह के छात्रों द्वारा समूह गान घर में खुशियां आई, जाई म्हारी लाडली प्रस्तुत किया जाएगा।

### पुलिस ने छात्रों को साथ जोरों शोरों से निकाली पदयात्रा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' के तहत फरीदाबाद पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में रैली तथा पद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस हर घर तिरंगा के लिए चला रहे जागरूकता अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी के अंतर्गत डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर बल्लबगढ़ सेक्टर-3 चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने अपनी टीम के साथ अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ सेक्टर-3 के छात्रों के साथ मिलकर पदयात्रा निकाली जिसमें करीब 1000 छात्रों ने भाग लिया। पुलिस चौकी इंचार्ज ने पद यात्रा का नेतृत्व किया। पद यात्रा में पुलिसकर्मीयों के साथ अग्रवाल स्कूल के चैयर मेंन देवेन्द्र गुप्ता तथा प्रिंसिपल रचना और स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में आजादी महोत्सव जोरों शोरों से मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज बल्लबगढ़ के सेक्टर-3 में स्थित अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ में पुलिसकर्मियों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा आमजन को साथ लेकर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पदयात्रा तक स्कूल से होते हुए सेक्टर-3 के एरिया में सुबह 8.30 बजे से 10.00 बजे पद यात्रा निकाली। पद यात्रा के दौरान देश भक्ति के नारे गुंजते रहे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने पदयात्रा का नेतृत्व करते बल्लाबगढ़ एरिया में आमजन को देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरों द्वारा दिए गए किए गए बलिदान का महत्व समझाया तथा देश भक्ति गीत गाए तथा नारे लगाए जिससे पूरा फरीदाबाद देशभक्ति भावना से विभोर हो गया।

### 1.990 किलोग्राम गांजा सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्राभारी की टीम ने एक गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू पलवल की इस्लामाबाद कालोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से 1.990 किलो ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी ने कम समय में अधिकर पैसे कामने के लालच में गांजा बेचने का काम शुरु किया था। आरोपी ने गांजे को पलवल के किसी व्यक्ति से खरीदा था। आरोपी पर पलवल के कैम्प थाने में हत्या की कोशिश, लडाई झगडे और अवैध शराब तस्करी के तीन मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गांजा बेचने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच रेड कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

◆ जन्मदिन की शुभकामनाएं ◆



**मि. नरेश कुमार अरोड़ा**
सचिव, एफसीसीआई,
फरीदाबाद।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी रोशन लाल पुत्र श्री मुरारी लाल निवासी मकान नं0 2, गली नं0 1बी, निकिल विहार, इस्माईलपुर फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र महेश चन्द व उसकी पत्नी मिथलेश को उनके गलत व्यवहार व अभद्र आचरण के कारण अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व तमाम पारिवारिक व भौतिक सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में जो कोई उपरोक्त से किसी प्रकार का लेन-देन, सम्बन्ध या वास्ता रखेगा या व्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व्यवहारी (मुवक्किल) व उसके परिवार के अन्य लोगों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ध्रुव कुमार, एडवोकेट, फरीदाबाद

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# खैरात पर मतभेद

## निर्वाचन आयोग की भूमिका

**ऐसा** लगता है कि निर्वाचन आयोग राजनेताओं द्वारा 'खैरात' पर पैदा किए विवाद से स्वयं को अलग रखना चाहता है। खैरात पर भारत के निर्वाचन आयोग का दृष्टिकोण इस मुद्दे पर सहमति बनाने में सहायक नहीं सिद्ध हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में दिए अपने शपथपत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा था, 'स्थितियों के अनुसार खैरातों का समाज, अर्थव्यवस्था तथा समता पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, प्राकृतिक विभीषिकाओं या वैश्विक महामारी के समय जीवनरक्षक दवायें, भोजन, पैसा, आदि प्रदान करना जीवन व अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हो सकता है, पर सामान्य समय में उनको खैरात कहा जा सकता है।' संभवत: यह संवैधानिक संस्था स्वयं को उस जंजाल में नहीं फंसाना चाहती है जिसे राजनेताओं ने राजनीतिक क्षेत्र में पैदा किया है और इस प्रकार वह जानबूझ कर इससे बच रही है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि उसकी टिप्पणियों से मुद्दे के समाधान में कोई सहायता नहीं मिलती है। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का इस अनोखी रणनीति में विश्वास है कि यदि आप कोई समस्या हल नहीं करना चाहते हों तो उसे दार्शनिकीकरण कर दें और यदि यह तब भी गंभीर बनी रहे तो उसका राजनीतीकरण भी कर दें। प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई को 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ बयान देने के बाद केजरीवाल आश्चर्यजनक तर्कों से अपना बचाव करने लगे। उन्होंने पूछा कि क्या मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्यरक्षा को खैरात कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि कोई इस मामले में गंभीरता से दिलचस्पी नहीं ले रहा है, यहां तक कि यह बात भारतीय जनता पार्टी पर भी लागू होती है। यह बात भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की सर्वोच्च न्यायालय में पेश याचिका से भी स्पष्ट है जिसमें उन्होंने चुनावों से पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा पर प्रतिबंध लगाने की प्रार्थना की है।




लेकिन क्या लोगों को अदालत तभी नहीं जाना चाहिए जब वे स्वयं किसी मुद्दे का समाधान करने में विफल हो गए हों? सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ उपलब्ध नहीं है जिससे पता चले कि उपाध्याय या किसी अन्य भाजपा नेता ने पार्टी मंचों पर इस मामले पर चर्चा की है, ऐसे में सभी पार्टियों के बीच सहमति बनाने का सवाल ही कहां है। आखिरकार 'खैरातों' की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी अपनी प्रकृति से राजनीतिक होना चाहिए। सच्चाई यह है कि खैरात की संस्कृति या बेलगाम लोकरंजकता सभी पार्टियों में व्याप्त है और भाजपा समेत सभी पार्टियां इसे प्रोत्साहित करती है। वास्तव में वे सभी प्रतियोगी लोकरंजकता के खेल में शामिल हैं। लेकिन यदि सभी कोई गलत काम करें तो वह सही नहीं हो जाता है। लेकिन आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल अनेक प्रकार की खैरातें बांटने पर कोई नियंत्रण नहीं चाहते हैं। उनका मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के लिए मुफ्त बिजली या मुफ्त सार्वजनिक परिवहन कोई 'खैरात' नहीं है, बल्कि यह सरकार द्वारा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में अपनी 'संवैधानिक जिम्मेदारियों' का पालन है। संविधान या उसकी प्रस्तावना के आधार पर यह कहना गलत है कि हमारे गणतंत्र के संस्थापक चाहते थे कि सरकार मुफ्त वस्तुयें व सेवायें बांटे। हमारा स्वतंत्रता संघर्ष भी खैरातों के लिए नहीं था, बल्कि यह भारत और भारतीयों को आजाद कराने के लिए था। हमें आशा है कि सर्वोच्च न्यायालय हमारे राजनेताओं को यह सरल तथ्य समझाने में सफल होगा।

# 'ड्रैगन' पर भरोसा खुदकुशी करने के समान

**चीन की बात आज यहां इसलिए, क्योंकि अपनी विस्तारवादी नीति के कारण ही वह एक बार फिर विश्व में चर्चा का केंद्र में है। ताइवान में यही तो हुआ।**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)



**कुछ** वर्ष पहले भारत में चीन के राजदूत के साथ एक मैत्रीपूर्ण वातावरण में लंच पर बात हो रही थी। अनौपचारिक बातचीत में उनका मानना था कि उनका लक्ष्य भारत से उलझना कतई नहीं है। हां, यदि उलझने की बात चीन करता है तो वह अमेरिका की बात सोच सकता है। लेकिन, यह तो चीन की नीति रही है कि सामने शहद मिलाकर बात करो और इस अवसर की तलाश में रहो कि कब पीठ में छुरा घोंपा जा सके। ऐसी विस्तारवादी नीति चीन की शुरू से ही रही है। वह तो भारत का तथाकथित रूप से प्रारंभ में मित्र देश था। वर्ष 1949 में नए चीन की स्थापना के बाद के अगले वर्ष भारत ने चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। इस तरह भारत, चीन लोक गणराज्य को मान्यता देने वाला प्रथम गैर-समाजवादी देश बना। वर्ष 1954 के जून माह में चीन, भारत व म्यांमार द्वारा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत, यानी पंचशील प्रवर्तित किए गए। दरअसल, चीनी नागरिक अपनी सभ्यता और संस्कृति को इतना महान समझते हैं कि उनके मन में विश्व के किसी भी अन्य देश या जाति के लिए सम्मान की भावना ही नहीं है। वे सभी विदेशियों को असभ्य समझते हैं। पहले भी चीन विदेशियों को अपने बराबर नहीं मानते थे। उनके मत से चीन का सम्राट विश्वभर में एकमात्र श्रेष्ठ एवं सभ्य राजा थे और उसके अतिरिक्त शेष सभी असभ्य। चीन आज भी इतना शक्तिशाली है कि अपनी महानता के मद में किसी अन्य देश के साथ किसी भी प्रकार के संबंध बनाने की आवश्यकता नहीं समझता है।


चीन की बात आज यहां इसलिए, क्योंकि अपनी विस्तारवादी नीति के कारण ही वह एक बार फिर विश्व में चर्चा का केंद्र में है। ताइवान में यही तो हुआ। ताइवान स्ट्रेट में चीन द्वारा किए जा रहे युद्धाभ्यास का क्या अर्थ है? इसी प्रकरण को लेकर जब अमेरिकी राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ताइवान का दौरा किया तो चीन ने उनकी यात्रा पर कड़ा विरोध जताया है। नैंसी पेलोसी पिछले 25 वर्षों में ताइवान का दौरा करने वाली अमेरिका की सबसे बड़ी नेता हैं। इसी से भड़ककर चीन, ताइवान को घेरकर युद्धाभ्यास कर रहा है। इसलिए ताइवान पर चीनी हमले का खतरा मंडरा रहा है। चीन ने नैंसी पेमोले और उनके परिवार की ताइवान यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। उधर, चीनी विदेश मंत्रालय ने बीजिंग में अमेरिकी राजदूत क्रिस बर्न्स को तलब कर नैंसी पेलोसी की यात्रा पर कड़ा विरोध जताया है। ताइवान की परेशानी का आलम यह है कि उसके इर्द-गिर्द समुद्र के पानी में आग बरस रही है। बम और गोलियों से दहशत पैदा की जा रही है। ताइवानियों के सिर के ऊपर से सनसनाती मिसाइलें गुजर रही हैं। चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी सैन्य अभ्यास लाइव फायर में दो दिन में सौ से ज्यादा लड़ाकू विमान और दस युद्धपोत भेज चुकी है, जबकि ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीनी सेना 68 लड़ाकू विमानों और 13 युद्धपोतों ने सीमा का उल्लंघन किया है।

ताइवान को लेकर चीन के हमलावर रुख से दुनिया भर में सेमीकंडक्टर या चीप्स संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार ताइवान एक मात्र ऐसा देश है जो 64 प्रतिशत चिप की सप्लाई का कार्य करता है और इसमें आधी से अधिक की हिस्सेदारी ताइवान की सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की है। जानकारों का कहना है कि ताइवान पर चीनी हमला बढ़ता है तो कार से लेकर स्मार्ट फोन, लैपटाप जैसे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ वाशिंग मशीन, फ्रिज जैसी कई वस्तुओं का उत्पादन प्रभावित हो जाएगा, क्योंकि इन सभी सामग्रियों में चिप का इस्तेमाल होता है। चीन के हमले को देखते हुए चिप निर्माता कंपनी ने कहा है कि यदि चीन, ताइवान पर हमला करता है तो वह चिप्स का उत्पादन बंद कर देंगे। भारतीय औद्योगिक संगठन सीआईआई की आईसीटीई मैन्युफैक्चरिंग नेशनल कमेटी के चेयरमैन विनोद शर्मा का कहना है कि ताइवान पर हमला पूरी दुनिया के लिए खतरनाक सिद्ध होगा, क्योंकि चिप्स की सप्लाई चेन पहले से उलझी हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत पर ताइवान के किसी प्रतिकूल घटनाक्रम का प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। उनका कहना है कि भारत के कुल निर्यात में ताइवान की भागीदारी मात्र 0.7 प्रतिशत है और वहां से पूंजी प्रवाह भी अधिक नहीं है, इसलिए भारत पर वहां के संकट का असर पड़ने की आशंका बहुत कम है।

वर्ष 1894 में, जब चीन कमजोर और पिछड़ा हुआ देश था, उस समय भी उसकी मूल साम्राज्यवादी प्रकृति को महापुरुष स्वामी विवेकानंद ने भांप लिया था। अमेरिका के डेट्रॉइट नगर में एक वार्ता के बीच भविष्यवाणी की थी कि अंग्रेज भारतवर्ष छोड़कर जाएंगे, परंतु उसके बाद यह आशंका है कि चीन भारत पर आक्रमण करे। स्वामी विवेकानंद का यह कहना किसी गणना के आधार पर ही रहा होगा, क्योंकि वह जानते होंगे कि भारत-चीन सीमा 2600 मील में कोई-न-कोई खटका तो होता ही रहेगा। और, यही हुआ भी। भारत के आजाद होते ही चीन ने पहले भारत का हाथ दोस्ती के लिए पकड़कर गर्दन पर वार करना शुरू कर दिया। उसका संपूर्ण स्वरूप वर्ष 1962 में निकलकर सामने आया, जब दोनों देशों के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमे भारतीय पलड़ा नीचे ही रहा। एक अमेरिकन पत्रिका ने लिखा कि पंडित नेहरू और श्री कृष्णमेनन एक धोखे के शिकार हुए हैं। पहले वे शत्रु के भुलावे में रहे और फिर उनके आक्रमण के जाल में फंस गए। भारतीय सैकड़ों जवान शहीद हुए और हमारी सीमा पर कई जगह चीन ने कब्जा जमा लिया तथा मैकमोहन सीमा-रेखा को मानने से साफ इंकार कर दिया। जबकि, कानून का यह स्थायी सिद्धांत है कि किसी भी देश की जो वर्तमान स्थिति बहुत समय से वैसी ही चली आ रही है, उसे कम-से-कम बदला जाए। सीमा विवादों का निर्णय निम्नलिखित आधारों में से किसी एक के अनुसार हो सकता है- अंतराष्ट्रीय कानून द्वारा स्वीकृत स्वाभाविक सीमा, सीमा के ऐसे भौतिक चिह्न, जिन पर कोई विवाद न हो, संबंधित देशों द्वारा किए गए कानूनी समझौते, निश्चित सीमा के अंदर दोनों देशों की विभिन्न गतिविधियां।

चीनी उत्पीड़न से त्रस्त नॉवेल शांति पुरस्कार से सम्मानित, तिब्बत के परम् पावन धर्मगुरु दलाई लामा अपनी आत्मकथा मेरा देश निकाला में कहते हैं कुछ दिन के लिए में जीवित बुद्ध हूं, करुणा के बोधिसत्व अवलोकितेश्वर का मानुषी अवतार ,कुछ के लिए ईश्वर -सम्राट हूं। चीनी शासक के उत्पीड़न से त्रस्त होकर 31 मार्च 1959 को तिब्बत से भागा और तब से लेकर अब तक मैं निर्वासित के रूप में भारत में रह रहा हूं। यह चीन की विस्तारवादी नीति का ही तो परिणाम है जिसके कारण महामहिम दलाई लामा तक को उसका उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भारत की इतनी बड़ी सीमा पर चीन कोई-न-कोई विवाद तो करता ही रहता है और सभी तथा वह सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों को मानने से इंकार करता रहा है। चीनी सैनिकों के साथ गलवां में झड़प के एक साल पूरे हो गए हैं, लेकिन अब तक चीन ने एलएसी के पास डेरा डाल रखा है। भारत ने भी अब ड्रैगन से निपटने के लिए लंबी तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय सेना पिछले एक साल से लददाख में 50,000 सैनिकों के साथ तैनात है। इस तैनाती में भी बदलाव नहीं आया, जबकि यहां तापमान शून्य से 40 डिग्री नीचे गिर जाता है। ज्ञात हो कि 15 जून, 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवां घाटी में भारत और चीन के बीच खूनी झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 सैनिक शहीद हो गए थे। शहीदों में बिहार रेजिमेंट के कर्नल संतोष बाबू भी शामिल हैं। देखना यह होगा कि भारतीय पक्ष के इस मजबूती के साथ खड़े होने के बाद क्या चीन अपनी स्थिति को सुधार करेगा। अपनी गलतियों को तो कोई तभी सुधार सकता है जब वह यह महसूस कर ले कि उसने अपनी मर्यादाओं का उल्लंघन किया है, उसे तार-तार किया है। लेकिन, क्या चीन अपनी भूलों को मानने के लिए कभी तैयार होगा? ऐसा कभी चीन कर नहीं सकता, इसलिए क्योंकि अहंकार से ग्रस्त वह जानता है कि विश्व का एक सर्वाधिक शक्ति संपन्न देश है।


# जम्मू-कश्मीर में शांति का सपना



**अशोक के मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

**सं**विधान का अनुच्छेद 370 समाप्त करने के तीन साल बाद सरकार जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने, कश्मीरियों के दिल-दिमाग जीतने, कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ने तथा विकास करने का घोषित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी है। कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण से पाकिस्तान राजनयिक रूप से अलग थलग नहीं हुआ है। इसके बजाय चीन के साथ द्विपक्षीय मुद्दा तूल पकड़ गया है। भारत सरकार वे मुद्दे खारिज नहीं कर सकती है जो 75 साल से लंबित हैं। विधि सेंटर फार लीगल पालिसी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'हमीं अस्त? अ बायोग्राफी आफ आर्टिकिल 370' में तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 370 समाप्त करना विधिक रूप से अनुचित है। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और हालांकि, प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रमना ने इसकी जल्दी सुनवाई की बात कही है, पर देश के राजनीतिक माहौल को देखते हुए याचिकाकर्ताओं को ज्यादा उम्मीद नहीं है। फोरम फार ह्यूमन राइट्स ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'थ्री इयर्स एज़ यूनियन टेरीटरी: ह्यूमन राइट्स इन कश्मीर' में मानवाधिकार उल्लंघनों की लगातार जारी घटनाओं व मूल कमियों का दस्तावेजीकरण किया है। हालांकि, इसका राज्य नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, पर इसने जम्मू कश्मीर में विकृतियों का उल्लेख किया है। पिछले शुक्रवार को चीन ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने की तीसरी वर्षगांठ पर अपने मतभेद शांतिपूर्वक हल कर लेने चाहिए। उसने जोर दिया कि विभिन्न पक्षों को एकपक्षीय कार्रवाई से यथास्थिति बदलने या तनाव बढ़ाने के प्रयासों से बचना चाहिए।

2019 में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संघशासित क्षेत्र लद्दाख का नया मानचित्र जारी करने तथा संसद में अक्साईचिन पर वापस कब्जा करने की बात से चीन नाराज हुआ था। चीन विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इस बयान से भी संतुष्ट नहीं था कि इसका सीमा विवाद पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, हालांकि उन्होंने चीनियों को खुश करने के लिए बीजिंग की यात्रा भी की थी। मई, 2020 में पीएलए ने लद्दाख में हमला कर दूसरा मोर्चा सक्रिय कर दिया और वह अब वह जिनजियांग से तिब्बत जाने वाली जी219 के समानान्तर नई सड़क जी 695 भी बना रहा है जो भारतीय सीमा से 20-25 किलोमीटर दूर है। शुरू में लद्दाखी उत्साहित थे, पर अब वे संघशासित दर्जा मिलने के बाद निराश हैं क्योंकि अपने प्रतिनिधियों के बजाय उन पर नौकरशाहों का शासन है। भ्रष्टाचार जड़ें जमा रहा है तथा बिना किसी प्रशासनिक जवाबदेही के केन्द्रीय कानून लागू हैं। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भीतरी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की संख्या 2019 के बाद लगभग दूनी हो गई है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति 'लगभग सामान्य' है, पर अभी आतंकवाद का सफाया नहीं हुआ है। हाल में श्रीनगर में एक सवाल के जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'यह समस्या पुरानी है और इसे समाप्त करने में समय लगेगा।' 2019 से 690 आतंकियों का सफाया हुआ तथा 135 इस साल मारे गए। इसके अलावा 136 नागरिक, सुरक्षा बलों के 146 जवान तथा राज्य के 57 अधिकारी शहीद हुए। हालांकि, प्रशासन इसे पाकिस्तान का छद्म युद्ध कहता था, पर अब उसने रणनीति बदली है। चरमपंथ को हाइब्रिड आतंकवाद व फेसलेस मिलिटेंसी कहा जाता है। 2019 से 572 युवा चरमपंथी बने हैं जिनको ग्रेनेड फेंकने जैसे कामों में लगाया गया है। इनमें से कुछ अकेले 'लोन वुल्फ' कार्रवाई करते हैं। इन्होंने बंदूक का भय बनाए रखने के लिए हिंदुओं, पंडितों व प्रवासियों पर हमले किए हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं कि सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है, पत्थरबाजी बंद हुई है, हड़ताल के आह्वान घटे हैं, खुलेआम कोई चरमपंथी गतिविधि नहीं है तथा सर्वोच्च कमांडरों का सफाया हो गया है। इसके लिए पीएसएस, यूएपीए व कर छापों का व्यापक प्रयोग हुआ है।



आतंकियों की लाशें उनके परिवारों को नहीं सौंपी जाती हैं, पंडितों को पूरी सुरक्षा दी जा रही है और उनको काम पर नहीं जाना होता है। इसी प्रकार 'पंचों' को उनके घरों तक सीमित किया गया है, मीरवैज़ उमर फारूक अपने घर में नजरबंद हैं तथा फारूक व उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती का दावा है कि उनको घरों पर नजरबंद रखा गया है। पार्टी बैठकों की अनुमति नहीं है। हालांकि, उग्रवाद चेनाब व पीर पंजाल घाटी तक फैल गया है, पर मल्टी-एजेंसी आतंकी निगरानी समूह ने अच्छा काम करते हुए नई चुनौतियां स्वीकार की हैं। काबुल में अल जवाहिरी की हत्या तथा अलकायदा व आईएसआईएस स्लीपर सेलों की सक्रियता से समस्या गंभीर हो सकती है।

रेजीस्टेंस फ्रंट साहस व शक्ति जुटा रहा है जिसमें जैशे मुहम्मद के जिहादी शामिल हैं। राज्यपाल के शासन के चौथे वर्ष में मनोज सिन्हा ने सुरक्षा, विकास व जनता से संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रशासन की उपलब्धियों के बड़े-बड़े दावे किए हैं। आंकड़े 'अमृत काल' को देखते हुए शानदार हैं। केवल 2021-22 में लगभग 51,000 परियोजनायें पूरी की गई हैं तथा कनेक्टिविटी पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पनबिजली, कृषि, रोजगार व पर्यटन में नई विकास योजनायें शुरू की जाने वाली हैं। लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद अलगाव बढ़ा है। समस्यायें दूर करने के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन जरूरी, लेकिन नाकाफी है।

चुनाव अभी दूर हैं तथा परिसीमन आयोग के कारण सांप्रदायिक विभाजन बढ़ा है। एनएसए अजीत डोवाल व सीओएएस जनरल बाजवा के बीच वार्ता के पश्चात 2021 में युद्धविराम हुआ, लेकिन इसके अलावा कोई परोक्ष संवाद नहीं हो रहा है। ऐसे में सवाल है कि चुनाव कब तक टाले जा सकते हैं? जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना पहला जरूरी कदम है और इसकी घोषणा 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो जानी चाहिए।

## आप की बात

### कब होगा बस अड्डों का विकास

**मुख्यमंत्री** श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में परिवहन विभाग के कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश मे सभी बस अड्डे एयरपोर्ट की तरह होंगे। यह एक अच्छी पहल लगती है। पर क्या वास्तव में यह पहल जमीन पर उतर पाएगी। आज की तारीख में मेरठ या किसी भी अन्य शहर के बस अड्डों को देखा जाए तो ज्यादातर की दशा दयनीय है। बरसातों में तो हाल और बुरा हो जाता है। बस अड्डों के साथ वाहनों की पार्किंग रोज एक शहर से दूसरे शहर जाने वालों के लिए बहुत ही आवश्यक है पर अधिकांश बस अड्डों के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा नहीं है। अगर है भी तो जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। सभी बस अड्डों के टॉयलेट बाथरूम सड़े पड़े रहते हैं। और जहां कुछ अड्डों में टॉयलेट बाथरूम बनाए गए हैं। वहां 10 से 20 रुपए तक मूत्र विसर्जन शौच करने के लिए जाते हैं। जो कि जनता की लूट है। मेरठ में पिछले 40 वर्षों से वैशाली बस अड्डे को शहर के बाहर करने की बात चल रही है पर आज भी बस अड्डा अपनी पुरानी जगह पर है और जाम का कारण बन रहा है। सिर्फ अखबारी घोषणाओं से हटकर वास्तविक विकास की ओर ध्यान देना होगा।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### स्वागतयोग्य निर्णय

**सरकार** ने कोविड के दौरान लगी एयर फेयर पाबंदी को हटा लिया है। बता दें कि 1 अगस्त को एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत दिल्ली में 1.21 लाख रुपये प्रति किलोलीटर थी, जो पिछले महीने के मुकाबले 14 फीसदी कम थी। पाबंदी हटाने का फैसला इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है! वैसे भी हवाई यात्रा आर्थिक रूप से सक्षम जो लोग ही करते हैं! इसमें समय की भारी बचत होती है! और हवाई यात्रा सुविधा पूर्ण होती है !वही हवाई कंपनियां बडा इन्वेस्टमेंट करने के साथ-साथ मंहगा ईंधन और हाई क्लास स्टॉफ रखने और यात्रियों को भरपूर सुविधाएं देती है! ऐसे में उन्हें अपना खर्च निकाल कर अपना मुनाफा निकाल सके इसके लिए छूट देना आवश्यक था. आपसी कॉम्पिटिशन के चक्कर में एयरलाइंस के बीच प्राइस वॉर शुरू हो जाए। लेकिन किसी भी सेक्टर में ग्रोथ की यह स्वाभाविक प्रक्रिया मानी जाती है। कुछ समय की बढ़ोतरी और गिरावट के बाद कीमतें डिमांड सप्लाई नियम के मुताबिक संतुलित हो जाएंगी। मगर कॉलेज व्यस्ततम ट्रैफिक के दौरान अनाप-शनाप किराया वसूलने की प्रवृत्ति भी हवाई कंपनियों में मौजूद है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### सही कहा केजरीवाल ने!

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यूं देखा जाए तो सही कह रहे हैं कि जनता को मुफ्त में शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा, पानी, बिजली देना कैसे मुक्त की रेवड़ी हो जाती है? जब देश आजाद हुआ तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि सरकार भले ही अन्य वस्तुओं पर कर लगाएं, लेकिन जनता को शिक्षा, चिकित्सा सुविधा व न्याय मुफ्त में सुलभ तरीके से उपलध होना चाहिए। इस सबका खर्च सरकार को वहन करना चाहिए। यह सरकार का दायित्व है। समग्र रूप से देखा जाए तो आज आम जन की जेंब पर भार सबसे ज्यादा इन क्षेत्रों में ही पड़ रहा है। लेकिन केजरीवाल को छोड़कर कोई भी शिक्षा, चिकित्सा की बात नहीं कर रहा है। न्याय के मामले में चुप्पी सधी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वीएन खरे महोदय की टिप्पणी तो कोड कर गौरतलब करने योग्य है कि किसी गरीब आदमी को बिना पैसे के अदालत की और देखना भी गुनाह है। केजरीवाल जी मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा पर वजनदार बात कर रहे हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आर्थिक** सुधार की शक्ति मजबूत परिदृश्य बनाती है, हम सभी क्षेत्रों में तेज वृद्धि के लिए तैयार हैं।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**वित्तमंत्री** का यह कहना ठीक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी नहीं होगी क्योंकि यह पहले ही हो चुका है।

– **सुब्रमण्यम स्वामी**
भाजपा नेता



**भाजपा** के लिए पालाबदल कराना एक कल्याणकारी उपाय है क्योंकि इससे पालाबदल करने वालों का स्तर ऊंचा होता है।

– **पी. चिदम्बरम**
कांग्रेस नेता

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

## स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**76वें** स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने के लिए शनिवार को फाइनल रिहर्सल में छात्रों ने फुल ड्रेस में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस फाइनल रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ परेड की सलामी भी ली।

इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम अदिति, जीएम रोडवेज अशोक मुंजाल, नप अधिकारी केएल बठला उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक मनाने के लिए छोटे बच्चों से लेकर बड़े अधिकारियों को एक टीम की तरह एकजुट होकर कार्य करना है। एडीसी अखिल पिलानी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त को प्रात: 8.50 बजे मुख्य अतिथि द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन तथा स्वागत, नौ बजे से नौ बजकर दो मिनट तक ध्वजारोहण तथा राष्ट्रीय धुन, 9.02 बजे से 9.10 बजे तक परेड का निरीक्षण, 9.10 बजे से 9.25 तक मुख्य अतिथि का भाषण, 9.25 से 9.35 तक मार्च पास्ट, 9.35 से 10.05 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.05 से 10.15 बजे तक पुरस्कार वितरण तथा 10.15 बजे राष्ट्रगान होगा।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के किए पुख्ता प्रबंध

**जिलाधीश** एवं उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पिहोवा की पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में मनाया जा रहा है। इस दौरान असमाजिक तत्व समाज विरोधी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसके साथ-साथ विशेषकर उग्रवादी ग्रुप तथा समाज विरोधी तत्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर या इससे पहले किसी भी रूप में अपनी गतिविधियों को तेज करके अपने इरादों को कामयाब बनाने के फिराक में रहते हैं। इसलिए कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए जिले में 15 अगस्त को धारा 144 लागू रहेगी। संबंधित थाना प्रभारी व थाना प्रबंधक यातायात अपने नियंत्रण क्षेत्र में 15 अगस्त को इन आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करते हुए दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद सैनी फराएंगे झंडा

**थानेसर** उपमंडल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांसद नायब सिंह सैनी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों सात टीमों का चयन कर लिया किया गया है। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बचगांवा गामड़ी कन्या गुरुकुल, श्रीमहावीर जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विजडम वर्ल्ड स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय गान की फाइनल रिहर्सल की गई। इस बार परेड में छह टुकड़ियां भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### अंतरराष्ट्रीय यूथ दिवस पर युवाओं को किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर सामाजिक संस्था यूथ वीरांगना द्वारा युवाओं को जागरूक किया। संस्था द्वारा गांव बोढी में आयोजित कार्यक्रम में संस्था से जुड़ी सदस्यों ने जहां युवाओं को नशे व बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया, वहीं अच्छे राष्ट्र निर्माण के बारे में भी बताया। संस्था की सदस्या निर्मल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आधुनिकता की दौड़ में युवा अपने रास्ते से भटक रहा है। काफी माता-पिता अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते और मोबाइल के कारण गलत कार्यों में बच्चे लग जाते हैं। सेमिनार के दौरान संस्था की सदस्यों ने बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया कि मोबाइल का प्रयोग जब बच्चा करते तो उस पर नजर बनाकर रखें। निर्मल ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और आज युवा वर्ग नशे की जकड़ने में फंसता जा रहा है। इस दौरान पूरा वातावरण भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से गूंज गया। इस मौके पर प्रीति, रानी, सुमन, सुदेश, शोभना, सीमा, पूनम, दर्शना, गीता, गुड्डी, मंजू, निशा, रूमा, बेबी, बब्ली, निर्मला, नीलम व दीक्षा आदि मौजूद रहीं।

### 15 अगस्त तक हर घर पर हो तिरंगा : डा. खैहरा



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई हर घर तिरंगा मुहिम को हम सबने आगे बढ़ाना है। 13 से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे अभियान के तहत हमारा फर्ज बनता है कि 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगा होना चाहिए। डॉ. खैहरा शनिवार को लुखी स्थित अपने निवास पर तिरंगा लगाने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि 15 अगस्त का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। स्वतंत्रता के लिए हमारे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह सब महान स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों की बदौलत है। हमें इस दिन देश के उन वीरों को याद करना चाहिए जोकि देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। डॉ. खैहरा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों पर तिरंगा लगाएं व आजादी के अमृत महोत्सव को श्रद्धा भाव के साथ मनाएं।

### हंसिका हेड गर्ल और रमन चुने गए हेड बॉय



**कुरुक्षेत्र।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह और स्वतंत्रता दिवस के समारोह को बड़ी धूमधाम साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी गुप्ता रहीं, जिनका प्राचार्य सुमिता ठाकुर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्कूल के चारों सदनों शक्ति सदन, श्रद्धा सदन शांति सदन और सत्या सदन द्वारा उनकी आगवानी की गई। स्कूल के सभी विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित परिषद को वैज, शेशे पहनाए और बधाई दी। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। जिनमें एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य प्रस्तुति, समूह नृत्य प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, संसद कार्यप्रणाली का प्रस्तुतीकरण आदि प्रमुख रहे। स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल का गर्मजोशी से भरा व्याख्यान विशेष रहा। कार्यक्रम में एक के बाद एक मनमोहक व प्रेरक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य सुमिता ठाकुर ने कार्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में परिषद के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और छात्रों से अपने साथी छात्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल के समस्त अध्यापको का धन्यवाद किया।

# देश की एकता, भाईचारे और संवैधानिक संस्थाओं पर खतरा मंडरा रहा : कुलदीप

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने भीड़ उमड़ी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत देश को जोड़ने, लोगों में आपसी भाई चारा बढ़ाने और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और मर्यादा की रक्षा के लिए करनाल में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। देश को आजादी दिलाने वाली कांग्रेस का एक कार्यकर्ता सबसे आगे तिरंगा लेकर चल रहा था। पीछे कांग्रेस वर्कर पार्टी का झंडा लेकर चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दर्जन से अधिक स्थानों पर यात्रा के स्वागत के लिए स्टाल लगाए।

करनाल विधान सभा क्षेत्र में भारत जोड़ो यात्रा की अगुवाई पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह तथा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलौडा, जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह कर रहे थे। यात्रा के सुबह करनाल मानव सेवा संघ पार्क से वाल्मीकि चौक (कमेटी चौक), से होते हुए कर्ण गेट, बांसों गेट, कर्ण ताल पार्क से सदर बाजार इब्राहिम मंडी चौक से, मूनक रोड पुल के नीचे से शिव कॉलोनी, कैथल रोड से प्रेमनगर, मुख्यमंत्री निवास से राम नगर मेन बाजार, से होते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद उषा तुली के कार्यालय के सामने समापन हुआ।

मानव सेवा संघ में कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि आज देश की एकता, भाई चारे और संवैधानिक संस्थाओं पर खतरा मंडरा रहा है। जिला प्रभारी पूर्व विधायक लहरी सिंह ने कहा कि सभी को मिल कर देश विरोधी ताकतों का मुकाबला करना होगा। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी प्रधान सुरेश गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी दिलाने में कांग्रेस की अहम भूमिका रही है। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस देश को सांप्रदायिक ताकतों से बचाने के लिए संघर्ष कर रही।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, पूर्व विधायक गणा राकेश कांबोज, त्रिलोचन सिंह, कमल मान, रघुवीर संधू, कृष्ण बसताडा अशोक खुराना, पार्षद पप्पू लाठर, हरी राम सांभा, राजेंद्र बल्ला, ललित, रामफल कलाम पुर, जोगेंद्र वाल्मीक, राजेश वैद्य, रन पाल संधू, जोगेंद चौहान भूपेंद्र लाठर इंद्रजीत गुराया, निप्पी मान, अमरजीत धीमान, धर्मपाल कौशिक डॉ. गीता, मीनू दुआ, सुषमा नागपाल, युवा अध्यक्ष मनिंदर सेंटी, रोहित जोशी, रमेश सेनी बीरबल तवर, नरेश संधू, अरुण पंजाबी, राजेंद्र सिंह, भोला, रामेश्वर वाल्मीक अनिल शर्मा, जागीर सैनी, सुनेहरा वाल्मीकि, सिराज, रोहताश, कर्म पाल, होशियार सिंह, पृथ्वी भाट, जीत राम कश्यप, अमर जीत धीमान, डॉ. नारंग, रमेश जोगी, जिले राम वाल्मीकि राजेंद्र, राज किरण सहगल, एमएस महेंद्रु, सुरजीत सैनी, अंशुल चौधरी, अशोक जैन, अनिल शर्मा, दिनेश सेन, राजेंद्र नम्बरदार, गगन मेहता, दया प्रकाश जितेंद्र पंचाल और कृष्ण गहलोत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



कांग्रेस पार्टी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल तरलोचन सिंह।

### मुख्यमंत्री निवास की पुलिस ने की घेरा बंदी

**करनाल।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को देखते हुए पुलिस ने मुख्यमंत्री के प्रेम नगर स्थित आवास की घेरा बंदी कर दी। मुख्यमंत्री के निवास की तरफ जाने वाले रास्ते को ब्लाक कर दिया।

## उपायुक्त ने 18 मंजिला मंदिर पर फहराया तिरंगा



मंदिर में पहुंचने पर उपायुक्त को स्मृति चिह्न भेंट करते राजेश गोयल और अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** शनिवार को 18 मंजिला गीता ज्ञान मंदिर में राष्ट्र प्रेम व श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। एक ओर जहां देश में आम नागरिक तिरंगे के प्रति प्रेम रखता है और शुरू हुई घर-घर तिरंगा मुहिम में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहा है। वहीं धार्मिक स्थल भी आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा मुहिम में किसी से कम नहीं है।

एशिया के सबसे ऊंचे कुरुक्षेत्र में निमार्णाधीन गीता ज्ञान मंदिर की प्रबंधन कमेटी भी आजादी के अमृत उत्सव का जश्न धूमधाम से मना रही है। इसी उपलक्ष में गीता ज्ञान मंदिर में तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त मुकुल कुमार का स्वामी चिरंजीपुरी महाराज व प्रधान राजेश गोयल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। शनिवार सुबह मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया। दिल्ली, कुरुक्षेत्र व आस पास के वे लोग शामिल हुए जोकि मंदिर कमेटी से जुड़े हुए हैं। इसके बाद मंदिर की तीसरी मंजिल पर उपायुक्त मुकुल कुमार द्वारा तिरंगा फहराया गया। उपायुक्त ने मंदिर परिसर की चारदिवारी बनाने के कार्य का भी शुभारंभ किया। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लिए बड़ी बात है कि यहां पर 18 मंजिला मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। गीता ज्ञान मंदिर एशिया का सबसे बड़ा मंदिर बनाया जा रहा है। पर्यटन की दृष्टि से कुरुक्षेत्र के लिए यह मंदिर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। खुशी की बात है कि कुरुक्षेत्र जिला में सवा दो लाख से ज्यादा घरों पर तिरंगा लगाया जा चुका है। केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, पंकज गोयल, रामकुमार, जयभगवान सिंगला, शंकर गोयल, केशव, पुनीत, त्रिवेंद्र, प्रवीण बंसल, सुभाष इक्षबंदल, सौरभ चौधरी, महासिंह पुनिया, आस्ट्रेलिया से सेवा सिंह, गिरीश मित्तल, हिमांशु अग्रवाल, भरत गोयल, डा. पवन गोयल, प्रभात मित्तल, विजय गर्ग, अशोक गुप्ता, बीबी मित्तल, सुशील गुप्ता सहित मंदिर के ट्रस्टी व शहर के गणमान्यजन मौजूद रहे।

# कैमला गांव के डिपो होल्डर ने फ्री में बांटे तिरंगे



गांव कैमला में तिरंगा वितरित करते डीएफएससी।

## डीएफएससी पहुंचे मौके पर, युवाओं में दिखा जोश

**करनाल।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की तरफ से राशन की सरकारी दुकानों पर तिरंगे झंडे भेजे गए हैं। जिसकी कीमत 20 रुपये रखी गई है। कोई भी कार्डधारक अपनी इच्छा से 20 रुपये में तिरंगा झंडा ले सकता है, लेकिन गांव कैमला में मनीष डिपो होल्डर ने कार्ड धारकों को नि:शुल्क तिरंगे झंडे वितरित किये।

शनिवार को झंडा वितरण कार्यक्रम में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी कुशल पाल, एएफएसओ सुभाष चंद्र, निरीक्षक राजेश कुमार व मोनू कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके साथ ही एक तिरंगा यात्रा भी गांव की मुख्य गली से निकाली गई। युवाओं में भारी जोश देखने को मिला। तिरंगा यात्रा के बाद कार्ड धारकों को झंडे वितरित किए गए। डीएफएससी कुशल पाल बूरा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और उसी क्रम में सभी डिपो होल्डर्स द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत झंडा वितरण किया जा रहा है। झंडे नि:शुल्क दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही झंडे की मान मर्यादा का भी ध्यान रखें। वही डिपो होल्डर मनीष कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए डिपो पर प्रशासन की तरफ से तिरंगे झंडे भेजे गए हैं।

हालांकि एक झंडे की कोस्ट 20 रुपये रखी गई है, लेकिन डिपो होल्डर एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा लगा सकें, इसलिए झंडे नि:शुल्क वितरित किये जा रहे हैं। वहीं जब झंडा वितरण कार्यक्रम में पहुंचे युवा कार्डधारकों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि झंडे नि:शुल्क वितरित किये जा रहे हैं और डिपो होल्डर की तरफ से यह सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान 25 अगस्त तक ऑनलाइन करें आवेदन

**करनाल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग करनाल के उप निदेशक डॉ. आदित्य डबास ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा 2022-23 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे कि सुपर एसएमएस, बेलिंग मशीन, हैप्पी सीडर, रोटरी स्लेशर/श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रॉ चोपर/ मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, जीरो टिल ड्रिल, सुपर सीडर, ट्रेक्टर चालित/ स्वचालित क्रॉप रीपर / रीपर कम बाईंडर पर अनुदान देने के लिए आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत किसान समूह/ किसान उत्पादक संगठन/ ग्राम पंचायत को कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि दी जायेगी। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर 25 अगस्त 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए करनाल के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पूर्वाभ्यास : एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने किया ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**नई** अनाज मंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास शनिवार को बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इस अवसर पर ध्वजारोहण किया और उपस्थित परेड की सलामी ली। राष्ट्रीय धुन का प्रसारण हुआ जिसमें उपस्थित सभी ने सावधान होकर तिरंगे को सम्मान दिया।

ध्वजारोहण के बाद एडीसी ने परेड का निरीक्षण किया और फिर मार्च पास्ट हुआ। परेड में शामिल हरियाणा पुलिस के जवानों की प्लाटुन, गर्ल गाईड्स और स्काउट्स की टुकड़ियां मार्च करती हुए सलामी मंच के आगे से गुजरी। स्काउटस की टुकड़ी एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से शामिल हुई जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के स्काउटस ब्वॉयज परेड में शामिल हुए। अंतिम पूर्वाभ्यास में जाने से पूर्व एडीसी ने शहर के कर्ण पार्क के निकट जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के परिसर में वीर शहीदों की याद में बने वॉर मैमोरियल स्थल पर जाकर देश के अमर शहीदों का स्मरण कर पुष्प चक्र अर्पित किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। सामूहिक पीटी शो हुआ, पीटी में शामिल स्कूली बच्चों ने मधुर बैंड की धुन पर विभिन्न शारीरिक क्रियाओं का प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त अध्यापक अविनाश भारद्वाज और एईओ संगीता ने संयुक्त रूप से पीटी कराई। इस दौरान कार्यक्रम स्थल भारत माता की जय से गूंज उठा।

उपमंडलाधीश करनाल अनुभव मेहता ने अंतिम पूर्वाभ्यास में ध्वजारोहरण के लिए पधारी एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**पीटी** शो के बाद भिन्न-भिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सबसे पहले ओपीएस विद्या मंदिर के बच्चों ने हर घर तिरंगा शीर्षक पर देशभक्ति की प्रस्तुति दी, जिसमें भारत की आन-बान और शान तिरंगा का गुणगान किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चे अपने हाथों समापन पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने परेड, पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस देश की आजादी का दिन है। यह दिन वीर शहीदों की कुर्बानी की बदौलत नसीब हुआ था। देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले शहीदों को हम सबकी ओर से श्रद्धांजलि है।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मैं कुछ नहीं चाहता मेरे मालिक मुझे इतनी ताकत दे दे,
मेरे दिल को कभी न मिटने वाली ऐसी चाहत दे दे,
जिऊं तो उत्थान की खातिर, मरूं तो देश के सम्मान की खातिर,
मुझे देना है तो कुछ ऐसे कर्म, कुछ ऐसी इबादत दे दे।

## ड्यूरोप्लाई ने बढ़ई के बच्चों को 1,000 से अधिक एजुकेशनल किट्स वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**ड्यूरोप्लाई** ने कोविड के प्रकोप के बाद एक बार फिर स्कूल वापसी करने वाले बढ़ई के बच्चों को 1,000 से अधिक एजुकेशनल किट्स वितरित किए हैं। अपने सामाजिक अभियान आओ स्कूलचले हम लॉन्च करने का ड्यूरोप्लाई का उद्देश्य इन बच्चों को प्रेरित करना है, जो किलम्बे समय तक कोविड के कारण स्कूल जाने से वंचित रहे हैं।

ड्यूरोप्लाई ने समूचे भारतमें इस नेक पहल का आगा? किया है। अधिकांश लाभार्थी बच्चे समाज के वंचित तबकों से हैं और इस किट में उनके लिए तमाम जरुरी नए अध्ययन उपकरण शामिल हैं, जो उनके लिए सिर्फ प्रेरणा से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। प्रत्येक एजुकेशनल किट में एक स्कूल बैग, एक ज्योमेट्रीबॉक्स, रंग भरने वाली किताबें, कॉपियां, पेन, फेसमास्क्स और अन्य स्टेशनरी का सामान शामिल है। इस सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए, अखिलेश चितलांगिया, एग्जीक्यूटिवडायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, ड्यूरोप्लाई, ने कहा, 65 से भी अधिक वर्ष पुरानी विरासत और अपने क्षेत्र की एक जिम्मेदार कंपनी होने के नाते, हमने महसूस किया कि गृहनिर्माण उद्योग में इस महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर की विशेष देखभाल करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। कोविड के विगत दो वर्षों ने लगभग सभी लोगों को मानसिक रूप से बहुत प्रभावित किया है। इसके प्रभाव को कम करना और अपने प्रमुख स्टेकहोल्डर्स पर विशेष ध्यान देना हमारा सबसे पहला कर्तव्य है। ड्यूरोप्लाई ने इस पहल की शुरुआत ठीक उस समय की, जब ऑनलाइन कक्षाओं और गर्मी की छुट्टियों के बाद एक बार फिर स्कूल खुल रहे थे। इस पहल के तहत यह भी सुनिश्चित किया गया कि जरूरतमंद बच्चों को स्वयं की अध्ययन सामग्री नहीं खरीदना पड़े। नतीजतन, आने वाले वर्षों में बच्चों द्वारा किट का पूरी तरह से उपयोग किया जा सकेगा।

## फोन स्नेचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने मोबाइल फोन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपयिों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। फरार दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस जांच में आरोपियों ने खुलासा किया। नशा की पूर्ति पूरी करने के लिए फोन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने खुलासा कि वे अपने दो ओर साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को एएसआई सुलेन्द्र सिंह इंचार्ज पुलिस चौकी सेक्टर-09 की अध्यक्षता में टीम द्वारा दो आरोपियों दीनानाथ उर्फ दिनेश वासी होडलपुर जिला कासगंज उत्तर प्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर-32 जिला करनाल, मनप्रीत वासी ईदगाह कॉलोनी तरावड़ी जिला करनाल को सेक्टर-32 से गिरफ्तार किया।

## उत्कर्ष : तिरंगा थीम पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का उत्साहपूर्ण समापन

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**उत्कर्ष** क्लासेस द्वारा शिक्षाविद एवं समाजसेवी तथा संस्था के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत के 44वें जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार, 13 अगस्त को कमला नेहरू नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर, केशव परिसर में प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक तिरंगा थीम पर आयोजित उच्च स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का समापन हजारों रक्तदाताओं के जोश व उत्साह के साथ हुआ। इस विशाल शिविर में रिकॉर्ड पांच हजार से अधिक यूनिट हुआ रक्तदान। रक्तदान शिविर के दौरान प्रत्येक रक्तदाताओं को उच्च क्वालिटी का हेलमेट तथा एक तिरंगा भेंट किया गया। इसी के साथ प्रत्येक आगंतुकों के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था रखी गई।

अभिनन्दन समारोह के दौरान विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को भेंट किए जाने वाले 44 वाहनों की प्रतीकात्मक चाबी का लोकार्पण डॉ. निर्मल गहलोत ने स्वामी रामप्रसाद महाराज के साथ किया तथा वाहनों का उद्घाटन इन्हीं संस्थान प्रमुखों द्वारा किया गया।



शिविर में प्रदेश में सामाजिक हितों के लिए सक्रिय विभिन्न स्वयंसेवी संस्थानों को प्रोत्साहन स्वरूप कुल 14 मोबाइल हेल्थ वेन तथा कुल 30 ओकिनावा इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भेंट किए गए जिसके तहत राजस्थान के विभिन्न गरीब व पिछड़े क्षेत्रों में पंद्रह सौ से अधिक अलग-अलग समाजसेवी कार्य करने वाली सेवा भारती समिति को 13 चल-चिकित्सालय (मोबाइल हेल्थ वेन) तथा कार्यकर्ताओं हेतु 23 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भेंट किए गए। सेवा भारती समिति के अतिरिक्त वनवासी कल्याण परिषद को 1 मोबाइल हेल्थ वेन तथा एक इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भेंट किया गया। इसी कड़ी में एक-एक इलेक्ट्रिक स्कूटर विद्या भारती, बाबा रामदेव सेवा संस्थान, माधव पर्यावरण सोसाइटी, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय सेविका समिति, सुदर्शन सेवा संस्थान और आरोग्य भारती के कार्यकर्ताओं को भेंट किए गए।

दो सौ इकत्तीस बार रक्तदान कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड जैसे कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मान अपने नाम कर चुके हरियाणा राज्य से आए कैप्टन डॉ. सुरेश सैनी रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए प्रेरणा का माध्यम बने रहें। इसी तरह जोधपुर के श्याम हुड्डा ने रक्तदान का शतक बना कर रक्तदाताओं को इस महादान के लिए प्रेरित किया।

# लोक अदालत में निपटाए 18 हजार से अधिक मुकदमेः रमेश चन्द्र

## लोक अदालत में 08 करोड़ 04 लाख 74 हजार 865 रुपये की राशि का किया गया निस्तारण


तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निटपाते डीएलएसए सचिव रमेश चन्द्र।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला कोर्ट परिसर व उपमण्डल स्तर पर गोहाना, खरखौदा व गन्नौर में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. संजीव आर्या व विमल कुमार , अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश (फैमिली कोर्ट) हेमंत यादव, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अपर्णा चौधरी व प्रिया की बेंचों के द्वारा केसों का निपटारा किया गया। उपमंडल स्तर पर गोहाना में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी संजय, गन्नौर में उपमंडलीय न्यायिक अधिकारी सोनिया श्योकंद तथा खरखौदा में उपमंडलीय न्यायिक अधिकारी रेनू शौलखे द्वारा केसों का निपटारा किया गया।

इस लोक अदालत में कुल 18 हजार 021 मुकदमों का निपटारा किया गया। जिसमें मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 37 केसों का निपटारा किया गया, जिसके तहत वादियों की एक करोड़ 54 लाख 39 हजार रुपये की समझौता राशी का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मोटर व्हीकल से संबंधित आठ हजार 369 चालानों का निपटारा किया गया, जिसके तहत 57 लाख 34 हजार 350 रुपये की राशि वसूली गई।

### फौजदारी के 1065 मामलों को हुआ निपटारा

**डीएलएसए** सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि फौजदारी के एक हजार 065 केसों का निपटारा किया गया जिसमें 17 हजार 660 रुपये की राशि का निपटान किया गया। इसके अलावा 313 सिविल केस, 129 वैवाहिक विवाद समन्धी, 254 चेक बाउंस समन्धित केसों में 05 करोड़ 20 लाख 79 हजार 91 रुपये का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 50 आबकारी केसों का भी निपटारा किया गया, जिसमें 19 हजार 350 रुपये का जुर्माना किया गया। गैंबलिंग एक्ट के 23 व बिजली बिल से संबंधित 1492 केसों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि एडीआर सेंटर में स्थायी लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 48 केसों का निपटारा किया गया।


कलशयात्रा में भाग लेतीं पूर्व मंत्री कविता जैन।

# नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जरूर परिचित करवाना चाहिए : पूर्व मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**अपने** सिर पर कलश उठाकर पूर्व मंत्री कविता जैन ने कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह परम सौभाग्य की बात है जो उन्हें इसमें हिस्सा लेने का अवसर मिला है। कलश यात्रा में शामिल होकर हम पुण्य की भागीदार बनती हैं।

सेक्टर-15 स्थित छोटा पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। सेक्टर-15 से शुरू हुई कलश यात्रा पूरे सेक्टर क्षेत्र से गुजरी। इस मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि पवित्र आयोजनों का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया जाए तो उसका लाभ मिलना सुनिश्चित हो जाता है। धार्मिक आयोजनों की शुरुआत कलश यात्रा से ही करनी चाहिए। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत यह आयोजन सुखद है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उत्साहवर्द्धक रही।

उन्होंने कहा कि लोगों को इस आयोजन का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण निश्चित हो जाता है। आधुनिकता के इस दौर में इस प्रकार के आयोजनों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। श्रीमद भागवत कथा मानव की मार्गदर्शक के रूप में विद्यमान है। हर प्रकार की परिस्थितियों में कथा हमारा मार्ग प्रशस्त करती है।

## संक्षिप्त-समाचार

### सांसद करेंगे आजादी गौरव यात्रा की अगुवाई : प्रेम हिंगाखेड़ी


शाहाबाद के विश्रामगृह में जानकारी देते कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में शाहाबाद के कांग्रेस नेता देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आजादी गौरव यात्रा निकालेंगे। आयोजन से एक दिन पहले विश्रामगृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यक्रम के आयोजक प्रेम हिंगाखेड़ी ने बताया कि यात्रा से पहले लाडवा रोड स्थित शुभम पैलेस में देश जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ देश के तिरंगे के सम्मान में कांग्रेस की आजादी गौरव यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी अगुवाई सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा, लाडवा के विधायक मेवा सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा पांच किलोमीटर की होगी जो शुभम पैलेस से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होते हुए रणबीर सिंह हुड्डा पार्क पहुंचेगी। उन्होंने बताया इस यात्रा के दौरान शहीद जगदीश चन्द्र कालड़ा और शहीद ऊधम सिंह के चौक पर जाकर उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। युवा नेता रणजीत त्यौड़ी ने बताया कि इस यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे और शहीदों को नमन करेंगे। कांग्रेस नेता सतनाम सिंह अजराना ने बताया कि भाजपा सरकार ने देश के तिरंगे को डिपूओं के माध्यम से पैसों में बेचने का काम किया है, जोकि सरासर गलत है इसके विपरीत सरकार प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्र युक्त बैग निःशुल्क वितरित कर रही है। इस अवसर परदुमन हबाना, रवि शर्मा मौजूद रहे।

### देश के हर नागरिक को फहरा चाहिए तिरंगा : आमना तस्नीम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के चकबन्दी व भू-अभिलेख विभाग की निदेशक आमना तस्नीम ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत देश के हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहरा कर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। क्योंकि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है और इसके प्रति हमारे दिलों में सम्मान की भावना होनी चाहिए। आमना तस्नीम ने यह बात आज पंचकूला स्थित निदेशालय में कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि देश आजादी का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मना रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सभी कर्मचारी राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान के साथ अपने-अपने घरों की छत पर फहराएं। हर व्यक्ति स्वयं तिरंगा फहराते समय अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। आमना तस्नीम ने सभी कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी 'हर घर तिरंगा' अभियान से जोड़ने का काम करे ताकि सभी देशवासियों में एकजुटता प्रतीत होने के साथ-साथ उनमें वसुदैव कुटुम्बकम की भावना भी प्रदर्शित हो।

### 14 अगस्त को आप की तिरंगा यात्रा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने आजादी की 75वी वर्षगांठ पुरी होने पर निःशुल्क तिरंगा उपलब्ध करवाने के साथ साथ रविवार को तिरंगा यात्रा निकालने की घोषणा की है। पार्षदों ने कहा हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हम सब भारतवासियों की आन बान शान है। हर भारतीय जब तिरंगे को खुले आसमान के तले लहराते हुए देखता है तो उसके दिल में एक अलग सी खुशी दौड़ती है। भारतीय तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए इस देश ने अनगिनत कुर्बानियों दी है, और आज भी इसकी शान को बनाए रखने के लिए सब तरह से कुर्बानी देने को तैयार हैं।

# हरियाणवी स्टार अजय हुड्डा और अमित ढुल ने तिरंगा यात्रा में बांधा समां

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**आजादी** के अमृत महोत्सव को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सह-संयोजक अमित बिंदल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में शहर के युवा, महिलाओं व बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। इस यात्रा में युवा अपनी-अपनी बाइकों पर सेक्टर 15 के हुडा ग्राउड में एकत्रित हुए। ग्राउंड में हरियाणवी स्टार अजय हुड्डा और अमित ढुल ने अपनी प्रस्तुति दी।

इसके उपरांत तिरंगा यात्रा शुरू हुई जो हुड्डा ग्राउंड से शुरू होकर गीता भवन चौक और आरओबी पार करते हुए मिशन चौक से होती हुई नई अनाजमंडी में पहुंची। यात्रा का समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि भारत देश की आजादी के लिए असंख्य वीरों ने अपनी जान न्यौछावर की। आज उन्हीं की बदौलत हम खुली हवा में आजादीपूर्वक सांस ले पा रहे हैं। ऐसे में हमारा परम कर्तव्य बनता है कि आजादी दिलाने में असंख्य लोगों के बलिदान को याद करें। भारत की आजादी के 75 साल होने पर गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहे है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में देश तथा प्रदेश दिन दोगुणी रात चौगुणी तरक्की कर रहा है। इस दौरान भारत माता की जयकारों ने माहौल को ओर भी ऊर्जा प्रदान की। वहीं दूसरी ओर पटेल पार्क में प्रयास संस्था और लायंस क्लब द्वारा नशे से बचाव के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों से अशोक कुमार ने लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई। वहीं जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में यूथ रैडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन पर बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे घर-घर जाकर स्वयं तिरंगे लगवायें। जीवीएम की यूथ रैडक्रॉस इकाई की छात्राओं ने प्रभारी रेनू पोपली के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया। छात्राओं ने मानव श्रंखला के रूप में 75 की संख्या का रूप दिया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

# सिख बंदियों की शीघ्र रिहाई न होने पर धर्म युद्ध मोर्चा लगाने से गुरेज नहीं किया जाएगा

## लघु सचिवालय पर प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन


रोष मार्च में शामिल सिख परिवार हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**सिख** परिवार हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा देश की विभिन्न जेलों में बंद और सजा भुगत चुके बंदी सिखों को शीघ्र रिहा न किया गया, तो धर्म युद्ध मोर्चा लगाने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

वे श्री अकाल तख्त साहिब के हुक्म अनुसार और सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के निदेर्शानुसार शनिवार को धर्मनगरी में निकाले गए विशाल रोष मार्च से पूर्व संगत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पंजाब सहित देश की विभिन्न जेलों में सजा पूरी होने के बावजूद कई सिख आज भी बंद है, जिनकी रिहाई के लिए वर्तमान सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। इसलिए श्री अकाल तख्त साहिब के हुक्म अनुसार एसजीपीसी अब इसके खिलाफ आंदोलन करने पर विवश हुई है।

प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि देश को आजाद करवाने में सबसे अधिक कुबार्नी देने वाले सिखों को कभी भी न्याय नहीं मिला। सिखों को हमेशा दूसरे दर्जे का शहरी माना जाता है, हालात यह है कि कोर्ट द्वारा निर्धारित सजा भुगतने के बाद भी सिख कैदियों को रिहा नहीं किया जा रहा है। इससे पूर्व जिला भर से सिख संगत यहां के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में एकत्रित हुई। डीसी मुकुल कुमार को देश के प्रधानमंत्री और राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन दिया।

रोष मार्च में तजिन्द्र सिंह मक्कड़, नरेंद्र सिंह गिल प्रधान सुंदरपुर गुरुद्वारा, अमरिन्द्र सिंह मैनेजर गुरुद्वारा छठी पातशाही, तजिंद्र पाल सिंह सियाहपोश, जरनैल सिंह बोढी, बख्शीश सिंह किसान मोर्चा, हेमकुंड साहिब सेवक जत्था, मोहिंद्र सिंह, श्री गुरू ग्रंथ साहिब सेवक जत्था, कुलवंत सिंह, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी से रघुबीर सिंह, गुरविंद्र सिंह, जसपाल सिंह, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, प्रितपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# विवि के कुलपति ने कार्यालय पर फहराया तिरंगा

## अभियान में एमएचयू के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल


एमएचयू में तिरंगा फहराते कुलपति प्रो. समर सिंह व अधिकारी।

**महाराणा** प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अभियान में एमएचयू के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए सरकार हर घर तिरंगा कैंपेन चला रही है। अभियान शनिवार से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलाया जाएगा।

उन्होंने सभी से अपील कि वे सभी को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। तिरंगा हमारी आजादी का प्रतीक है, तिरंगा हमें उन वीरों की याद दिलाता है, जिन वीरों ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। हमें उन वीरों को हमेशा याद रखना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि आज हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन एक समय था, जब हर घर पर तिरंगे को लहराया नहीं जा सकता था। ऐसे बहुत से बदलाव हुए। जिसके बाद आम आदमी घर, कार्यालय और स्कूलों में तिरंगा फहरा सका। सरकार ने फ्लैग कोड में बदलाव कर हर नागरिक को तिरंगा फहराने का अधिकार मिल सका। उन्होंने कहा कि आज हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है, लेकिन सभी को तिरंगा झंडा फहराने के नियम कायदों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने हर जन से अपील कि अगर किसी को तिरंगा फटा हुए मिले या फिर पड़ा मिले तो उसे सम्मान के साथ उठाएं और सम्मानित जगह पर रखें। कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने बताया कि राष्ट्रध्वज हमारी शान है। हमें राष्ट्रध्वज के सम्मान के लिए पूरा योगदान देना चाहिए।

लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। कार्यक्रम में एमएचयू के एक्सईएन अनूज गुप्ता व डॉ. बिमला ने कविताओं के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर एमएचयू के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में निकाली तिरंगा यात्रा

## कहा, राष्ट्र के गौरव व स्वाभिमान का प्रतीक है तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



तिरंगा यात्रा के साथ चलते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज।

**गीता** मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में गीता ज्ञान संस्थान में जीओ गीता युवा चेतना तथा श्री कृष्ण कृपा परिवार की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।


इस तिरंगा यात्रा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुरुक्षेत्र सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह, युवा भाजपा नेता राहुल राणा ने विशेष रूप से भाग लिया। हाथों में तिरंगा उठाए भारत माता की जय करते हुए तिरंगा यात्रा संस्थान से बीआर चौक तक गई और वापिस गीता ज्ञान संस्थान में आकर संपन्न हुई।

इस दौरान वंदे मातरम और भारत माता की जय से वातावरण गूंज उठा। राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि तिरंगा भारत का गौरव है। देश की आन बान और शान है। इस तिरंगे के सम्मान के लिए देश के स्वाधीनता आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर किए, लेकिन तिरंगे की आन पर आंच नहीं आने दी।

उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान भारत के गौरव और भारत की परंपराओं का सम्मान है। तिरंगे का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और उन स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। गीता मनीषी ने कहा कि हर घर तिरंगा मुहिम देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर चलाई गई है। तीन दिन तक प्रत्येक भारतवासी को अपने निवास और संस्थान पर तिरंगा लगाना चाहिए।

तिरंगा यात्रा में श्री कृष्ण कृपा समिति के प्रधान हंसराज सिंगला संकीर्तन प्रमुख सुनील वत्स, राजेंद्र चोपड़ा, मनीष सिंधवानी, पूर्व एमसी पवन भारद्वाज, रविंद्र कुमार, साहब सिंह, अशोक अरोड़ा, मनीष व मदन लाल सहित कृष्ण कृपा परिवार से जुड़े अनेक भक्तों ने भाग लिया। संस्थान में चलाई जा रही वेद पाठशाला के विद्यार्थियों ने भारतीय वेशभूषा धोती कुर्ता पहनकर तिरंगा यात्रा में भा लिया।

# वी ऐप पर करें रेलवे ग्रुप डी परीक्षा की तैयारी



**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / हिसार

## वी ऐप पर आरआरबी ग्रुप डी टेस्ट मटीरियल का लाभ उठाने के लिए स्टेप-बाय-स्टेप गाइड

**पहला चरण:** अपने वी नंबर के माध्यम से वी ऐप पर लॉग इन करें।
**दूसरा चरण:** 'वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन' पर क्लिक करें।
**तीसरा चरण:** 'सरकारी नौकरी' का विकल्प चुनें।
**चौथा चरण:** अपने प्रोफाइल का विवरण भरें और 'रेलवे' चुनें।
**पांचवां चरण:** रेलवे कोर्सेज में अपनी पसंद का कोर्स चुनें।

वी ऐप पर वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन पर भारत का सबसे बड़ा जॉब सर्च प्लेटफॉर्म 'अपना, अग्रणी इंग्लिश लर्निंग प्लेटफॉर्म 'एनगुरू' और सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'परीक्षा' शामिल हैं।

**वी** भारत के युवाओं को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की सरकारी परीक्षाओं की तैयारी में मदद कर सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने उपभोक्ताओं के लिए बेहतर कल का मार्ग प्रशस्त करते हुए भारत का अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी परीक्षा के साथ साझेदारी में अखिल भारतीय रेलवे डी परीक्षा की तैयारी के लिए टेस्ट सीरीज मटीरियल उपलब्ध कराने जा रहा है।

परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवार 17 अगस्त 2022 से इस मटीरियल का एक्सेस पा सकेंगे।

वी के यूजर्स के लिए सरकारी परीक्षा में आवेदन की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन केन्द्रीय/ राज्य सरकारी नौकरियों के उम्मीदावरों के लिए 'परीक्षा पास' का एक महीने का मुफ्त सब्सक्रिप्शन' लेकर आया है। इसमें विभिन्न श्रेणियों जैसे राज्य चुनाव आयोग, बैंकिंग, टीचिंग, डीफेन्स, रेलवे आदि में 150 से अधिक परीक्षाओं के अनलिमिटेड मॉक टेस्ट शामिल हैं। ट्रायल अवधि के बाद यूजर 249 रुपये प्रति वर्ष के मामूली सब्सक्रिप्शन पर इस प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना जारी रख सकते हैं।

वी ऐप पर रेलवे ग्रुप डी टेस्ट सीरीज भारत के युवाओं को भारतीय रेलवे में ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-4, हेल्पर/ असिस्टेन्ट, असिस्टेन्ट पॉइन्ट्समैन, लेवल-1 पॉजिशन में 1 लाख ओपनिंग्स की तैयारी का मौका देगा। वी के उपभोक्ता वी ऐप पर जब चाहें, जहां चाहें वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस टेस्ट मटीरियल का एक्सेस पा सकते हैं।

# पंचकूला के सरकारी स्कूलों का नाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम रखा जाए : विजय बंसल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**जिला** पंचकूला से अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। जिन्होंने देश को आजाद करवाने में अहम भूमिका निभाई और आंदोलन में सक्रिय भाग लिया।

युवाओं व प्रदेश के बच्चों को देशभक्ति का भक्तियोग बताने तथा इसके संयोग हेतु अग्रसर करने के लिए राजकीय विद्यालयों का नामकरण सवतंत्रता सेनानियों के नाम से करने के लिए शिवालिक विकास मंच के अध्यक्ष और राज्य सरकार में चेयरमैन रह चुके विजय बंसल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से आजादी के अमृत महोत्सव पर यह मांग की है। विजय बंसल ने कहा कि जब प्रदेश और केंद्र सरकार आजादी के 75वे वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है तो ऐसे में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करना जरूरी है। विजय बंसल ने कहा कि इससे इतिहास का ज्ञान होगा जिससे प्रत्येक विद्यालय के बच्चों व युवा वर्ग को हर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के बारे पता लग पाएगा। जिससे वह प्रेरित हो सकेंगे। दादा गणेशी लाल राष्ट्रीय स्तरीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने आंदोलन में महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, विनोदा भावे के साथ सक्रिय भाग लिया साथ ही अनेकों बार जेल गये।

विनोदा भावे के भू दान आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही इन्हें दादा की उपाधि जयप्रकाश नारायण ने दी। इनका बचपन कालका व चंडीमंदिर में गुजरा। कालका या चंडिमंदिर स्कूल का नामकरण इनके नाम से किया जाए। रायपुरानी के नजदीक कंईवाला में चो. साधु राम सेनी का जन्म हुआ, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और गांधी वादी नेता थे। साथ ही नारायणगढ़ विधानसभा से दो बार विधायक रहे।

# मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉक्टर विशेष ओपीडी के लिए रेवाड़ी जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**देश** भर के लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयास मेंए गुरुग्राम स्थित मणिपाल हॉस्पिटल्स के डॉक्टर स्पाइन तथा न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से पीड़ित लोगों का डायग्नोसिस तथा ट्रीटमेंट करने हेतु विशेष ओपीडी के लिए रेवाड़ी का दौरा करेंगे।

प्रख्यात डॉ. अरुण भनोट जो कि एक कंसलटेंट स्पाइन सर्जन हैं 17 अगस्त को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अमन डायग्नोस्टिक सेंटर में कंसल्टेंसी प्रदान करेंगे तथा 18 अगस्त को सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे के बीच सिटी नर्सिंग होम में कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. निशांत शंकर याग्निक कंसल्टेंसी प्रदान करेंगे। शारीरिक गतिविधि की कमी और खराब जीवनशैली हमेशा से ही सभी प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का सबसे बड़ा कारण रहा है। आज ज्यादातर लोग तनाव की जिंदगी जी रहे हैं, उनका खानपान बिल्कुल ठीक नहीं है, लोग किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं यहां तक कि ज्यादातर लोग अपना बॉडी पोस्चर भी ठीक से नहीं रखते हैंए शराब के आदी हो चुके हैं तथा सिगरेट एवं स्मोकिंग के कारण आजकल लोग दो बहुत बड़ी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। स्पाइन इंजरी तथा ब्रेन ट्यूमर आमतौर पर लोग ऐसी स्थितियों के शुरुआती संकेत एवं लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं जिससे ट्रीटमेंट में देरी हो जाती है और इसके बेहद घातक परिणाम भी हो सकते हैं। इस मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए गुरुग्राम के मणिपाल हॉस्पिटल में कंसल्टेंट स्पाइन सर्जन डॉ. अरुण भनोट ने कहा जीवनशैली में अचानक बदलाव के कारण स्पाइन की समस्याएं अब बहुत आम हो गई हैं। लंबे समय तक बैठे रहने से स्पाइन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है जिससे कई बड़ी समस्याओं का जन्म हो जाता है जैसे कि डिस्क डिजनरेशनए सर्वाइकल पेन, यहां तक कि स्लिप डिस्क की समस्या से भी जूझना पड़ सकता है। गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम स्वस्थ जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को समझें।

# जिले में शनिवार को मिले कोरोना के 25 संक्रमित मरीज

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना के 25 नये पोजिटिव केस मिले वहीं 10 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हुए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59598 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 222 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना के 99 एक्टिव केस है।

जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

# मप्र में बांध के टूटने का खतरा, सेना एवं एनडीआरएफ की टीमें पहुंचीं

एजेंसी। धार (मध्य प्रदेश)

## ग्रामीणों बचाव में भेजने को वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई पर रखे गए

## ऐहतियातन 18 गांव खाली कराके लोगों को सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में भेजा

**धार** जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर कारम नदी पर बन रहे एक बांध की दीवार से पिछले दो दिनों से जारी पानी के रिसाव एवं मिट्टी गिरने से बांध के टूटने का खतरा पैदा होने की आशंका के मद्देनजर आपदा प्रबंधन के लिए सेना एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें शनिवार को मौके पर पहुंच गईं।

इसके अलावा, वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों को भी तैयार रखा गया है (स्टैंड बाई पर), ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत लोगों के बचाव में भेजा जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बांध के निचले क्षेत्र में बसे 18 गांवों को शुक्रवार को ऐहतियातन खाली कराके लोगों को सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में भेज दिया है। धार जिले की धर्मपुरी तहसील में कारम मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत निर्माणाधीन इस बांध में लबालब पानी भरा हुआ है।



हालांकि, प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने रिसाव रोकने के लिए बृहस्पतिवार से ही कार्रवाई शुरू कर दी थी। वहीं, मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा, इस बांध में स्थिति पूर्णतया नियंत्रण में है।

बांध में एक किनारे से सुरक्षित तरीके से पानी की निकासी की जा रही है ताकि बांध की दीवारों पर पानी का दबाव कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बांध से जुड़ी हर बात पर नजर रखे हुए हैं और संबंधित अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं। मध्य प्रदेश गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने बताया, धार जिले की धर्मपुरी तहसील में कारम मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध के डाउन स्ट्रीम की दीवार की मिट्टी स्लिप हो जाने से बांध के लिए शुक्रवार सुबह खतरे की स्थिति पैदा हो गई। इस बांध की लम्बाई 590 मीटर और ऊंचाई 52 मीटर है तथा वर्तमान में 1.5 करोड़ घन मीटर (एमसीएम) पानी इस बांध में संचित है।

### पैसा कमाने को बांध की नींव कमजोर रखी

**धार** के मनावर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने बातचीत में आरोप लगाया कि पैसा कमाने के लिए 304 करोड़ रुपये के बांध की कमजोर नींव रखी गई और इससे पानी का रिसाव हुआ है। उन्होंने कहा, कमजोर नींव पानी के दबाव का सामना नहीं कर सकी।

### भ्रष्टाचार ने 26 हजार लोगों का जीवन खतरे में डाला

**मुख्य** विपक्षी दल कांग्रेस ने बांध के काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर 304 करोड़ रुपये की इस परियोजना में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया। रिसाव से बांध निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की बू आती है, जिसने डाउनस्ट्रीम में रहने वाले 26,000 से अधिक लोगों के जीवन को खतरे में डाल दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएमडीसी का 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन का लक्ष्य

**हैदराबाद।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसदी अधिक है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने यह जानकारी दी। एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 4.219 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन और 4.056 करोड़ टन की बिक्री की थी। कंपनी का कुल कारोबार 25,882 करोड़ रुपये रहा था। देब ने एनएमडीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2022-23 में हमारा 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसदी अधिक है, जिसे हमने कीमतों के संभावित दबाव के लिहाज से आरामदायक स्थिति बनाए रखने के लिए तय किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि छत्तीसगढ़ में कंपनी के 30 लाख टन क्षमता वाले इस्पात संयंत्र का डीमर्जर (बड़ी कंपनी को छोटी कंपनियों में बांटना) चालू वित्त वर्ष में पूरा हो जाएगा। इस बारे में दाखिल आवेदन का कंपनी मामलों के मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। देब ने बताया कि शेयर बाजार से भी इस संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिल चुका है लिहाजा डीमर्जर के मौजूदा वित्त वर्ष में ही पूरा हो जाने की उम्मीद है।

### सिख कैदियों की रिहाई को लेकर एसजीपीसी ने किया प्रदर्शन

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सजा की अवधि पूरी कर चुके सिख कैदियों को जेल से रिहा करने की मांग करते हुए यहां शनिवार को प्रदर्शन किया। इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में आज सुबह, बड़ी संख्या में एसजीपीसी के सदस्यों और कर्मचारियों ने स्वर्ण मंदिर के बाहर गोल्डन प्लाजा से एक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने काली पगड़ी बांधी हुई थी और बंदी सिखों को तत्काल रिहा करने की मांग को लेकर तख्तियां ले रखी थीं। शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए मार्च उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां उपायुक्त या उनकी ओर से सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एक ज्ञापन स्वीकार किया। एसजीपीसी सचिव कुलविंदर सिंह रामदास ने कहा कि ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित किया गया है। धामी ने कहा कि एसजीपीसी ने प्रदर्शन करने का निर्णय 10 अगस्त को लिया था। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वालों में से 80 प्रतिशत से ज्यादा सिख थे लेकिन उन्हें पिछले 75 साल से नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, बंदी सिख पिछले तीस साल से जेल में बंद हैं जहां वे अपनी उम्रकैद से ज्यादा सजा काट चुके हैं।

### पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में एक व्यक्ति को उसके घर पर पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कुशीनगर के अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने शनिवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जिले के तरिया सुजान थाना क्षेत्र के वेदुपर मुस्तकिल गांव में एक घर पर झंडा फहराया गया। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को इसकी सूचना मिलते हीगैर-राष्ट्रीय ध्वज को हटा दिया गया। सिंह ने यह भी कहा, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सलमान (21) के रूप में हुई है।

# बिहार : महागठबंधन सरकार में प्रभावी भागीदारी चाहते हैं कांग्रेसी

## समर्थन देने पर तीन पार्टी को तीन मंत्री पद मिलने की है उम्मीद

### कांग्रेस के पास हैं बिहार प्रदेश में 19 विधायक

### कांग्रेसी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले, पांच मंत्री पद होने चाहिए पार्टी के पास

एजेंसी। नई दिल्ली



**बिहार** में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद के बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस सरकार में उनकी पार्टी की प्रभावी और सम्माजनक भागीदारी होनी चाहिए। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेताओं की यह राय भी है कि कांग्रेस इस सरकार में शामिल नहीं हो और बाहर से इसका समर्थन करे।

गत नौ अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को छोड़ कर महागठबंधन का हिस्सा बन गए। नीतीश की अगुवाई वाली नई सरकार में राजद नेता तेजस्वी यादव एक बार फिर से उप मुख्यमंत्री बने हैं। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों के भीतर मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। कांग्रेस के प्रदेश में 19 विधायक हैं और ऐसे में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई सरकार में उसे तीन मंत्री पद मिल सकते हैं, हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी कम से कम चार मंत्री पद चाहती है। पार्टी के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने कहा था कि सरकार में कांग्रेस की हिस्सेदारी सम्मानजनक होगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद की राय है कि सरकार में उनकी पार्टी के मंत्रियों की संख्या पांच तक होनी चाहिए, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सभी घटक दलों के नेता इस बारे में फैसला करेंगे। अहमद ने कहा, हम कांग्रेस के नेता हैं, इसलिए चाहते हैं कि हमारी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा मंत्री पद मिले। लेकिन जब पार्टियों के नेता बातचीत के लिए बैठते हैं तो कई बिंदुओं को देखकर फैसला होता है, हमें लगता है कि पांच मंत्री पद मिलने चाहिए, लेकिन यह घटक दलों के नेता तय करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार में कांग्रेस की भागीदारी से कार्यकर्ताओं और आम जनता के काम करने में पार्टी को आसानी होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को इस सरकार में न सिर्फ सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, बल्कि प्रभावी भागीदारी भी होनी चाहिए।

### विपक्ष ने पीएम पद के दो दर्जन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची बना ली है: नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उसने रिक्ति बिना ही प्रधानमंत्री पद के लिए दो दर्जन उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है। रामपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि जिन लोगों को मोदी फोबिया की राजनीतिक बीमारी है, वे जल्द खत्म हो जाएंगे। निराशावादी राजनीतिक खिलाड़ियों की मुद्रा और ढोंग कभी प्रधानमंत्री की कड़ी मेहनत और ईमानदारी को नहीं हरा सकती। नकवी ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष ने पहले ही प्रधानमंत्री पद के दो दर्जन प्रत्याशियों की प्रतीक्षा सूची बना ली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इसे रिक्ति के बिना महत्वकांक्षा करार दिया। नकवी ने कहा कि तमाम राजनीतिक असहिष्णुता और फर्जी आरोपों के बावजूद पीएम लगातार और कर्मठता से समावेशी सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता की दिशा में काम कर रहे हैं। कहा कि मोदी के लिए देश की सुरक्षा और सम्मान राष्ट्रनीति है जबकि प्रत्येक जरूरमंद का कल्याण राष्ट्रधर्म है।

# जहरीली शराब पीने से बिहार के सारण में सात लोगों की मौत

### पिछले सप्ताह इसी जिले में शराब पीने से 11 लोगों की हो गई थी मौत, कई हुए थे बीमार

एजेंसी। सारण (बिहार)

**बिहार** के सारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पिछले तीन दिन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह इसी जिले में शराब पीने से 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग बीमार हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा, मसुधी इलाके में 10 अगस्त से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि इन लोगों ने जहरीली शराब पी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में पता चल सकता है। कुमार ने बताया कि शराब बेचने वाले संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पिछले सप्ताह की घटना मेकर थाना अंतर्गत आने वाली फुलवरिया पंचायत की है। इस मामले में थाने के प्रभारी और स्थानीय चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है। बिहार सरकार ने अप्रैल 2016 में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन, पिछले साल नवंबर के बाद से राज्य में जहरीली शराब से जुड़ी कई घटनाएं हुईं जिनमें 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## सड़क हादसे में दंपति समेत चार की मौत

**चंद्रपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में सड़क के बीच में बैठी गाय को बचाने के प्रयास में एक वाहन खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे दंपति समेत चार व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार देर रात चंद्रपुर-गढ़चिरौली राजमार्ग पर साओली थानाक्षेत्र के किसान नगर में हुई। साओली थाने के सहायक निरीक्षक आशीष बोरकर ने बताया कि गढ़चिरौली जिले के डिस्क जॉकी (डीजे) पंकज बागड़े (26) अपने दोस्त अनूप तादुलवार (35) के साथ डीजे का कुछ सामान खरीदने के लिए वाहन से चंद्रपुर गए थे। उन्होंने बताया कि उनके साथ तादुलवार की पत्नी, एक रिश्तेदार और एक दोस्त भी कार में यात्रा कर रहे थे।

# महाराष्ट्र में मंत्रियों को जल्द प्रभार आवंटित किए जाएंगे : फडणवीस

एजेंसी। नागपुर

**महाराष्ट्र** के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य में नव नियुक्त मंत्रियों को जल्द उनके विभाग सौंपे जाएंगे। उन्होंने इसके साथ ही भरोसा दिलाया कि सरकार भारी बारिश की वजह से फसलों को हुए नुकसान के लिए राज्य के किसानों को जल्द ही मुआवजा देगी।

यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए फडणवीस ने चंद्रशेखर बावनकुले को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई भी दी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, नए मंत्रियों को जल्द ही प्रभार सौंपे जाएंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने दो सदस्यीय मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिनों के बाद 18 मंत्रियों को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। नए मंत्रियों में नौ शिवसेना के बागी गुट के जबकि नौ भाजपा के हैं।

### सोनिया गांधी एक बार फिर हुई कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को ट्वीट करके यह जानकारी। उन्होंने कहा कि 75 वर्षीय सोनिया गांधी ने कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए खुद को पृथक कर लिया है। रमेश ने ट्वीट कर कहा, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वह प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पृथकवास में रहेंगी। कुछ दिनों पहले सोनिया गांधी की पुत्री प्रियंका गांधी भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थीं।

### भारत में होने वाले आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों में खटास के बावजूद अक्टूबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत भारत की मेजबानी में होने वाले आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा। पाकिस्तानी और भारतीय सैन्य टुकड़ियों ने एक साथ आतंकवाद-रोधी अभ्यासों में हिस्सा लिया है, लेकिन यह पहली बार होगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार के हवाले से पाकिस्तान एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे (आरएटीएस) के तहत इस साल अक्टूबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा।

# बांदा नौका दुर्घटना : फतेहपुर क्षेत्र में आठ लोगों के शव बरामद हुए

### दो दिन पहले नौका पलटने से 17 लोगों डूब गए थे नदी में

एजेंसी। फतेहपुराबांदा (उप्र)




**फतेहपुर** जिले में दो दिन पहले नौका पलटने से जिन 17 लोगों के डूबने की आशंका थी उनमें से आठ के शव शनिवार को जिले में यमुना नदी से निकाले गए। पुलिस ने जानकारी दी।

इन शवों के बरामद होने के साथ ही बृहस्पतिवार को बांदा जिले के समगरा गांव में हुई त्रासदी में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें एक शव राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम मरका ले गई। पुलिस के अनुसार, फिलहाल शवों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तिवारी ने शनिवार को बताया, थाना क्षेत्र में यमुना से सात शव बरामद किए गए हैं, इनमें एक शव एनडीआरएफ की टीम मरका ले गई है। छह शव थाना परिसर में रखे हैं, जिनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। ए शव घटनास्थल से करीब 15-20 किलोमीटर दूर बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र के समगरा गांव के घाट से 30 से अधिक लोग नौका में सवार होकर यमुना नदी पार कर फतेहपुर जिले के कौहन घाट जा रहे थे, तभी बीच जलधारा में नौका डूब गई थी। बांदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने शुक्रवार शाम बताया था कि तीन शव पहले ही बरामद हो चुके थे। नौका में सवार 13 लोग तैरकर बाहर निकल आए और 17 लोग लापता हैं, जिनकी खोज में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम लगी हुई हैं।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी की छह करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

### प्रशासन ने गिरोहबंद अधिनियम के तहत की कार्रवाई

एजेंसी। गाजीपुर



**जिला** प्रशासन ने शनिवार को गाजीपुर सदर के रजदेपुर और नंदगंज क्षेत्र के फतेहुल्लहपुर में बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी के मालिकाना हक वाली 0.394 और 1.507 हेक्टेयर जमीन जब्त कर ली, जिसकी कीमत छह करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत यह जमीन जब्त की गई है।पुलिस के अनुसार, अफशां अंसारी के नाम पर अवैध कमाई से खरीदी गई गाजीपुर सदर के रजदेपुर में स्थित 0.394 हेक्टेयर भूमि तथा नंदगंज के फतेहुल्लहपुर में स्थित 1.507 हेक्टेयर भूमि को नियमानुसार मुनादी कराकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहन पी बोत्रे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आज जब्त कर लिया। जब्त की गई जमीन की कीमत छह करोड़ 30 लाख रुपये आंकी गई है।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत आज उपरोक्त संपत्तियां कुर्क की गई। मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके कथित बाहुबली मुख्तार अंसारी इस समय बांदा जेल में बंद हैं।

# देश भर में हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए भाजपा नेता

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर केंद्रीय मंत्रियों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद तिरंगे के साथ अपनी और अपनी पत्नी की तस्वीर ट्विटर पर साझा की।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय को श्रद्धांजलि देने उत्तर प्रदेश के बलिया पहुंचे। गौरतलब है कि पार्टी नेताओं के कई कार्यक्रमों में शामिल होने की योजना है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी और तिरंगा रैली शामिल है। भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने हिमाचल प्रदेश के ऊ



ना में प्रभात फेरी में हिस्सा लिया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जोधपुर में एक तिरंगा रैली में भाग लेंगे और मुगलों के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले योद्धा दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। पार्टी ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा मेरठ में हर घर तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।

शाह ने एक ट्वीट में कहा, तिरंगा हमारा गौरव है। यह हर भारतीय को एकजुटता के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगे के आहान पर आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और मातृभूमि के लिए हर चीज़ का बलिदान करने वाले हमारे वीर नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लोगों से 13-15 अगस्त के दौरान अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और हर दिल में देशभक्ति की भावना जगाने के इस अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तस्वीर साझा करने की भी अपील की।

# राजीव गांधी सरकार का रुश्दी की किताब पर प्रतिबंध लगाना उचित था : नटवर सिंह

## न्यूयॉर्क में रुश्दी पर हाल ही में हुए प्राणघातक हमले के बाद उनकी पुस्तक सैटेनिक वर्सेज एक बार फिर चर्चा में आई

एजेंसी। नई दिल्ली

### कहा, पूरी तरह से कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया था फैसला

**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार में मंत्री रहे के.नटवर सिंह ने प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी की विवादित किताब सैटेनिक वर्सेज को प्रतिबंधित करने के तत्कालीन सरकार के फैसले का शनिवार को बचाव किया। कहा कि यह फैसला पूरी तरह से कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को रुश्दी पर हमला हुआ, जिसके बाद उनकी पुस्तक एक बार फिर चर्चा में आ गई है। वर्ष 1988 में किताब पर रोक लगाई गई थी, तब सिंह विदेश राज्यमंत्री थे। सिंह ने कहा कि वह पुस्तक को प्रतिबंधित करने संबंधी फैसले में शामिल थे और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री से कहा था कि यह किताब कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है क्योंकि लोग आक्रोशित हैं। सिंह (91) ने आलोचकों के उन आरोपों को बकवास करार दिया जिसमें कहा गया कि राजीव गांधी सरकार ने किताब को प्रतिबंधित करने का फैसला मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते लिया था। उन्होंने पीटीआई-भाषा कहा, मैं नहीं मानता कि यह (किताब को प्रतिबंधित करने का फैसला) गलत था, क्योंकि इससे कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई



थी खासतौर पर कश्मीर में। भारत के अन्य हिस्सों में अशांति पैदा हुई थी।

सिंह ने कहा, राजीव गांधी ने मुझसे पूछा कि क्या किया जाना चाहिए। मैंने कहा कि मैंने पूरी जिंदगी किताबों पर रोक का पुरजोर तरीके से विरोध किया, लेकिन जब कानून व्यवस्था की समस्या आए तो भले रुश्दी जैसे महान लेखक की किताब हो, प्रतिबंधित की जानी चाहिए।

उन्होंने जोर दिया कि रुश्दी की किताब मिडनाइट चिल्ड्रेन 20वीं सदी के महान उपन्यासों में से एक है, लेकिन सैटेनिक वर्सेज को प्रतिबंधित करने का फैसला पूरी तरह से कानून-व्यवस्था के कारण था। राजीव गांधी सरकार के फैसले का पुरजोर तरीके से बचाव करते हुए सिंह ने कहा, मैं इसे पूरी तरह से न्यायोचित मानता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर हालात पैदा कर सकती थी।

### रुश्दी पर हमले से स्तब्ध हूं : थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने लेखक सलमान रुश्दी पर अमेरिका में हुए हमले को लेकर शनिवार को कहा कि वह इस घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने ट्वीट किया, सलमान रुश्दी को चाकू मारे जाने की घटना से स्तब्ध हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं यह जरूर मानता हूं कि शायद उनके लिए जीवन अब पहले की तरह सामान्य न हो।

### रुश्दी वेंटिलेटर पर, हुए गंभीर घायल

**अमेरिका** के न्यूयॉर्क शहर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति के हमले में घायल हुए अंग्रेजी भाषा के प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर हैं और उनकी एक आंख खोने की आशंका है। चाकू से हमले के बाद उनका यकृत भी क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके एजेंट ने यह जानकारी दी और कहा कि खबर अच्छी नहीं है।

### अयातुल्लाह खामनेई ने जारी किया था फतवा

**उल्लेखनीय** है कि सैटेनिक वर्सेज किताब के प्रकाशित होने के बाद भारी विवाद हुआ और कई मुस्लिम इसे ईशनिंदा के तौर पर देखते हैं। ईरानी नेता अयातुल्लाह खामनेई ने रुश्दी के खिलाफ फतवा जारी किया था।

# 11 हजार उम्मीदवारों के लिए सीयूईटी यूजी के चौथे चरण की परीक्षा स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली

### परीक्षार्थियों के पसंद के शहर परीक्षा केन्द्र के रूप में समायोजित करने की बताई वजह

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के चौथे चरण में शामिल होने वाले 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र के उनके पसंद के शहर समायोजित करने को लेकर 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा 17 से 20 अगस्त के बीच होनी थी और इसमें 3.72 लाख उम्मीदवार हिस्सा लेने वाले थे।

परीक्षा कराने की जिम्मेदारी संभाल रही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पहले घोषणा की थी कि सभी चरणों की परीक्षा 28 अगस्त को संपन्न हो जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, चौथे चरण में हिस्सा लेने वाले 3.72 लाख उम्मीदवारों में से 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र के लिए उनके पसंद के शहर को समायोजित करने के वास्ते 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। एनटीए ने परीक्षा केंद्रों की क्षमता बढ़ाई है और परीक्षा केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ और परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि सीयूईटी परीक्षा के दूसरे चरण में खामियों के चलते विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

# खंगाला जा रहा श्रीकांत त्यागी से जुड़े 14 लोगों की संपत्ति का ब्योरा

## पुलिस ने प्राधिकरण को सूची भेज अचल संपत्ति की जानकारी मांगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

श्रीकांत त्यागी और इस केस से जुड़े करीब 14 लोगों के खिलाफ प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण को 14 नामों की सूची भेजी है। पत्र के जरिए पुलिस प्रशासन ने इन सभी की रजिस्टर्ड अचल संपत्ति का ब्योरा मांगा है। प्राधिकरण ने अपने विभागों को निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

पुलिस प्रशासन ने श्रीकांत त्यागी पुत्र दिनेश त्यागी निवासी नोएडा, राहुल सतवीर सिंह निवासी हापुड़, अन्नु त्यागी पत्नि श्रीकांत त्यागी निवासी नोएडा, उमेश त्यागी पुत्र हरदन त्यागी निवासी गाजियाबाद, साहिल त्यागी पुत्र उमेश त्यागी निवासी नोएडा, छिद्दा त्यागी पुत्र गिरवर त्यागी निवासी नोएडा, अनुज त्यागी पुत्र छिद्दा त्यागी निवासी नोएडा, बिट्टू त्यागी पुत्र छिद्दा त्यागी निवासी नोएडा, रमेश त्यागी पुत्र हरदन त्यागी निवासी गाजियाबाद, विक्रांत त्यागी पुत्र रमेश चंद त्यागी निवासी गाजियाबाद, गौरव त्यागी पुत्र रमेश निवासी गाजियाबाद, सुनीता त्यागी पत्नी सुभाष त्यागी निवासी गाजियाबाद, सुभाष त्यागी निवासी गाजियाबाद, नितिशा त्यागी पुत्री दिनेश त्यागी नोएडा की अचल संपत्ति की डिटेल मांगी है। बता दे पुलिस ने श्री कांत त्यागी पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण से उसकी संपत्ति का ब्योरा मांगा है।

इससे पहले प्राधिकरण और जिला प्रशासन की टीम ने त्यागी के भंगेल स्थित जमीन का सर्वे और पैमाइश की थी। जिसमें उसकी 7 हजार 500 वर्गमीटर मिली थी। इस जमीन पर वर्षा धर्म कांटा और करीब 50 दुकानें हैं। ये जमीन भंगेल में खसरा नंबर 130, 131, और 133 में है।

पुलिस पर आरोप लगाते हुए अनु ने कहा कि जब मैं थाने में थी, तब मेरे घर में दोनों बच्चे अकेले थे। बड़ा बेटा मैगी बनाकर खा रहा था। मैंने पुलिस से हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मेरे बच्चों से बात करा दो, लेकिन बात नहीं कराई गई। मेरे पति ने सरेंडर किया है, उन पर जबरदस्ती गुंडा एक्ट लगाया गया है।



### पुलिस कमिश्नर को मानहानि नोटिस

नोएडा। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह को साढ़े 11 करोड़ रुपए की मानहानि का नोटिस भेजा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को नोटिस की कॉपी के साथ ट्वीट किया। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर ने विधानसभा पास को लेकर श्रीकांत त्यागी प्रकरण में बिना जांच-पड़ताल किए गैर जिम्मेदाराना हरकत कर प्रेस के माध्यम से पूरे देश में मेरी छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया। इस ट्वीट के जरिए स्वामी प्रसाद ने नोएडा पुलिस कमिश्नर पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### आरोपी नेता के समर्थन में प्रदर्शन, सोसायटी के पास पुलिस का पहरा


*नोएडा। नोएडा में महिला से बदसलूकी के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी के समर्थन में त्यागी समाज के लोगों ने गेझा में शिव मंदिर के पास हंगामा किया और सांसद डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की।*

*इन लोगों की योजना सेक्टर-93ए औमेक्स ग्रैंड सोसाइटी के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की थी, लेकिन समय रहते पुलिस को पता चल गया और सोसायटी के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई। प्रदर्शन की आशंका को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस ने शहर और ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी के चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।*

*सभी संभावित जगहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। टीमें हर गतिविधि पर नजर रख रही हैं।*

# ट्विन टॉवर के पिलरों में प्रारंभ हुआ विस्फोटक लगाने का काम

- करीब 3700 पिलरों में विस्फोट होगा, इसके लिए 9800 छेद किए
- एक होल में पड़ेगा 1.375 किलो बारूद



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-93ए सुपरटेक के दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए शनिवार से विस्फोटक लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए ट्विन टावर के सामने की सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यहां सिर्फ पुलिस, एडिफि स और जेट डिमोलिशन कंपनी के लोग ही आ जा सकेंगे। रोजाना 250 किलो विस्फ ोटक आएगा।

टावर को ध्वस्त करने के लिए जो विस्फ ोटक लगाया जाएगा, उसमें 325 किलो सुपर पावर जैल, 63300 मीटर्स सोलर कार्ड, सॉफ्ट ट्यूब, जिलेटिन रॉड, 10990 नंबर सुप्रीम डिले नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर रैगिंग क्लास-6 और डिवीजन-2 होंगे। चार इंस्टेंटएनोयस एक्सप्लोसिव डिवाइस का प्रयोग किया जाएगा। विस्फोटक लगाने का काम 60 लोग करेंगे। टावर के किसी भी पिलर में पांच से ज्यादा होल नहीं होंगे। किसी भी होल में 1.375 किलो से ज्यादा विस्फोटक नहीं लगाया जाएगा। किसी भी दो पिलर में एक साथ विस्फोट नहीं होगा। विस्फोट की प्रक्रिया पूरी होने तक टावर परिसर के 40 मीटर दायरे में किसी भी अन्य तरह की गतिविधि नहीं होगी। यह विस्फ ोट करीब 100 किलोमीटर दूर पलवल स्थित मैगजीन से पुलिस की सुरक्षा में लाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फ ोट लगाने में 60 लोगों को लगाया जाएगा।

इसके अलावा वहां पर सात दक्षिण अफ्रीकी और 10 भारतीय विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इनकी निगरानी में विस्फ ोट लगाने और उसको चार्ज कराने का काम होगा।

ट्विन टावर परिसर में इनके अलावा किसी भी अन्य शख्स को जाने की इजाजत नहीं होगी। ध्वस्तीकरण वाले दिन संबंधित आरडब्ल्यूए लोगों सहित हर चीज को पूरी तरह फ्लैट से बाहर लाने के लिए फ्लोर और टावर मैनेजर की नियुक्ति करेंगी। ट्विन टावर के करीब 3700 पिलर में विस्फ ोट होना है। इसके लिए 9800 छेद किए गए हैं।

सीबीआरआई से क्लियरेंस मिल चुकी है। लगातार 15 दिनों तक विस्फ ोटक आएगा और सुबह आठ बजे से दिन ढलने तक रिचार्ज का काम किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत क्लब के सदस्यों को झंडे भेंट किए गए। क्लब अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मना रहा है। इसी क्रम में क्लब द्वारा सदस्यों को घरों में लगाने के लिए झंडे बांटे गए। क्लब सदस्यों ने अल्फा 1 में मेट्रो स्टेशन के नीचे एकत्र होकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंजीत सिंह, मनोज गर्ग, एमपी सिंह, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, प्रवीण गर्ग, सुशील भाटी एडवोकेट, जितेंद्र चौहान, अमित राठी, प्रीति अग्रवाल, अतुल जैन, शैलेश वार्ष्णेय, अजित सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनोज नागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### लघु उद्योग भारती ने बांटे 5000 झंडे

**नोएडा।** लघु उद्योग भारती की तरफ से 75वें अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस को विभिन्न क्षेत्रों में बड़े हर्षोल्लास के साथ में मनाया जा रहा है। लघु उद्योग भारती द्वारा 5000 झंडे का वितरण किया गया है। लघु उद्योग भारती के महासचिव सत्यवीर सिंह ने बताया कि यह लक्ष्य हमारी उम्मीद से और अधिक हो पाएगा। विशेषाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने लघु उद्योग भारती को एक हजार झंडे उपलब्ध कराए हैं। इस दौरान भारत माता की जय, वंदेमातरम एवं विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के उद्घोष के साथ समापन किया गया।

### इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के सदस्यों ने शुक्रवार की शाम तिरंगा यात्रा निकाली। सेक्टर-10 के डी-176 स्थित एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के जिला कार्यालय से पदयात्रा की शुरुआत हुई। इसमें संस्था के सदस्य हाथों में तिरंगा लहराते हुए और देश भक्ति के गीत गातेए झूमते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा औद्योगिक क्षेत्र की परिक्रमा करते हुए बी.44, सेक्टर 10 स्थित अध्यक्ष शिव कुमार राणा और सचिन भाई के नोएडा कार्यालय होते हुए जिला कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई।

### 18 तालाबों के पास फहराया जाएगा ध्वज

**नोएडा।** भूजल स्तर सुधारने के लिए महावड़ समेत 18 गांवों के तालाबों की सूरत बदल गई है। अमृत सरोवर योजना के तहत इन्हें दुरुस्त किया गया है। कुल 1.12 एकड़ में फैले गांव महावड़ के तालाब के चारों ओर बेंच लगाई गई हैं और तारबंदी की गई है। ध्वजारोहण के लिए चबूतरा भी बनाया गया है। आगामी 15 अगस्त के मौके पर महावड़ समेत सभी 18 तालाबों के पास तिरंगा फहराया जाएगा। जिला प्रशासन ने महावड़, बीलअकबरपुर, रामगढ़ चमरावली समेत 18 तालाबों को 15 अगस्त तक दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा था। यह लक्ष्य पूरा हो गया है। इन तालाबों से अतिक्रमण हटाते हुए उनको मूल स्वरूप में लौटाया गया। जिला प्रशासन ने इस पर 4.73 लाख रुपये खर्च किए हैं।

### पर्थला गोल चक्कर पर नया मोनोपोल लगा

**नोएडा।** सेक्टर-121 पर्थला गोल चक्कर पर नया मोनोपोल तैयार लगा दिया गया है। इस मोनोपोल पर 132 केवीए की लाइन खींचने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इससे सेक्टर-67 स्थित 33,11 केवी के बिजली उपकेंद्र में सप्लाई शुरू हो सकेगी। दरअसल, इस साल 19 अप्रैल को कार्य में लापरवाही की वजह से 40 मीटर ऊंचा मोनोपोल नंबर-4 गिर गया था। इससे एक महिला कार चालक भी घायल हो गई थी। अब नए मोनोपोल से सेक्टर-123 स्थित 400 केवी के बिजली उपकेंद्र से सेक्टर-67 स्थित 33,11 केवी के उपकेंद्र तक लाइन खींचने का कार्य शेष बचा है।

### विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप

**गाजियाबाद।** इस्लाम नगर में ससुराल पक्ष पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से हालत नाजुक देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल में रेफर किया गया। इस मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार, इस्लामनगर के रहने वाले मीन मुहम्मद ने शिकायत दी है कि उन्होंने अपनी बेटी खुशबू की शादी इस्लाम नगर निवासी फिरोज से की थी। आरोप है कि बीते 11 अगस्त को उनकी बेटी दूसरे मकान में किसी काम से गई थी। इस दौरान वहां ससुराल पक्ष के लोग पहुंचे और खुशबू को जमीन पर गिरा उनके मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया।

### आईएमएस में हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रेडियो के माध्यम से आजादी के गुमनाम नायकों की चर्चा की। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता दिवस की थीम पर रेडियो नाटक, पेंटिंग, लोकगीत एवं निबंध लेखन प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन हुआ।

# रिक्शा चालक पर थप्पड़ बरसाने वाली महिला गिरफ्तार

- कार में साइड लगने पर बेरहमी से किया हमला, वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के फेज दो कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-110 स्थित बाजार में ई. रिक्शा से कार में हल्की सी साइड लगने पर उसके चालक को बुरी तरह से पीटने वाली महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला की पहचान कोतवाली क्षेत्र के श्रमिक कुंज की किरन सिंह के रूप में हुई है। आरोपी महिला भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की सदस्य बताई जा रही है। शुक्रवार शाम को हुई घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में महिला रिक्शा चालक को भद्दी गालियां देते हुए थप्पड़ मार रही है। वीडियो में महिला ने एक के बाद एक कुल 17 थप्पड़ रिक्शा चालक को जड़े। सेक्टर-82 में रहने वाले चालक मिथुन चौधरी ने मामले की शिकायत संबंधित कोतवाली पुलिस से की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित महिला को न्यायालय के समक्ष पेश किया। महिला के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी को गोली लगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। यहां 25 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, लोनी बॉर्डर थाने की टीम शुक्रवार रात मूवी मैजिक रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो लोगों को रोका गया।

## जेपी इंफ्रा से घर खरीदने वालों को चुकानी पड़ सकती है अधिक कीमत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड ने गुरुवार को निर्धारित समय के अंदर आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को पूरा करने में विफ ल रहने पर जेपी इंफ्र ाटेक से समय विस्तार टाइम एक्सटेंशन शुल्क की वसूली को मंजूरी दे दी। इससे जेपी से घर खरीदारों को फ्लैटों के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। जेपी ने लगभग 12000 फ्लैटों का निर्माण कर वितरण कर चुका है, जबकि फ्लैटों सहित 20000 इकाइयों की डिलीवरी अभी बाकी है। यहां तक ????कि अगस्त 2017 में एनसीएलटी ने दिवालिया घोषित कर दिया। उसी समय से एनसीएलटी द्वारा नियुक्त एक आईआरपी इसके मामलों को देख रहे हैं। बोर्ड पहली बार जेपी को समय विस्तार शुल्क के दायरे में लेकर आया है। दरअसल, नोएडा क्षेत्र में स्थित सेक्टर 128, 129, 131, 133, 134 और 151 में लगभग 500 हेक्टेयर भूमि नोएडा प्राधिकरण द्वारा 2003 और 2011 के बीच विकास और निर्माण के लिए यमुना प्राधिकरण को दी गई थी। इस भूमि को कन्सेशन एग्रीमेंट के तहत जेपी को दिया गया है।

प्राधिकरण बोर्ड ने उन परियोजनाओं के लिए दिसंबर 2025 की समय सीमा तय की है जो जेपी द्वारा विकसित की जा रही हैं और जिनमें कन्सेशन एग्रीमेंट में समय सीमा तय नहीं की गई थी।

## दिल्ली-एनसीआर में वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में वाहन और बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफ ाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चुराई गई छह बाइक, चार मोबाइल फ ोन और 12 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। ये बदमाश चोरी के मोबाइल राह चलते लोगों को बेच देते थे। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष्ण कुमार और मन्नू के रूप में हुई है।

### विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप

**गाजियाबाद।** इस्लाम नगर में ससुराल पक्ष पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से हालत नाजुक देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल में रेफर किया गया। इस मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार, इस्लामनगर के रहने वाले मीन मुहम्मद ने शिकायत दी है कि उन्होंने अपनी बेटी खुशबू की शादी इस्लाम नगर निवासी फिरोज से की थी। आरोप है कि बीते 11 अगस्त को उनकी बेटी दूसरे मकान में किसी काम से गई थी। इस दौरान वहां ससुराल पक्ष के लोग पहुंचे और खुशबू को जमीन पर गिराकर उनके मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया। तभी उनकी छोटी बेटी वहां पहुंची और शोर मचा दिया। फिर आरोपी भाग गए। बेटी ने मामले की सूचना पिता को दी और उन्होंने तत्काल बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया। नगर कोतवाली प्रभारी अमित खारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### अदालत में भारतीय ध्वज लगाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का हवाला देते हुए अदालत कक्षों में और यहां के सभी न्यायालय परिसरों के मुख्य द्वारों पर भारतीय ध्वज, न्याय की मूर्ति और राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका (पीआईएल) में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए बड़े उत्साह के साथ भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने का फैसला किया है। दिल्ली के दो निवासियों द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, जब हिन्दुस्तान पर अंग्रेजों का राज था, तब सभी लोगों, चाहे वह किसी भी उम्र, जाति या लिंग के क्यों न हो, स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया और इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को यहां से भागना पड़ा और हिंदुस्तान को आजादी मिली। याचिका में कहा गया है, इसलिए देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने सभी लोगों के सम्मान में देश का झंडा, न्याय की मूर्ति और अशोक स्तंभ को दिल्ली के सभी जिला न्यायालयों में लगाया जा सकता है।

### दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,031 नए मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को कोविड-19 से नौ लोगों की मौत हो गई और संक्रमण के 2,031 नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण की दर 12.34 दर्ज की गई। आज लगातार 11वां दिन है जब शहर में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के दो हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। दिल्ली में शुक्रवार को संक्रमण के 2,136 मामले सामने आए थे और महामारी से 10 लोगों की मौत हो गई थी जो कि पिछले छह महीने के दौरान प्रतिदिन होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा थी। इससे पहले 13 फरवरी को कोविड से 12 मरीजों की मौत हुई थी। दिल्ली में अब तक संक्रमण के 19,82,433 मामले सामने आ चुके हैं और मृतकों की संख्या बढ़कर 26,376 हो चुकी है।

# अश्लील वीडियो बनाकर 10 लाख मांगे, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।



**ऑनलाइन** टिफिन सेवा प्रदाता का नंबर लेना मुसीबत बन गया। फोन पर बात होने के बाद उन्हें रसोई दिखाने के लिए वीडियो कॉल की गई। इसी बीच उनकी एडिट कर अश्लील वीडियो बना ली और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है।वैशाली में रहने वाले पीड़ित मुंबई में एक टिफिन सेवा वाले का नंबर ऑनलाइन तलाश रहे थे। चार अगस्त को एक नंबर पर बातचीत और व्हाटसअप मैसेज के आदान प्रदान के बाद फोन करने वाले ने उन्हें वीडियो कॉल कर रसोई दिखाने का प्रस्ताव दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस दौरान जो वीडियो उन्हें दिखाई गई उससे कुछ भी स्पष्ट नहीं हो रहा था। आरोप है कि इस दौरान फोन करने वाले ने उसके फोन को हैक कर लिया। यहां तक कि वह फ ोन भी अपनी तरफ से बड़ी मुश्किल से काट पाए। इसके बाद उन्होंने नंबर भी ब्लॉक कर दिया, लेकिन छह अगस्त की दोपहर एक व्यक्ति ने फोन करके उन्हें बताया कि वह शिशु कल्याण प्राधिकरण से बोल रहा है और एक बच्ची ने उनका वीडियो भेजा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड होने से रोकने के लिए 10 लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित ने यह नंबर ब्लॉक करते हुए फोन बंद कर लिया। अगले दिन फोन खोलते ही कई मैसेज रंगदारी और धमकी के मिले। इसके बाद पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी इंदिरापुरम देव पाल सिंह पुंडीर ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# दिल्ली में दीवार पर पेशाब करने को लेकर हुई बहस में युवक की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के बेगमपुर इलाके में दीवार पर पेशाब करने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई बहस के बाद चार लोगों ने एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान शाहपुर जाट के मयंक पंवार के रूप में हुई है।

आरोपियों की पहचान कालू सराय के मनीष (19), सावित्री नगर के राहुल (19) जबकि बेगमपुर के आशीष तंवर (20) और सूरज (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उसे बृहस्पतिवार को बेगमपुर डीडीए मार्केट के गेट नंबर तीन के पास एक व्यक्ति को छुरा घोंपने की सूचना मिली। उसे तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

मयंक के दोस्त विकास पंवार ने पुलिस को बताया कि वे दोनों मालवीय नगर के किला बेगमपुर में बैठे थे जब युवकों का एक समूह मयंक के साथ बहस करने लगा। बहस के बाद, वे लोग चले गए लेकिन कुछ ही देर बाद वापस लौट आए और मयंक तथा विकास पर पथराव करने लगे। मयंक और विकास ने भागने की कोशिश की लेकिन उन लोगों ने मयंक का पीछा किया और उसे चाकू मार दिया। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। दक्षिण दिल्ली की पुलिस उपायुक्त बेनिता मैरी जयकर के मुताबिक इस घटना के बाद मनीष भागकर अपने चाचा के यहां बवाना चला गया और अन्य आरोपी बेगमपुर में अपने दोस्त के घर छिप गए। बाद में इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे किला बेगमपुर के पास शराब पी रहे थे और उसी दौरान मयंक एक दीवार पर पेशाब कर रहा था। मनीष की मां ने इसका विरोध किया तो मयंक ने गालियां दीं। मनीष ने बीच-बचाव किया और मयंक को गालियां दीं, जिसके बाद मयंक ने उसे थप्पड़ मार दिया।

### एनकाउंटर में 25 हजार के इनामी को गोली लगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। यहां 25 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, लोनी बॉर्डर थाने की टीम शुक्रवार रात मूवी मैजिक रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो लोगों को रोका गया। उन्होंने बाइक नहीं रोकी और तेज गति से भगाकर ले गए। करीब एक किलोमीटर आगे जाकर पुलिस ने घेराबंदी की तो बाइक सवारों ने फ ायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान अमित निवासी भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। उसका एक साथी अंधेरे में भाग निकला।

# समयसीमा पूरी, नोएडा में नहीं चल सकेंगे 300 पुराने ऑटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में अब 300 पुराने ऑटो नहीं चलेंगे। 15 साल की समयसीमा पूरी होने के कारण परिवहन विभाग ने पंजीकरण निरस्त कर दिया है। एनजीटी के आदेशानुसार दिल्ली.एनसीआर में पुराने वाहनों को चलाने पर पाबंदी है। जिले में 17 हजार से अधिक ऑटो पंजीकृत हैं। सभी सीएनजी ऑटो हैं।

एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि अवधि पूरी कर चुके ऑटो सड़कों पर नहीं चल सकते हैं। इसके अलावा बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर एनजीटी का आदेश भी लागू है। उन्होंने कहा कि पुराने ऑटो का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद भी यदि ऑटो सड़क पर दौड़ते पकड़े जाएंगे तो जब्त कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के कारण जिला प्रशासन द्वारा ऑटो की संख्या निर्धारित है। इसलिए नए परमिट नहीं जारी किए जा रहे हैं। जिन ऑटो के परमिट खत्म हो गए हैं या पुराने होने के कारण पंजीकरण निरस्त कर दिए गए हैं, उनके स्थान पर ही नए ऑटो चालक खरीद सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि अनफि ट और कमियों के साथ दौड़ रहे ऑटो को भी चालक दुरुस्त करा लें। ऐसे ऑटो के खिलाफ भी अभियान प्रवर्तन टीम द्वारा चलाया जा रहा है।

# पॉलिथीन का इस्तेमाल और बेचने वालों पर 33 हजार रुपए जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सिंगल यूज प्लास्टिक/पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को कासना में अभियान चलाया और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वाले किराना मार्ट, ढाबा, रेस्टोरेंट, वाइन शॉप व अन्य दुकानों के 32900 रुपए के चालान काटे गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर जनस्वास्थ्य विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक,पॉलिथीन का इस्तेमाल रोकने के लिए अभियान शुरू किया है। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि शनिवार को टीम ने कासना स्थित मुख्य बाजार में सघन अभियान चलाया और सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों के चालान काटे।

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों से लौटे भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की

## खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में 22 स्वर्ण समेत 61 पदक जीते

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत से एक प्रेरणादायक उपलब्धि के साथ देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है।

मोदी ने अपने निवास स्थान पर भारतीय दल की मेजबानी की। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत 61 पदक जीते। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा , आप सभी वहां मुकाबला कर रहे थे लेकिन समय का अंतर होने के कारण हिंदुस्तान में करोंड़ों भारतीय रतजगा कर रहे थे।

देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नजर थी। बहुत से लोग अलार्म लगाकर सोते थे कि आपके प्रदर्शन का अपडेट लेंगे। खेलों के प्रति इस दिलचस्पी को बढ़ाने में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा, इस बार का हमारे प्रदर्शन का ईमानदार आकलन सिर्फ पदकों की संख्या से संभव नहीं है। हमारे कई खिलाड़ी इस बार करीबी मुकाबले खेलते नजर आए और यह भी किसी पदक से कम नहीं है। उन्होंने कहा, जो खेल हमारी ताकत रहे हैं उनको तो हम मजबूत कर रही रहे हैं। हम नए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं।





### खिलाड़ियों की तुलना आजादी के क्रांतिवीरों से की

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की तुलना भारत की स्वतंत्रता के क्रांतिवीरों से करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि खिलाड़ी देश को सिर्फ एक पदक नहीं या गर्व करने का अवसर ही नहीं देते बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ करते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल की प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निवास पर मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ड़ियों से कहा, आप सभी बाकी क्षेत्रों में भी युवाओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। आप सभी देश को एक संकल्प, एक लक्ष्य के साथ जोड़ते हैं जो हमारी आजादी की लड़ाई की भी बहुत बड़ी ताकत थी। अनगिनत क्रांतिवीरों की भी धारा अलग थी लेकिन लक्ष्य एक था। आप सभी का राज्य, जिला, गांव, भाषा कोई भी हो लेकिन आप भारत के मान अभिमान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा, आजादी की लड़ाई से लेकर आजाद भारत के नवनिर्माण तक जिस भावना से एकजुट होकर लोगों ने प्रयास किया, आप सभी भी उसी भावना से मैदान में उतरते हैं।

### बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**मोदी** ने आगे कहा कि कॉमनवेल्थ में बेटियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। मैंने ओलिंपिक गेम्स के बाद विनेश से कहा था कि निराश होने की जरूरत नहीं है। मुझे खुशी है कि विनेश ने निराशा को आशा में बदलने में सफल हुई हैं। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। जूडो, कुश्ती, बॉक्सिंग हर क्षेत्र में बेटियों

### पीएम ने हॉकी टीम की सराहना की

**हॉकी** में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, उसके लिए मैं दोनों टीमों के प्रयास, मेहनत और मिजाज की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नए खेलों में जीत का नया रास्ता बनाया। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है जिससे नए खेलों में युवाओं का रूझान बढ़ने वाला है। इसी तरह नए खेलों में प्रदर्शन सुधारते चलना है। उन्होंने कहा, सभी सीनियर खिलाड़ियों ने उम्मीद के अनुसार लीड किया और युवाओं ने तो कमाल ही कर दिया। मेरी खेलों से पहले जिन युवा साथियों से बात हुई थी, उन्होंने अपना वादा निभाया।

# मेरे जीवनकाल में नहीं खत्म होगा टेस्ट क्रिकेट : इयान चैपल



### आईएलटी20 लीग में खेलने के लिए अनापत्ति पत्र मांगने के मुद्दे पर बोले चैपल

एजेंसी। नई दिल्ली

**आस्ट्रेलिया** के महान क्रिकेटर इयान चैपल निश्चित हैं कि टेस्ट क्रिकेट उनके जीवनकाल में खत्म नहीं होगा लेकिन उन्होंने हैरानी जताई कि टी20 लीग के फलने फूलने के बीच क्या सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भविष्य में इसे खेलेंगे। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि दुनिया भर में तेजी से बढ़ती टी20 लीग के चलते अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सामने खिलाड़ियों को बरकरार रखने की चुनौती हैं।

चैपल ने कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे जीवनकाल में खत्म नहीं होगा। लेकिन इसे कौन खेल रहा होगा? यह सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, अगर आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेल रहे तो क्या टेस्ट क्रिकेट देखने लायक होगा? इसका जवाब शायद नहीं होगा। टेस्ट क्रिकेट एक अच्छा खेल है लेकिन इसे अच्छी तरह खेला जाना चाहिए। चैपल ने क्रिस लिन के क्रिकेट आस्ट्रेलिया से संयुक्त अरब अमीरात की आईएलटी20 लीग में खेलने के लिए अनापत्ति पत्र (एनओसी) मंगाने के मुद्दे के बारे में भी बात की। लिन ने इस लीग में खुद को मार्की खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत कराया है लेकिन लीग में खेलने के लिए उन्हें क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से अनापत्ति पत्र की जरूरत होगी। लेकिन शायद उन्हें यह नहीं मिलेगा क्योंकि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट भी इसी समय अपनी बिग बैश लीग आयोजित करता है।

### चैपल बोले, अगर वह लिन की जगह होते तो उन्हें एनओसी नहीं मिलती

**चैपल** ने कहा कि अगर वह लिन की जगह होते और उन्हें एनओसी नहीं मिलती तो वह सीए को अदालत खींच कर ले गए होते। उन्होंने कहा, तब आप विश्व सीरीज क्रिकेट के दिनों में लौट जाते, जिसमें उन्होंने बोर्ड को व्यापार में नियंत्रण के चलते अदालत में खींच लिया था। क्या यह व्यापार में नियंत्रण है? चैपल ने कहा, क्रिस लिन के मामले में अगर अगर उसे क्रिकेट आस्ट्रेलिया या क्रिकेट क्वींसलैंड से अनुबंध नहीं मिला है तो उसे कैसे रोक सकते हो? अगर मैं क्रिस लिन होता और मैं यूएई में खेलना चाहता तो मैं उन्हें अदालत में खींच ले जाता। यह व्यापार में नियंत्रण होगा ही।

## संक्षिप्त समाचार

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर श्रृंखला में बढ़त ली

**बेलफास्ट।** आयरलैंड ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मैच में पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त ले ली। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन आठ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। उसके लिए हशमतुल्लाह शाहिदी ने 42 गेंद में 36 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल, मार्क एडेयर, कुर्टिस कैंफर और जेरेथ डेलानी ने दो दो विकेट लिए। आयरलैंड ने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (चार) का विकेट गंवाया जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इसके बाद कप्तान एंडी बालबर्नी और लोरकान टकर ने दूसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। बालबर्नी ने 36 गेंद में 46 और टकर ने 28 गेंद में 27 रन बनाए। जॉर्ज डॉकरेल ने 25 रन की नाबाद पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद नबी ने दो विकेट लिए।

### पुजारा के 79 गेंद में 107 रन के बावजूद हारा ससेक्स

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 79 गेंद में 107 रन बनाए लेकिन उनकी काउंटी टीम ससेक्स रॉयल लंदन वन डे कप के मैच में वार्विकशर से चार रन से हार गई। पुजारा ने एक ओवर में 22 रन निकालते हुए अपना शतक पूरा किया। जीत के लिए 311 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम हालांकि चार रन से चूक गई। पुजारा ने मध्यम तेज गेंदबाज लियाम नोर्वेल को 45वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। वह 49वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुए। ससेक्स की टीम सात विकेट पर 306 रन ही बना सकी। वहीं स्टार हरफनमौला कृणाल पंड्या ने वार्विकशर के लिए तीन विकेट लिए जिनमें से दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। पंड्या ने अली ओर (81), टॉम क्लार्क (30) और डेलरे रॉलिंस (11) के विकेट चटकाए।

### न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर श्रृंखला में बढ़त ली

**किंगस्टन।** ग्लेन फिलिप्स के 33 गेंद में अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टी20 क्रिकेट में अपना पांचवां अर्धशतक बनाने के बाद फिलिप्स ने 40 गेंद में 76 रन बनाकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 215 रन तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के और चार चौके लगाए।वेस्टइंडीज टीम जवाब में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। फिलिप्स ने तीसरे विकेट के लिए डेवोन कोंवे (42 रन) के साथ 71 रन जोड़े। उन्होंने डेरिल मिशेल के साथ 83 रन की साझेदारी की। मिशेल ने 20 गेंद में 48 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने छह विकेट 40 रन पर गंवा दिए थे जिसके बाद सातवें विकेट के लिए रोमारियो शेफर्ड और रोवमैन पॉवेल ने 35 रन जोड़े। हेडन वॉल्श और ओबेद मैकॉय ने आखिरी विकेट के लिए 38 रन की नाबाद साझेदारी की। तीसरा और आखिरी टी20 मैच रविवार को यहीं खेला जाएगा जिसके बाद तीन मैचों की वनडे श्रृंखला होगी।

### रूड ने मांट्रियल ओपन में ओगर एलियास्सिमे को हराया

**मांट्रियल।** चौथी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर क्वाार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी फेलिक्स ओगर एलियास्सिमे को 6-1, 6-2 से हरा दिया। वह सत्र में तीसरी बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब आठवीं वरीयता प्राप्त पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 7-6, 6-7, 6-1 से हराया। ब्रिटेन के डेनियल इवांस ने अमेरिका के टॉमी पॉल को 1-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी और स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने ब्रिटिश क्वालीफायर जैक ड्रेपर को 7-6, 6-1 से मात दी।

### 17 साल में पहली बार मेस्सी बलोन डिओर के नामांकन में नहीं

**नियोन।** सात बार के बलोन डिओर विजेता लियोनेल मेस्सी 2005 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित 30 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर ने पिछले साल पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोवस्की को हराकर पुरस्कार जीता था। पेरिस सेंट जर्मेन के साथ पहले सत्र में औसत प्रदर्शन के कारण उन्हें इस बार नामांकन नहीं मिला है। मेस्सी ने 2019 में भी यह पुरस्कार जीता था लेकिन 2020 में कोरोना महामारी के कारण यह पुरस्कार नहीं दिया गया था। नेमार भी इस बार शीर्ष 30 में जगह नहीं बना सके हैं। लेवांडोवस्की, काइलियान एमबाप्पे, करीम बेंजीमा, पांच बार के विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम सूची में हैं। इसमें मोहम्मद सालाह, सादियो माने, केविन डि ब्रूइन और हैरी केन के भी नाम हैं।

### दीक्षा और अदिति ने हांडा आमंत्रण टूर्नामेंट के कट में जगह बनाई

**गैलगॉर्म।** भाषा भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक आईएसपीएस हांडा विश्व आमंत्रण टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद कट में जगह बनाने में सफल रही। दीक्षा ने दूसरे दौर में चार बोगी और इतने ही बर्डी के साथ इवन पार 72 का कार्ड खेला। वह संयुक्त रूप से 45वें स्थान पर है। अदिति ने पार 73 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक हालांकि कट में जगह बनाने से चूक गई उन्होंने दो दौर में 77 और 76 का स्कोर किया।। इस प्रतियोगिता में शुरूआती दो दौर में खिलाड़ी दो अलग-अलग कोर्स पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसमें में एक का पार स्कोर 73 और दूसरे में 72 है।

### महिंद्रा कार ने फार्मूला-ई सियोल में पाई पोजिशन

**सियोल।** भारतीय कार निर्माता महिंद्रा की रेसिंग टीम के ओलिवर रौलेंड ने एफआईए एबीबी फार्मूला ई सियोल ई-प्री में शुरुआती दो रेस में पोल पोजीशन (शीर्ष तीन में) हासिल किया। रौलेंड ने महिंद्रा के फार्मूला ई में 100वें रेस को यादगार बनाते हुए 30 महिंद्रा एम8इलेक्ट्रो कार से दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के इस ड्राइवर ने बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में कार पर शानदार नियंत्रण दिखाते हुए पोल पोजीशन हासिल किया। उन्होंने इस रेस से 21 अंक जुटाए, जिससे टीम ने ओवरऑल तालिका में एक स्थान का सुधार किया।

### मेरे करियर में यह नए युग की ओर पहला कदम है : विजेंदर

**रायपुर।** भारत के शीर्ष मुक्केबाज विजेंदर सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रभावित करने वाले रिकॉर्ड और संन्यास की सलाह दिए जाने से बिल्कुल भी परेशान नहीं हैं और उनका कहना है कि वह घाना के इलियासु सुले के खिलाफ आगामी भिड़ंत से अपने पेशेवर करियर के नए चरण में प्रवेश करेंगे। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर पिछले एक वर्ष से मैनचेस्टर में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह मुकाबले के लिए तैयार हैं। विजेंदर ने कहा, यह मेरे पेशेवर मुक्केबाजी करियर में नए युग की ओर पहला कदम है।

# कोको गॉ को हराकर टोरंटो सेमीफाइनल में पहुंची हालेप

एजेंसी। टोरंटो

**दो बार** की चैम्पियन सिमोना हालेप ने अमेरिका की कोको गॉ को 6-4, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रोमानिया की 30 वर्ष की हालेप ने 2016 और 2018 में मांट्रियल में यह टूर्नामेंट जीता था।

अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-3 से मात दी। ब्राजील की बीट्रिज एच माइया ने स्विटजरलैंड की 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक से होगा। वहीं चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा की टक्कर चीन की झेंग किंवेन से होगी।



# फेडेक्स सेंट जूड चैम्पियनशिप में कट से चूके लाहिड़ी

**मेम्फिस।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी फेडेक्स सेंट जूड चैम्पियनशिप में कट में प्रवेश से चूक गए और अगले सप्ताह बीएमडब्ल्यू चैम्पियनशिप खेलने के लिए अब उन्हें सप्ताहांत के नतीजों का इंतजार करना होगा।

लाहिड़ी ने एक अंडर 69 का स्कोर किया और दो शॉट से चूक गए। दो दौर के बाद वह 80वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी अब फेडेक्स रैंकिंग में 70वें स्थान पर खिसक जाएंगे जबकि सप्ताह की शुरूआत में 63वें स्थान पर थे। फेडेक्स जूड चैम्पियनशिप के बाद शीर्ष 70 ही बीएमडब्ल्यू चैम्पियनशिप खेलेंगे।

## कोरोना का टीका नहीं लगवाने के चलते

# ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच सिनसिनाटी ओपन से बाहर

एजेंसी। सिनसिनाटी

**21 बार** के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण अमेरिका की यात्रा नहीं कर सकेंगे और इसी वजह से सिनसिनाटी ओपन हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से उन्हें पीछे हटना पड़ा। वह इस साल अमेरिकी ओपन भी नहीं खेल पाएंगे जो न्यूयॉर्क में 29 अगस्त से शुरू हो रहा है। सर्बिया के 35 वर्ष के जोकोविच पहले भी कह चुके हैं कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका नहीं लगवाएंगे। इसी वजह से वह जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिका में दो टूर्नामेंट नहीं खेल सके। मांट्रियल में चल रहे टूर्नामेंट से भी वह बाहर हैं क्योंकि अमेरिका और कनाडा में उन्हें प्रवेश वर्जित है जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, गाएल मोफिल्स, रीली ओपेल्का और डोमिनिक थीम भी चोट के कारण नहीं खेलेंगे। सेरेना विलियम्स यहां खेल रही है और टूर पर यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।



# अनिल खन्ना ने निलंबन के खतरे को खारिज किया

## सितंबर में लुसाने जाएगा आईओए प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी। नई दिल्ली

**निलंबन** के खतरे को खारिज करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने शनिवार को कहा कि तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अगले महीने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मुख्यालय जाकर आईओसी को चुनाव के संबंध में मौजूदा स्थिति से अवगत कराएगा।

चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की आईओसी की चेतावनी के हफ्तों बाद खन्ना ने कहा कि आईओए देश का कानून और खेल कोड मानने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, आईओसी के आईओए को निलंबित करने की चेतावनी संबंधी रपटों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि भारत इतना छोटा देश नहीं है कि उसे धमकाया जा सके। भारत बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा, आईओए देश के कानून और खेल कोड के प्रति प्रतिबद्ध है। हमने आईओसी को बता दिया है कि हम उसकी हर धारा का पालन करेंगे। हमारी बात सुनी जानी चाहिए। आईओए चुनाव पिछले साल दिसंबर में होने थे लेकिन चुनावी प्रक्रिया में बदलाव के कारण नहीं हो सके। खन्ना ने कहा कि आईओए प्रतिनिधिमंडल में वह, महासचिव राजीव मेहता और कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे होंगे जो एक और दो सितंबर को लुसाने जाएंगे।



# टेबल टेनिस खिलाड़ी के ऑनलाइन उत्पीड़न पर मामला दर्ज

एजेंसी। हैदराबाद

**टेबल** टेनिस खिलाड़ी नैना जायसवाल की सोशल मीडिया पर कथित उत्पीड़न की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जायसवाल के पिता ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि इसमें महिला का अपमान, गलत इशारा करना जैसे मामले दर्ज हुए है।

उन्होंने कहा कि चूंकि मामला जमानती है, इसलिए आरोपी को सीआरपीसी की धारा 41 (पुलिस अधिकारी के समक्ष पेशी) के तहत नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि किसी मामले में सात साल से कम कारावास की सजा होने पर आरोपी को गिरफ्तार किए बिना नोटिस दिया जाना चाहिए। नैना के पिता अश्विनी कुमार ने कहा कि उनकी बेटी पिछले करीब दो महीने से उत्पीड़न का सामना कर रही है। नैना एक अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी होने के अलावा अकादमिक उत्कृष्टता हासिल की है और वह एक प्रेरक वक्ता भी हैं।



# आईओए ने राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को यहां एक समारोह में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रत्येक स्वर्ण पदक विजेता को 20 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया, जबकि रजत और कांस्य विजेताओं को 10 लाख रुपये और 7.5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे, और बर्मिंघम खेलों के भारत के शेफ डे मिशन (दल प्रमुख) राजेश भंडारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर खन्ना ने भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन की सराहना की, जिससे देश बहु-खेल स्पर्धा से निशानेबाजी की गैरमौजूदगी के बावजूद पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

# भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से बेहतर तेज गेंदबाज: पोंटिंग

## एशिया कप को लेकर आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर ने दिया बयान

एजेंसी। दुबई

**आस्ट्रेलिया** के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने एशिया कप की टीम में मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति के बारे में कहा कि वह लंबे प्रारूप के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं क्योंकि भारत की टी20 टीम में उनसे बेहतर कई तेज गेंदबाज हैं। भारत ने भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह को तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के तौर पर चुना है जिसमें आल राउंडर हार्दिक पंड्या 15 सदस्यीय टीम में चौथे गेंदबाज हैं।

दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के ताजा एपिसोड में कहा, वह (शमी) भारत के लिए काफी लंबे समय से बहुत बहुत अच्छा गेंदबाज रहा है। अगर आप उसकी काबिलियत देखो तो वह टेस्ट क्रिकेट में शायद सबसे ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करता है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से कहीं बेहतर तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने एशिया कप के लिए केवल तीन का ही चयन किया है। इसलिए अगर टीम में संभावित चार नाम होते तो वह चौथे तेज गेंदबाज हो सकते थे। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों से उबर रहे हैं तो कईयों को लगता है कि शमी को एशिया कप में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा करने के लिए शामिल किया जाना चाहिए था। एशिया कप 27 अगस्त से 11 सितंबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा और पोंटिंग ने भारत को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार बताया। पोंटिंग ने कहा, एशिया कप ही नहीं बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को पछाड़ना हमेशा ही मुश्किल होता है, लेकिन मुझे लगता है कि हर बार हम टी20 विश्व कप के बारे में बात करते हैं जो आने ही वाला है। इसमें भी भारत मजबूत टीम होगी।





### कहा, भारत एशिया कप में जीतेगा

**उन्होंने** कहा, उनकी टीम में गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों से कहीं बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच एक दशक से द्विपक्षीय श्रृंखला आयोजित नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमें इसकी कमी महसूस हुई है, ऐसा नहीं है क्या? जरा पिछले 15 या 20 साल को देखो। उन्होंने कहा, क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर जब भी इस तरह की भिड़ंत होती है तो हमेशा इन्हें बैठकर देखना अच्छा लगता है क्योंकि इसमें थोड़ा उत्साह अधिक होता है। पोंटिंग ने कहा, प्रतिद्वंद्विता की बात आती है तो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज टेस्ट क्रिकेट शीर्ष पर है। मुझे पूरा भरोसा है कि भारत और पाकिस्तान के लोग भी इसके बारे में यही कहेंगे।

# शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने मेरा सर्वश्रेष्ठ लाने में मदद की: ज्योति

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ज्योति ने कहा कि मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने खेल में काफी सुधार करने में मदद की जिससे वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहीं। ज्योति उस भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं जिसने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल का पदक सूखा खत्म कर यादगार कांस्य पदक जीता।

उन्होंने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने मुझे मेरे खेल में सुधार करने में सचमुच काफी मदद की। अब मैं काफी आत्मविश्वास से खेलती हूं और मेरे प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। ज्योति ने कहा, कोचिंग स्टाफ ने मैदान में कुछ अलग करने के लिए मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ाया है। शॉपमैन के प्रभाव पर उन्होंने कहा, यानेके ने मुझे मेरे खेल में सुधार करने में मदद की है। उन्होंने मुझे सिखाया कि खेल को खुद के लिए आसान किस तरह बनाया जाए। अब मैं गेंद के बारे में ज्यादा विचार नहीं करती। उन्होंने कहा, अभ्यास सत्र के दौरान उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण से मेरे कौशल में निखार हुआ है।

पहले राष्ट्रमंडल खेलों के बारे में उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेल मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण थे क्योंकि टीम के लिए यह मेरा पहला बहु-स्पर्धा टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा, कांस्य पदक जीतने से हम सभी काफी खुश थे और गर्व महसूस कर रहे थे क्योंकि यह हर किसी के प्रयास का सही पुरस्कार था। कांस्य पदक ने इस पदार्पण को मेरे लिए दोगुना विशेष बना दिया।



आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचने पर
मुख्यातिथि कार्तिकेय शर्मा राज्यसभा सांसद व आप सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक आभार




डॉ. विजय सिंह नंबरदार
चेयरमैन रॉयल ग्रुप ऑफ एजुकेशन एवं समाज सेवी
मेयर पद के जन पंचायती उम्मीदवार (नगर निगम मानेसर)





75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव

स्वतंत्रता दिवस व
कृष्ण जन्माष्टमी की
सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





आजादी के अमृत महोत्सव में **देश के हर घर में**
लहराएगा तिरंगा
13-15 अगस्त, 2022 तक मनाया जा रहा



हर घर तिरंगा अभियान

बोधराज सीकरी
प्रांत भाजपा कार्यकारिणी सदस्य | उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत सी. एस. आर ट्रस्ट
सदस्य, प्रांत कोविड वॉलंटियर्स कमेटी सदस्य, सड़क सुरक्षा कमेटी |
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

